सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 30 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 145, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1092 अंकों की गिरावट

अनिश्चितता के बीच सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 24,550 अंक से नीचे बंद हुआ। } 10

भारत-अमेरिका के बीच और मजबूत होंगे रिश्ते

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गोलमेज बैठक में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति शृंखला साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। } 12

चार दिन में ही पाक ने टेक दिये थे घुटने : राजनाथ

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक स्मारक पुस्तक का शुक्रवार को विमोचन किया, जिसमें पिछले वर्ष हुए इस निर्णायक सैन्य अभियान में शामिल 100 अधिकारियों, नाविकों और वायु सैनिकों की व्यक्तिगत गवाही को संकलित किया गया है। सिंह ने इस अभियान को अभूतपूर्व सफलता बताते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान को चार दिनों के भीतर संघर्षविराम की मांग करने के लिए मजबूर कर दिया था। रक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया यह भारत द्वारा अब तक लड़े गए सभी युद्धों से अलग था। स्मारक प्रकाशन ऐतिहासिक विवरण से परे जाकर बहादुर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को भी दर्शाता है। यह आधुनिक युद्ध के मानवीय आयाम की भी जानकारी देता है, जहां नेतृत्व, साहस, दबाव में निर्णय लेने की क्षमता और प्रतिबद्धता रणनीति को सफलता में बदल देती है।

उन्होंने यहां विमोचन समारोह की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जो प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। मंत्रालय ने कहा यह विवरण सेना के तीनों अंगों के साथ-साथ मुख्यालय, इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ से भी जुड़े हैं और ...शेष पृष्ठ 10 पर

आंधी-बारिश व आकाशीय बिजली से 32 की मौत

मुख्यमंत्री योगी की अपील- खराब मौसम में रखें विशेष सतर्कता और अनावश्यक यात्रा से बचें, रेड अलर्ट जारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी समेत प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच गुरुवार को देर रात मौसम ने अचानक करवट बदला इससे पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में तेज हवाओं, गरज-चमक और झमाझम बारिश ने मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी यूपी व अन्य कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। कई जिलों में तेज आंधी, भारी बारिश और आकाशीय बिजली ने जमकर तबाही मचाई। शुक्रवार तड़के सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। बाइक मलबे में दब गईं। 2 पर्यटकों की मौत हो गई। जिलों से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जिलों में करीब 16 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में जाकर सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और राहत राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मुआवजा वितरण, राहत शिविरों, बचाव अभियान और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने को भी कहा गया है, ताकि आमजन तक सही और समयबद्ध सूचना पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। आंधी से भुआ के पास बिजली का तार टूट कर ओएचई लाइन पर गिरने से कानपुर-झांसी रेलवे ट्रैक नौ घंटे बाधित रहा। अमृत भारत व पुष्पक समेत आठ ट्रेनों को स्टेशनों पर रोका गया। आंधी से दो महिलाओं की मौत हो गई। पांच लोग गंभीर चोटिल हैं। दस हजार से अधिक पेड़ गिरे हैं। पांच सौ से अधिक बिजली के खंभे जिले भर में गिरे हैं। करीब बीस घंटे बिजली गुल रही। आंधी बारिश से करीब तीन सौ मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। ग्राम बड़खेरा निवासी 50 वर्षीय जगत सिंह खेत की रखवाली करने गया था। आंधी व बूंदाबांदी से बचने के लिए वह देर रात आम के पेड़ के नीचे बैठ गया। तभी आकाशीय बिजली गिरी और उसकी मृत्यु हो गई। उधर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदपुरा निवासी 43 वर्षीय प्रधान कीरतराज छत पर थे, तभी आंधी चली और नीचे उतरने लगे। सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गए। सीएचसी जैतपुर ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

इस्तीफा देने के बाद राहुल गांधी से मिले सिद्धरमैया

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। सिद्धरमैया के साथ उनके बेटे यतींद्र भी थे। सोनिया गांधी के आवास 10, जनपथ पर राहुल गांधी के साथ हुई बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया जाता है कि सिद्धरमैया ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का अपना वादा पूरा कर दिया है, जिससे कर्नाटक में सत्ता हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं और दक्षिणी राज्य (कर्नाटक) में नयी सरकार के गठन पर चर्चा की। वह राज्यसभा सीट के प्रस्ताव को पहले ही नकार चुके हैं। सिद्धरमैया यह भी कह चुके हैं कि वह कर्नाटक में ही रहना चाहते हैं और पार्टी आलाकमान द्वारा सुझाई गई केंद्रीय भूमिका में उनकी रुचि नहीं है।

रूस के उप प्रधानमंत्री मंटुरोव से मिले डोभाल

मॉस्को। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने यहां रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव से मुलाकात की और रक्षा एवं ऊर्जा समेत प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्गों में समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएं और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को लेकर प्रमुख शक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच बृहस्पतिवार को यह बैठक हुई। डोभाल बुधवार को मॉस्को पहुंचे थे, जहां उन्होंने पहले अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच और सुरक्षा मामलों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 14वीं बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने रूस के अपने समकक्ष सर्गेई शोइगु और बाद में मंटुरोव के साथ अलग से बैठकें कीं।

अब प्रदेश में माफिया का भय खत्म : योगी

धार्मिक आयोजन में व्यवधान डालने वालों की रावण व कंस जैसी दुर्गति तय माफिया के सामने नाक रगड़ती थी सपा सरकार

विशेष/जिला संवाददाता

मऊ/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ की धरती से माफिया को फिर खुली चुनौती दी। उन्होंने दो टूक कहा कि अब किसी माफिया व गुंडे में दुस्साहस नहीं है कि त्योहारों में उपद्रव कर दे। यदि किसी ने रामलीला, यज्ञ-कथा, जन्माष्टमी, रामनवमी, शिवरात्रि, रक्षाबंधन आदि धार्मिक आयोजनों में व्यवधान डाला तो उसकी रावण व कंस जैसी दुर्गति तय है। किसी ने बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो उसका इंतजार यमराज ही करेंगे। अब कोई माफिया खुली जीप में चलकर पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ के गांधी मैदान में 392 करोड़ से अधिक लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मऊ को क्रांतिधरा बताते हुए साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय, समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, मऊ को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने पूर्व राज्यपाल फागू चौहान का भी जिक्र किया और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है। यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। सड़क या पुल जाति पूछकर नहीं चलने देते, स्वास्थ्य केंद्र जाति पूछकर उपचार और बाढ़ सुरक्षा के कार्य जाति पूछकर बचाव नहीं करते। जब अच्छे लोग चुने जाते हैं तो अच्छी सरकार आती है। जब गलत लोग चुने जाते हैं तो सुरक्षा में सेंध लगती है, जन विकास में लगने वाले पैसे में डकैती और बेटी-व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का यही हाल था। जिन लोगों की आयु 30-35 वर्ष से ऊपर है, वे भूले नहीं होंगे कि 21 वर्ष पहले 2005 में भरत-मिलाप कार्यक्रम पर दंगा कर मऊ को जलाने का प्रयास हुआ था। सत्ता के संरक्षण में माफिया रामलीला आयोजन में व्यवधान पैदा कर निर्दोष हिंदुओं का कत्लेआम कर रहे थे। माफिया को देखकर सपा का पसीना छूटता था, इनके मुंह से आवाज नहीं निकलती थी। माफिया के सामने नतमस्तक व नाक रगड़ने वाली सरकार मौन थी और यहां की सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का तांडव था। जनता यदि चंदा जुटाकर रामलीला, रामनवमी, यज्ञ, जन्माष्टमी, शिवरात्रि का आयोजन करती थी तो उसमें व्यवधान पैदा किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

नये भारत के निर्माण को समर्पित रहे हैं मोदी सरकार के 12 वर्ष : सीएम

लखनऊ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 05 जून से 21 जून तक विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को समर्पित व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और विकास की परिवर्तनकारी यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसे व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलेगा विशेष अभियान

एलपीजी के लिए 30 दिन के भंडारण की तैयारी

नयी दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे एलपीजी (रसोई गैस) का इतना भंडारण तैयार करें कि कम से कम 30 दिनों की मांग पूरी की जा सके। यह कदम पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बाद उठाया गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारण को मजबूत करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को कम-से-कम 30 दिन की एलपीजी जरूरत को पूरा करने के लिए अतिरिक्त भंडारण की योजना बनाने को कहा गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। फरवरी अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के कारण भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर असर देखने को मिला है। इसकी वजह यह है कि भारत में कच्चे तेल का करीब 40 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 65 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से आता है।

हमीरपुर : निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, छह की मौत

सीएम योगी ने मृतक आश्रितों को दी 5-5 लाख की सहायता

जिला संवाददाता

हमीरपुर। प्रदेश के हमीरपुर जिले में शुक्रवार तड़के तेज आंधी के दौरान बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरने से छह श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक यह हादसा हमीरपुर जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर लालपुरा थाना क्षेत्र के परसानी और कंदौर गांवों के बीच तड़के लगभग तीन बजे हुआ। घटना के समय कई श्रमिक पुल के स्लैब के ऊपरी हिस्से पर सो रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

हमीरपुर के जिलाधिकारी अभिषेक गोयल और पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक घटनास्थल पर पहुंचे तथा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी गोयल ने संवाददाताओं को बताया कि दो वर्ष पहले शुरू हुई ...शेष पृष्ठ 10 पर

ईडी ने कुर्क की 634 करोड़ की संपत्ति

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने नोएडा में यूनिटेक समूह की एक प्रमुख रियल एस्टेट परियोजना की 634 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्वाई घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत की गई है।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 96, 97 और 98 में स्थित यूनिटेक गोल्फ एंड कंट्री क्लब (यूजीसीसी) परियोजना से जुड़ी संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया है। बयान में कहा गया कि इस कुर्की में 347.83 एकड़ भूमि पर पट्टे के अधिकार और सनग्रेस प्रोडक्ट्स (इंडिया) प्राइवेट ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखण्ड : भाजपा ने विस चुनाव के लिए कसी कमर

राष्ट्रीय नेतृत्व का संगठन विस्तार पर जोर नितिन नबीन ने सांसद-विधायकों से की चर्चा

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने उत्तराखंड में अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक तैयारियों को और तेज कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने देहरादून में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के साथ विस्तृत बैठक कर चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में खास तौर पर बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने, जनसंपर्क को मजबूत करने और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ समन्वय स्थापित करने पर फोकस किया गया। तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले दिन पार्टी कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारियों से मुलाकात कर जमीनी फीडबैक लिया। इसके बाद दूसरे दिन आयोजित बैठकों में उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग चरणों में चर्चा कर आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासित संगठन और बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 42.06 डिसे.

न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- 1.40 लाख स्कूलों का होगा सुरक्षा ऑडिट (पृष्ठ-02)
- नमामि गंगे विभाग में कार्मिकों को मिली मनचाही तैनाती (पृष्ठ-02)
- रुपया 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- 150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला का लक्ष्य (पृष्ठ-10)
- आयात-निर्यात में रुपये का इस्तेमाल बढ़ा (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

सेवा में बने रहने के लिए परीक्षा पास करने की समय सीमा 31 अगस्त, 2028 तक बढ़ी

सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दोहराया कि सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इसी के साथ न्यायालय ने सेवा में बने रहने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने की समय सीमा 31 अगस्त, 2028 तक बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट मामले में अदालत के पहले के फैसले को चुनौती देने वाली कई राज्य सरकारों, शिक्षक संघों और व्यक्तिगत शिक्षकों द्वारा दायर 65 से अधिक पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय के 2025 के उस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की थी जिसमें कहा गया था कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के लागू होने से पहले नियुक्त सेवारत शिक्षकों, जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक का समय शेष है, को एक सितंबर, 2025 से दो वर्षों के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। एक आदेश में न्यायालय ने कहा संबंधित अधिकारियों द्वारा टीईटी परीक्षा शीघ्रता से आयोजित की जानी चाहिए, क्योंकि इसके लिए आवश्यक समय और संसाधन सीमित हैं, इसलिए हम समय सीमा को दो वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष करते हैं, और मूल रूप से निर्देशित 31 अगस्त, 2027 के बजाय 31 अगस्त, 2028 तक योग्यता प्राप्त करनी होगी। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि समय में कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा। टीईटी की आवश्यकता को कानून का पूर्वव्यापी अनुप्रयोग मानने वाले तर्क को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि आरटीई अधिनियम के वैधानिक ढांचे में स्पष्ट रूप से यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

अगले वर्ष कम्प्यूटर से करायी जायेगी नीट-यूजी परीक्षा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि केंद्र से परामर्श करने के बाद वह अगले साल से पेन और पेपर के बजाय सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) के जरिये नीट-यूजी आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नीट आयोजित करने वाली एनटीए ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष यह बयान दिया। उच्चतम न्यायालय इस मुद्दे पर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। इन याचिकाओं में से एक में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पुनर्गठन या प्रतिस्थापन करने और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करने के वास्ते एक मजबूत एवं स्वायत्त प्रणाली बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एनटीए ने तीन मई को नीट परीक्षा आयोजित की थी, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इक्कीस जून को पुनर्परीक्षा निर्धारित की ...शेष पृष्ठ 10 पर

चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत

आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में दी जानकारी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है और मजबूत वृहद आर्थिक आधार चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि को सहारा देंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट के अनुसार, ऊंची ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति शृंखला में बाधाओं और वैश्विक बाजारों से आने वाली चुनौतियों के बावजूद कंपनियों एवं बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते तथा सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर भारत की मजबूत वृद्धि गति के लिए अनुकूल है। इसमें कहा गया है कि 2026 में भू-राजनीतिक जोखिम वैश्विक वृद्धि के लिए प्रमुख बाधा बनकर उभरा है। फरवरी 2026 के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने का असर वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, मध्यम वैश्विक वृद्धि के परिदृश्य के बीच 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष नकारात्मक जोखिम पैदा कर सकता है। इसमें ...शेष पृष्ठ 10 पर

जन्मभूमि के ऋण से मुक्त होना ही सच्ची देशभक्ति : सीएम

जन्मभूमि और मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं हो सकता, गांव आत्मनिर्भर बनेंगे तभी विकसित भारत का सपना होगा साकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/मऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ जिले के गांव ताजोपुर स्थित ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्मभूमि के ऋण से मुक्त होना ही सच्ची देशभक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह ने भारतीय सेना में 35 वर्षों तक सेवा देने और देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्य करने के बाद अपनी जन्मभूमि लौटकर जो कार्य किया है, वह केवल संस्थान निर्माण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना और विभिन्न संस्थानों में वर्षों सेवा देने के बाद ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह का अपने गांव लौटकर वहां अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, फामेर्सी कॉलेज, आईटीआई और सैनिक पब्लिक स्कूल जैसे संस्थानों की स्थापना करना पूरे देश के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह वही भाव है, जिसे हमारे शास्त्रों में ह्यजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीह्व कहा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि लंका विजय के बाद जब लक्ष्मण ने स्वर्णमयी लंका की समृद्धि की चर्चा की थी, तब भगवान श्रीराम ने कहा था, अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही भारतीय संस्कृति का मूल दर्शन है। चाहे व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न बन जाए, उसकी जन्मभूमि और मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह ने इसी आदर्श को अपने जीवन में उतारा है। भारतीय सेना के आर्मी मेडिकल कोर में वर्षों तक सेवा देने के बाद उन्होंने अपनी जन्मभूमि ताजोपुर लौटने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव लौटकर उन्होंने जिस प्रकार स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के केंद्र खड़े किए हैं, वह ग्रामीण भारत के लिए विकास का आदर्श मॉडल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका ब्रिगेडियर पी.एन. सिंह से संबंध लगभग 15-16 वर्ष पुराना है। तभी से वे उनके समाजसेवा और राष्ट्रसेवा से जुड़े कार्यों के बारे में सुनते रहे हैं और आज उन्होंने अपनी आंखों से इसे देखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ताजोपुर में स्थापित ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल केवल एक अस्पताल नहीं है, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने वाला बड़ा केंद्र है। इसी प्रकार सैनिक नर्सिंग कॉलेज के माध्यम से एएनएम, जीएनएम, पोस्ट बेसिक बीएससी और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कराई जा रही है। फामेर्सी कॉलेज के माध्यम से डी.फार्मा और बी.फार्मा की शिक्षा दी जा रही है, जबकि आईटीआई के जरिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। सैनिक पब्लिक स्कूल क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संस्थान केवल भवन नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ हैं। यहां रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार मिल रहा है और बड़ी संख्या में परिवारों की आजीविका इन संस्थानों से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि एक समय पहचान के संकट से जूझने वाला मऊ आज इन संस्थानों की वजह से नई पहचान प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पंच प्रण का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया था कि जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करे, तब वह विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व के सामने खड़ा हो। इसके लिए हर भारतीय को पांच प्रण लेने होंगे। पहला प्रण हमारी विरासत पर गर्व करने का है। हम राम, कृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई जैसे महानायकों के वंशज हैं। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह: सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। देश में कृषि, राजस्व के क्षेत्र में तमाम रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत व खलिहालों से होकर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए। शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। चौधरी चरण सिंह द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में चौधरी चरण सिंह सीड पार्क का निर्माण भी महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख राजनेता होने के साथ ही उन्होंने देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 29 मई 1987 को उनका देहावसान हुआ। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

यूपी में नमामि गंगे विभाग में कार्मिकों को मिली मनचाही तैनाती

- 170 कर्मचारियों और अधिकारियों के किए गए ट्रांसफर

लखनऊ। सरकारी विभागों में तबादलों का दौर शुरू हो गया है इस दौरान किसी भी तरह का भ्रष्टाचार न हो और कार्मिकों को मेरिट के आधार पर तैनाती मिले। इसके तहत शुक्रवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने एक अनूठी पहल शुरू की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में आज ट्रांसफर के इच्छुक सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को मनचाही तैनाती उनके सामने पारदर्शी तरीके से दी गई। इस पूरी प्रक्रिया में 170 अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला किया गया। प्रक्रिया के दौरान विभाग के राज्य मंत्री दिनेश खटीक, रामकेश निषाद और अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान 170 कर्मचारियों और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। इसमें जल निगम ग्रामीण विभाग के 131, लघु सिंचाई विभाग के 28 और भूगर्भ जल विभाग के 11 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। इसमें 2 मुख्य अभियंता, 15 अधीक्षण अभियंता, 35 अधिशासी अभियंता, 40 सहायक अभियंता और 78 जूनियर इंजीनियर के तबादले किए गए। प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जल निगम ग्रामीण विभाग के हॉल में 8 स्क्रीनों की व्यवस्था की गई थी। इन 8 स्क्रीनों पर संबंधित पदों के लिए रिक्त जिलों की सूची प्रदर्शित की गई। सबसे वरिष्ठ और सक्षम अधिकारियों से क्रमवार उनके तबादले की प्राथमिकता पूछी गई और उनके मनचाहे जिले को लॉक कर दिया गया। कम्प्यूटर का बटन दबते ही कुछ सेकेंड में ही कार्मिकों का ट्रांसफर लेटर उनके मोबाइल में पहुंच गया। इस प्रक्रिया में पूरे प्रदेश के ट्रांसफर के इच्छुक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान जो कार्मिक किसी कारणवश नहीं आ पाए थे, उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ा गया था, जिससे वो अपनी बात मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रख सकें। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कार्मिकों के वरिष्ठता क्रम और कार्य की गुणवत्ता को मानक बनाया गया था। जो उनके केपीआई (की परफॉर्मेंस इंडेक्स) के आधार पर तय होता है। इस दौरान अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि पारदर्शी तरीके से ट्रांसफर प्रक्रिया को पूरा किया गया।

रालोद प्रदेश में संगठन का शीघ्र करेगा पुनर्गठन

नई दिल्ली/लखनऊ। केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को रालोद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी की भावी रणनीति और संगठनात्मक दिशा पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में संगठन की मजबूती, महिलाओं की भागीदारी, वैचारिक विस्तार, किसान की खुशहाली, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय को लेकर विस्तृत मंथन करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें पार्टी में महिलाओं की सक्रिय एवं प्रभावशाली भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रदेश रालोद संगठन का शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा तथा प्रत्येक बूथ पर 7-8 सदस्यों की सक्रिय बूथ समितियों का गठन किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय बोर्ड के गठन पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को इस बोर्ड के गठन एवं संचालन की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। चौधरी चरण सिंह विचार मंच का शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा, जो चौधरी चरण सिंह की विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। पार्टी प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी जिसमें युवाओं को प्रशिक्षण देकर संगठनात्मक कार्य करने, पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलने एवं प्रचार प्रसार करने के तरीके सिखाए जाएंगे। युवाओं का राजनीतिक कौशल निखारा जायेगा। भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पार्टी पूरे वर्ष प्रदेश भर में उनके विचारों की प्रासंगिकता एवं किसान-हितैषी नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

1.40 लाख स्कूलों का होगा सुरक्षा ऑडिट

लखनऊ। प्रदेश के स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों सहित कुल एक लाख 40 हजार 555 विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन किया जाएगा। सरकार की इस पहल से लाखों विद्यार्थियों को अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में स्थित विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारियां, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की समग्र सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जाएगी। सुरक्षा संबंधी संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके समाधान के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा भारत सरकार के सरकारी जेम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी एवं नियमानुसार निविदा प्रक्रिया के तहत चयनित संस्था बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के साथ शुक्रवार को अनुबंध किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, मोनिका रानी, प्रभारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी, शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल की ओर से चीफ बिजनेस ऑफीसर कुलदीप पाठक व चीफ मैनेजर एंड रीजनल लीड बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

अधिकारियों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल सुरक्षा मानकों की समीक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यालयों में सुरक्षा जागरूकता और जोखिम प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का विश्वास मजबूत होगा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार होगा। सेवा प्रदाता संस्था की ओर से प्रत्येक विद्यालय के लिए सुरक्षा संबंधी जोखिमों की पहचान कर सुधारात्मक सुझाव उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं रक्षित शिक्षण वातावरण का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

पांच साल तक के बच्चों की मृत्यु दर में आई कमी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार के प्रयासों से प्रदेश में नवजात से पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्यु दर में कमी आई है। आंकड़ों में आया यह सुधार हजारों बच्चों के सुरक्षित जीवन, लाखों परिवारों की उम्मीदों और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते विश्वास की कहानी दर्शाता है। साथ ही जन्म के तुरंत बाद होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने की चुनौती भी पेश करता है।

सेंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की ताजा रिपोर्ट में नवजात से लेकर पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 26 से 25, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 37 से 35 और पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्युदर 42 से 41 रह गई है। यह सर्वे प्रति 1000 बच्चों के हिसाब से किया गया है। उत्तर प्रदेश का उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होना, जहाँ बच्चों की मृत्यु दर में सभी आयु वर्गों में कमी आई है, सबके सामूहिक समर्पण, अथक परिश्रम और जमीनी स्तर पर निरंतर किए गए प्रयासों का प्रमाण है। यह रुझान उत्साहजनक हैं तो हमें यह भी याद दिलाते हैं कि नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी की रफ़्तार अभी भी उम्मीद से धीमी है और जन्म के तुरंत बाद होने वाली मृत्यु दर में खास बदलाव नहीं आया है। इससे साफ पता चलता है कि बच्चों की मृत्यु दर में कमी का अगला चरण प्रसव, डिलीवरी और जीवन के पहले 48 घंटों के दौरान दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की बाल रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ शालिनी त्रिपाठी के अनुसार प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के अपग्रेड होने से एनएमआर व आईएमआर में कमी आई है। बीते तीन-चार सालों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला महिला अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ नर्स को लगातार प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा नवजात को सांस लेने में दिक्कत होने पर लगाई जाने वाली सीपैप मशीन, कंगारू मदर केयर, मिल्क बैंक, निःशुल्क दवाओं व नियमित टीकाकरण भी शिशुओं की मृत्यु दर कम करने में सहायक साबित हुए हैं। इसके अलावा अस्पतालों में शुरू हुए मदर न्यूबार्न केयर यूनिट (एमएनसीयू), जिसमें प्रसव के बाद मां-बच्चे को एक साथ वार्ड में ठहराया जाता है, से भी बड़ा लाभ हो रहा है। वीरांगना अवंती बाई महिला अस्पताल की स्टाफ नर्स डेजी रानी ने बताया कि नर्सों को नवजात शिशु की देखभाल पर नियमित रूप से साप्ताहिक वर्चुअल लर्निंग सेशन और समय-समय पर आमने-सामने रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है। इन ट्रेनिंग से उन्हें नवजात शिशु के खतरे के लक्षणों को पहचानने, समय पर रेफरल प्रोटोकॉल का पालन करने और जन्म के समय पुनर्जीवन प्रक्रियाओं को मजबूत करने में काफी मदद मिली है।

गंगा आरती में शामिल हुए सीएम धामी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड की आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में आज भव्य गंगा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सहभाग कर मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने प्रदेश एवं देशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य तथा विश्व कल्याण की कामना की। गंगा तट पर आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में वेद मंत्रों की ध्वनि, भजन-कीर्तन और दीपों की मनमोहक आभा ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। श्रद्धा और अध्यात्म के इस संगम में मुख्यमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरती में भाग लेकर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उपस्थित जनसमूह एवं संत-महात्माओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां गंगा के तट पर पहुंचना एक गहन आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना की निरंतर प्रवाहित होने वाली जीवंत धारा है, जिसने सदियों से देश की आत्मा को ऊर्जा प्रदान की है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गंगा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और मानव सेवा के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर निरंतर प्रगति कर रहा है और देश की सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई मजबूती मिली है। उन्होंने उत्तराखंड को आध्यात्मिकता, साधना और प्रकृति का संगम बताते हुए राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। इस पावन अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा, महामंडलेश्वर, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, विधायक रेनू बिष्ट सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

ईंधन बचत का संदेश देने फिर ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे सुरेश खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर डीजल एवं पेट्रोल की न्यूनतम खपत के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए लगातार तीसरे सप्ताह भी अपने कार्यालय आवागमन हेतु गैर पेट्रोलियम ईंधन संचालित वाहन का प्रयोग किया। श्री खन्ना शुक्रवार को अपने सरकारी आवास से विधानसभा स्थित कार्यालय ई-रिक्शा से पहुंचे तथा दोपहर में भोजन के लिए आवास आने-जाने में भी ई-रिक्शा का ही उपयोग किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन पेट्रोलियम ईंधन रहित साधन से कार्यालय आने-जाने का उनका निर्णय केवल व्यक्तिगत पहल नहीं, बल्कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति एक जिम्मेदारी भरा संदेश है। श्री खन्ना ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा ईंधन की बचत आज राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। देश

की बड़ी ऊर्जा आवश्यकताएं अभी भी आयातित ईंधन पर निर्भर हैं, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव कर राष्ट्रहित में योगदान दे। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति सप्ताह में कम से कम एक दिन वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल साधनों का प्रयोग करे तो इससे न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बचत संभव होगी।

सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती घटना : पंकज चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने चंदौली में सपा की महिला सभा की जिलाध्यक्ष गार्गी सिंह पटेल के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी मंचों से महिला सम्मान, सामाजिक न्याय और अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करती है, उसी पार्टी में महिला पदाधिकारियों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं है।

पंकज चौधरी ने कहा कि चंदौली में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी ही पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष के साथ उनके घर में जाकर मारपीट करना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। यह घटना केवल एक महिला पदाधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और आत्मसम्मान पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि सपा का तथाकथित पीडीए अब पीड़ा, दमन और अपमान का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति केवल दिखावे और नारों तक सीमित है। मंचों पर महिला सम्मान की बातें करना और व्यवहार में महिलाओं का अपमान करना, यही सपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा है। यह घटना बताती है कि सपा में महिलाओं को केवल पोस्टरों और प्रचार तक सीमित रखा जाता है, जबकि वास्तविकता में उन्हें अपमान और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएं सपा की वास्तविक मानसिकता को भली-भांति पहचान चुकी हैं। सपा के नेताओं द्वारा लगातार महिलाओं के प्रति असम्मानजनक व्यवहार और ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर उनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब यह समझ चुकी है कि सपा का महिला सम्मान का मॉडल पूरी तरह खोखला और अवसरवादी है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जबकि विपक्षी दल केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए महिलाओं के मुद्दों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि चंदौली की यह घटना सपा के अंदर व्याप्त अराजकता, गुटबाजी और महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। सपा को प्रदेश की महिलाओं से इस घटना पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति 'पीडीए' का तोड़

पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सपा के 'पीडीए' फॉर्मूले की काट की किलेबंदी, भाजपा ने पांच में से दो जिलों में ओबीसी और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को सौंपी कमान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। काफी समय से अटकलें लगायी जा रही थी कि प्रदेश में भाजपा विधानसभा चुनाव से पूर्व संगठन में बड़े बदलाव कर सकती है। फिलहाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नियुक्ति के बाद अब इसकी शुरूआत कर दी गयी है। भाजपा ने सूबे के पांच जिलों में अपने नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इनके चयन को देखते हुए यह स्पष्ट इशारा है कि भाजपा आने वाले चुनाव में जातीय समीकरण और क्षेत्रीय संतुलन को बनाये रखने को ज्यादा तव्वजों दे रही है। इससे कहीं न कहीं यह भी दिख रहा है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा अपने प्रमुख विपक्षी दल सपा के 'पीडीए' फॉर्मूले के काट की किलेबंदी कर रही है।

सूबे में भाजपा ने पांच जिलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अवध क्षेत्र के अंबेडकर नगर में दिलीप देव पटेल, काशी क्षेत्र के वाराणसी में राम सकल पटेल, चंदौली में काशीनाथ सिंह, गोरखपुर महानगर में रमेश प्रसाद गुप्ता और देवरिया में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसमें भाजपा ने दो जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को जिलाध्यक्ष बनाया है।

भाजप ने जिन पांच जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है, उसमें पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर शामिल है। वाराणसी में राम सकल पटेल की नियुक्ति की गई है। वे ओबीसी समुदाय से हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय हैं। पटेल के बारे में कहा जाता है कि वे आम लोगों के बीच अच्छा प्रभाव रखते हैं।

अनुमानों के अनुसार, वाराणसी जिले की आबादी में करीब 75 प्रतिशत हिंदू, 20 प्रतिशत मुस्लिम और पांच प्रतिशत अन्य धार्मिक समुदाय के लोग शामिल हैं। इस जिले में सामान्य और ओबीसी जातियों का खास प्रभाव है। वाराणसी में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ जैसी सवर्ण जातियों और पिछड़े वर्ग की यादव, पटेल, मौर्या, राजभर, चौरसिया आदि जैसी जातियों की आबादी सबसे अधिक है। भाजपा ने मोदी के संसदीय क्षेत्र में ओबीसी के पार्टी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करके इस समुदाय को अपने समावेशी नजरिए का संदेश देने की कोशिश की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर जिले में भाजपा ने रमेश प्रसाद गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है। रमेश प्रसाद गुप्ता वैश्य समुदाय से हैं। गुप्ता की नियुक्ति में अनुभव और जमीनी पकड़ के साथ जातीय समीकरण का खास ध्यान रखा गया है। गोरखपुर में सवर्ण समुदाय का काफी प्रभाव है। इस जिले में ब्राह्मणों के अलावा क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ बड़ी संख्या में हैं। करीब 90.28 फीसदी हिंदू और 9.09 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले इस जिले में वैश्य समुदाय के अध्यक्ष की नियुक्ति आने वाले विधानसभा चुनाव के जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर की गई है।

ओबीसी में पैठ मजबूत करने का प्रयास

भाजपा ने वाराणसी के अलावा दूसरे जिले अंबेडकरनगर में ओबीसी समुदाय से दिलीप देव पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया है। इनके बारे में बताया जाता है कि उनका पिछड़ी जातियों में काफी पकड़ है। साथ ही उनका पार्टी संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है। इस जिले में पिछड़ी जातियों की आबादी करीब 40 से 45 प्रतिशत है। इनमें यादव, कुर्मी, निषाद, राजभर और मौर्य आदि जातियों के लोग शामिल हैं।

भाजपा ने दिखाया समावेशी रूख

वहीं, भाजपा ने देवरिया में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने इस जिले में दलित वर्ग को पार्टी का नेतृत्व सौंपकर इस समुदाय को अपने समावेशी रुख का संदेश दिया है। काली प्रसाद भी संगठन में लंबे समय से सक्रिय हैं। देवरिया में अनुमान के अनुसार, अनुसूचित जनजाति (दलित) की आबादी करीब 15-16 प्रतिशत है। यहां सबसे ज्यादा करीब 40 से 45 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग की जनसंख्या है। भाजपा ने काली प्रसाद की नियुक्ति सिर्फ जिले के नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर की है।

भाजपा से समर्पण को सराहा

बीजेपी ने क्षत्रिय (ठाकुर) समाज के काशीनाथ सिंह को चंदौली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से नियुक्त पांच जिलाध्यक्षों में वे मात्र एक ऐसे नेता हैं जिनको दोबारा यह पद सौंपा गया है। इसका कारण यह है कि वह लंबे समय से संगठन में सक्रिय एक समर्पित नेता माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति के पीछे जिले का कोई जातीय गणित नहीं है, बल्कि क्षत्रिय समुदाय को प्रदेश में प्रतिनिधित्व का मुद्दा है। करीब 85 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले चंदौली जिले में भाजपा को काशीनाथ सिंह की क्षमता पर भरोसा है।

**अखिलेश यादव के फॉर्मूले की रणनीति किलेबंद

आवास विकास ने 6500 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक बढ़ाये जमीन के रेट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की योजनाओं में अब घर बनाना और महंगा हो गया है। परिषद ने राजधानी समेत प्रदेशभर की आवासीय योजनाओं में जमीन के दाम बढ़ा दिए हैं। नई दरों के तहत जमीन के रेट में अधिकतम 6500 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि फ्लैटों की मांग कम होने के कारण उनके दाम फिलहाल नहीं बढ़ाए गए हैं। परिषद ने फ्लैटों में शामिल जमीन की पुरानी दरें ही लागू रखी हैं। बढ़ी हुई नई दरें 1 अप्रैल से प्रभावी कर दी गई हैं। इस संबंध में वित्त नियंत्रक ने आदेश जारी कर दिए हैं।

आवास विकास परिषद की राजधानी में कई योजनाएं नगर निगम को हैंडओवर हो चुकी हैं मगर इस समय सिर्फ तीन योजनाएं ही हैं जहां पर अभी जमीन है। वर्तमान में परिषद के पास सिर्फ अवध विहार, वृंदावन और आम्रपाली योजनाओं में ही जमीन उपलब्ध है। नई दरों का सबसे ज्यादा असर वृंदावन योजना संख्या-4 में दिखा, जहां जमीन की कीमत 6500 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक बढ़ाई गई है। हालांकि वृंदावन योजना संख्या-1 और योजना

संख्या-2 भाग-1 में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। परिषद की अधिकांश पुरानी योजनाएं नगर निगम को हैंडओवर हो चुकी हैं और पिछले एक दशक से वहां नई योजना नहीं आई है। नई दरें एक अप्रैल से प्रभावी मानी जाएंगी। जमीनों के रेट को लेकर आवास विकास परिषद की बीती 29 अप्रैल को हुई बोर्ड बैठक में प्रस्ताव आया था मगर उसमें रेट तय नहीं हो पाए थे क्योंकि जमीनों की कीमतों को तय करने के लिए अब नई नीति आई है। जिसमें कहा गया है कि जमीनों के रेट इस तरह से तय किए जाए कि वह डीएम सर्किल रेट से अधिक न हों। जहां कालोनियां अभी विकसित हो रहीं और वहां पर पहले से जमीन है सिर्फ वहीं पर मार्जिन कॉस्ट लैंड रेट (एमसीएलआर) अधिनियम के तहत वहां 8.70 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से जमीन की कीमत बढ़ाई

जमीन के रेट

योजना	रेट पहले	रेट अब
अवध विहार योजना	38000	41500
वृंदावन योजना तीन	41000	44600
वृंदावन योजना चार	37000	43500
गोकुल ग्राम योजना प्रथम	16000	17500
मुन्नू खेड़ा		
गोकुल ग्राम योजना द्वितीय	16000	17500
बीबी खेड़ा		
आम्रपाली योजना	30000	32700

(नोट-जमीन के रेट प्रति वर्ग मीटर रुपये में)

जाएगी। जहां पर जमीन की कीमत डीए सर्किल रेट से कम हैं उनको बढ़ाया जा सकता है मगर वह उससे सर्किल रेट से अधिक नहीं होंगी।

इसी आधार पर परिषद ने तकरोही की दीन दयालपुरम योजना में रेट 17000 रुपये प्रति वर्ग मीटर से बढ़ाकर 29000 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिए हैं। जानकारों का कहना है कि यहां पर जमीन के रेट डीएम सर्किल रेट से कम थे इसलिए ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि यहां पर परिषद की कोई योजना नहीं है।

शिक्षा विभाग के 3 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

लखनऊ। जनगणना-2027 के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में शिक्षा विभाग के तीन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगर निगम के जोन-8 के जनगणना चार्ज अधिकारी एवं जोनल अधिकारी विकास सिंह की ओर से थाना आशियाना में तहरीर देकर यह कार्रवाई कराई गई। जोनल अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि जनगणना अधिनियम-1948 के तहत नियुक्त कर्मचारियों को जनगणना कार्य में सहयोग करने और निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि शिक्षा विभाग के तीन कर्मचारी बार-बार सूचना देने के बावजूद जनगणना कार्य में शामिल नहीं हुए और जनगणना पोर्टल पर अपना पंजीकरण भी नहीं कराया। उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मचारियों के इस रवैये से जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए जनगणना अधिनियम-1948 की धारा 11 के तहत थाना आशियाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर में शिक्षा विभाग के कर्मचारी राजेश कुमार, ऋषिकांत बाजपेई और राजेन्द्र कुमार को नामजद किया गया है।

पारदर्शिता व निष्पक्षता से पूरी हों सभी भर्ती एवं प्रोन्नति प्रक्रियाएं : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- भर्ती व पदोन्नति प्रक्रियाओं में तकनीक आधारित निगरानी बढ़ाई जाए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस भर्ती प्रक्रियाओं में तकनीक आधारित निगरानी को और सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक चयन आरक्षण मानकों का पूर्ण पालन करते हुए पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस को और अधिक सक्षम, आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में यह वर्ष महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रदेश पुलिस बल में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती एवं पदोन्नति की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समयसीमा में पूरी हों और अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने भर्ती बोर्ड की विश्वसनीय कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए नियमित मॉनीटरिंग और तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में भर्ती बोर्ड के माध्यम से कुल 81,472 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित है। समीक्षा में विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती-2025 के लिए डीवी/पीएसटी जून में तथा अंतिम परिणाम जुलाई के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। होमगार्ड्स नामांकन-2025 के अंतर्गत डीवी/पीएसटी जुलाई में, पीईटी अगस्त में तथा अंतिम परिणाम सितंबर के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाने की योजना है। आरक्षी एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रस्तावित है, लगभग 28 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसका अंतिम चयन परिणाम अक्टूबर 2026 के अंतिम सप्ताह तक घोषित करने का लक्ष्य है। कुशल खिलाड़ी भर्ती के अंतर्गत सभी 25 खेल विधाओं में परीक्षण सम्पन्न हो चुका है और अंतिम परिणाम जून 2026 के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। अन्य तकनीकी एवं लिपिकीय संवर्गों की भर्तियों के लिए भी चरणबद्ध कार्यवाही जारी है। मृतक आश्रित भर्ती के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने मानवीय और व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए नियमों को सरल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कुल 9,406 पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया संचालित है। संबंधित विभागीय परीक्षाएं और मूल्यांकन प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं तथा चरणबद्ध रूप से परिणाम जारी किए जाएंगे। समीक्षा में यह भी अवगत कराया गया कि वर्ष 2017 से मई 2026 तक भर्ती बोर्ड की ओर से विभिन्न संवर्गों में कुल 2,21,245 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इसी अवधि में 1,60,819 पुलिस कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान की गई है।

सीएमएस छात्र सर्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिंक्शन से सम्मानित

लखनऊ। सीएमएस के इंदिरा नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-7 के छात्र मोहम्मद समद ने इण्टरनेशनल बेंचमार्क टेस्ट (आईबीटी) के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में 95 प्रतिशत अंको के साथ शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मोहम्मद समद को सार्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिंक्शन से नवाजा गया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इस मेधावी छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

पीएमएस के चुनावी मैदान में अध्यक्ष पद पर सात उम्मीदवार

लखनऊ। प्रांतीय चिकित्सा सेवा (पीएमएस) की सेंट्रल एक्जक्यूटिवी कमेटी का चुनाव 22 जून को पीएमएस भवन पर होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है, इनमें अध्यक्ष पद पर सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, इनमें हमीरपुर से डा. करुणा शंकर मिश्रा, औरैया से डा. राजेन्द्र कुमार सैनी, लखनऊ से डा. अजय प्रताप सिंह, डा. मनीष कुमार श्रीवास्तव, बागपत से डा. यशवीर सिंह, देवरिया से डा. मसूद आलम, प्रतापगढ़ से डा. राजीव तिवारी शामिल हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर 11 प्रत्याशी, महामंत्री पद पर छह, वित्त सचिव पद पर पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। हालांकि, 30 मई से एक जून के बीच नाम वापस लिए जा सकेंगे। 26 जून को परिणाम जारी किया जाएगा। स्टेट इलेक्शन कमेटी के सदस्यों में सचिव डॉ. गयासुद्दीन खान एवं सदस्य डॉ. विकास, डा. मनीष शुक्ल एवं डॉ. विकास यादव शामिल हैं।

कल होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026, जो 31 मई को पूरे प्रदेश में आयोजित होनी है। यह परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के तत्वावधान में संचालित होना है। लखनऊ विश्वविद्यालय को पांच जिलों में परीक्षा के लिए नोडल विश्वविद्यालय नामित किया गया है, जिसमें लखनऊ जिले के 38 केंद्रों पर 17881, सीतापुर में 6 केंद्रों पर 2378, लखीमपुर में 11 केंद्रों पर 4445, हरदोई में 6 केंद्रों पर 2867 एवं रायबरेली के 7 केंद्रों पर 2715 परीक्षार्थी सम्मलित होंगे। परीक्षा के संचालन के लिए शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में केंद्र अधीक्षकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि एवं पर्यवेक्षकों की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें एडीएम प्रशासन प्रदीप वर्मा, कुलसचिव एवं नोडल अधिकारी डॉ. भावना मिश्रा, नोडल समन्यवक प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक डॉ श्याम किशोर एवं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के प्रतिनिधि प्रो.लवकुश द्विवेदी एवं प्रो. ज्योति उपस्थित रही।

वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस नियमित की शुरुआत

लखनऊ। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर आज गाड़ी संख्या 14225/14226 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस के नियमित संचालन के शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा एवं विधायक वाराणसी कैंट, श्री सौरभ श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बृजेश कुमार यादव एवं स्टेशन निदेशक, वाराणसी, अर्पित गुप्ता सहित भारतीय रेल प्रबंधन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी अतुल कुमार, रूपम सिंह, ख्याति गोयल, अनुकृति तोमर उपस्थित रहे। रेल यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रेल मंत्रालय ने वर्तमान में संचालित गाड़ी संख्या 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस को नियमित कर नए गाड़ी संख्या 14225/14226 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस के रूप में प्रतिदिन संचालित करने का निर्णय लिया है। गाड़ी प्रातः 06:20 बजे प्रस्थान कर बाबतपुर, जौनपुर जं., शाहगंज जं. ,मालीपुर, अकबरपुर, गोशाईंगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, रुदौली, दरियाबाद तथा बाराबंकी जं. के रास्ते दोपहर 12:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी एवं वापसी की दिशा में गाड़ी संख्या 14226 लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस लखनऊ से सायं 16:20 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं. गोशाईंगंज अकबरपुर, मालीपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं. तथा बाबतपुर के रास्ते रात्रि 22:20 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

केजीएमयू की ओपीडी में मरीजों की जुटी भीड़, घंटे इंतजार के बाद मिला इलाज

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में अवकाश के बाद शुक्रवार को मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। डॉक्टर को दिखाने से लेकर जांच कराने तक मरीजों और तीमारदारों को घंटों इंतजार करना पड़ा। अस्पताल में सुबह से ही विभिन्न विभागों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। कई मरीजों ने दावा किया कि आम दिनों की तुलना में शुक्रवार को ज्यादा भीड़ रही, जिससे इलाज कराने में समस्या हुई। बाराबंकी से बेटे निखिल को लेकर पहुंचे देशराज ने बताया कि वह सुबह अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन न्यूरो सर्जरी विभाग में डॉक्टर को दिखाने में ही करीब साढ़े तीन घंटे लग गए। डॉक्टर से परामर्श मिलने के बाद उन्हें सीटी स्कैन जांच के लिए भेजा गया। जांच कराने के लिए भी करीब तीन घंटे इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चे के साथ लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने से काफी परेशानी हुई। आकाश मौर्या ने बताया कि वह वायरल लोड की जांच कराने के लिए डन्नाव पहुंचे थे। जांच की प्रक्रिया पूरी होने में करीब तीन घंटे लग गए। जांच के बाद उन्हें बताया गया कि रिपोर्ट दो दिन बाद मिलेगी। आकाश ने कहा कि अस्पताल में भीड़ अधिक होने के कारण हर काउंटर और जांच केंद्र पर लंबी लाइन लगी हुई थी। कई लोगों का कहना था कि सुबह जल्दी आने के बावजूद उन्हें काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मरीजों का आरोप था कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आई। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि आमतौर पर छुट्टी के बाद ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

केजीएमयू में हेपेटाइटिस वायरल लोड जांच शुरू

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पिछले 28 दिनों से बंद पड़ी हेपेटाइटिस वायरल लोड जांच अब दोबारा शुरू हो गई है। जांच किट खत्म होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी लैब और जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा था, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ के साथ काफी परेशानी भी उठानी पड़ रही थी। अब संस्थान प्रशासन ने किट की व्यवस्था कर जांच प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी है। केजीएमयू प्रदेश का प्रमुख नोडल सेंटर है, जहां न सिर्फ लखनऊ बल्कि कई अन्य जिलों से भी हेपेटाइटिस की आशंका में मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। संस्थान में प्रतिदिन करीब 40 से 50 मरीजों की हेपेटाइटिस वायरल लोड जांच लिखी जाती है। जबकि बाहरी जिलों से आने वाले नमूनों को मिलाकर रोजाना 70 से 90 सैंपलों की जांच की जाती है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार हेपेटाइटिस वायरल लोड की जांच में इस्तेमाल होने वाली किट प्राप्त हो गई हैं। हालांकि, किट अभी सीमित मात्रा में ही मिली हैं। सभी ओपीडी काउंटर और विभागों से फिर से सैंपल एकत्र करने के निर्देश दिए गए हैं।

सेना के डाक्टर केजीएमयू के छात्रों को देंगे ट्रेनिंग

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) और सेना के डॉक्टर कठिन परिस्थितियों में इलाज की चुनौतियों का हल खोजने की दिशा में काम करेंगे। इसी मकसद से शुक्रवार को केजीएमयू और ऑफिसर्स ट्रेनिंग सेंटर एंड कॉलेज (भारतीय सेना) के बीच प्रशिक्षण, कार्यशालाओं एवं अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए करार हुआ। केजीएमयू के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किल्स डेवलपमेंट विभाग के प्रभारी डॉ. समीर मिश्रा ने बताया कि भारतीय सेना के डाक्टरों को लद्दाख की बर्फीली पहाड़ियों, रेगिस्तानी इलाकों और समुद्री क्षेत्रों जैसी अलग-अलग परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। युद्ध, आपदा या बड़े हादसों की स्थिति में सबसे पहले सेना के डाक्टर ही मोर्चा संभालते हैं। ऐसे में डाक्टरों को सीमित संसाधनों के बीच बेहतर इलाज देने और जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करने की विशेष ट्रेनिंग की आवश्यकता होती है। मेडिकल कालेजों के छात्र आधुनिक अस्पतालों में इलाज करना सीखते हैं लेकिन उन्हें कम आक्सीजन वाले क्षेत्रों या सीमित संसाधनों वाले छोटे अस्पतालों में इलाज की व्यावहारिक जानकारी कम होती है। अब सेना के डाक्टर केजीएमयू के छात्रों को ऐसी परिस्थितियों में काम करने की ट्रेनिंग देगी। दोनों संस्थानों के डाक्टर मिलकर इन समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने का प्रयास करेंगे।

15 जून तक नाला-नाली की सफाई पूरी करें: महापौर

लखनऊ। स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों के बीच महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-2 के अधिकारियों को 15 जून तक नाला-नाली की शत-प्रतिशत सफाई और अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया। शुक्रवार को ऐशबाग स्थित जोन-2 कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ आयोजित समन्वय बैठक में उन्होंने बरसात से पहले जलभराव रोकने पर सबसे ज्यादा जोर दिया। बैठक में महापौर ने कहा कि सफाई कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने और पार्षदों से समन्वय कर क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए हर वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने को भी कहा गया। अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर भी महापौर सख्त दिखीं। उन्होंने सड़क किनारे अवैध कब्जों के खिलाफ नियमित अभियान चलाने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने को नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया। कूड़ा उठान के वाहनों की समय पर मरम्मत और संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए महापौर ने लंबित कर मामलों के शीघ्र निस्तारण और बिना आपत्ति वाले मामलों में वसूली तेज करने को कहा। विद्यालयों से जुड़े विकास कार्यों की भी समयबद्ध समीक्षा के निर्देश दिए। बैठक में पार्षद गौरी सांवरिया, संदीप शर्मा, कौमुदी त्रिपाठी, अजय दीक्षित, राजीव बाजपेयी, राहुल मिश्रा, नरेंद्र शर्मा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

रिंग रोड दुबग्गा व्यापार मंडल की नयी टीम ने ली शपथ

लखनऊ। रिंग रोड दुबग्गा लखनऊ व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की अध्यक्षता में नवनियुक्त टीम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में चेयरमैन अंकित पाण्डेय, अध्यक्ष मनोज चौरसिया, महामंत्री सुमित गुप्ता गोलू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शकील अहमद, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मौर्य, चंद्र किशोर शर्मा, वैभव जायसवाल, पंकज यादव, विनीत लोधी सहित मंत्री मनीष पाल, सुनील सिंह चौहान, अनिकेत चौरसिया, महेंद्र सिंह यादव मोनू, कोषाध्यक्ष निर्मल जायसवाल, संगठन मंत्री आकाश चौरसिया, प्रचार मंत्री अवनीश विश्वकर्मा आदि ने शपथ ली। मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और संगठन की एकजुटता पर बल दिया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने नवनियुक्त टीम को निर्देश दिया कि रिंग रोड दुबग्गा और आसपास के नए बाजारों में व्यापार मंडल का गठन कर अधिक व्यापारियों को जोड़ा जाए। लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल केवल संगठन नहीं, व्यापारियों की आवाज है।

एआई, डिजिटल तकनीक बने विकास के इंजन

लखनऊ। सीपीए आस्ट्रेलिया के एशिया-प्रशांत लघु उद्योग सर्वेक्षण में भारतीय एमएसमएई क्षेत्र ने कोविड के बाद सबसे शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। सर्वेक्षण के अनुसार 80 प्रतिशत भारतीय लघु उद्योगों ने 2025 में विकास किया, जबकि 87 प्रतिशत कारोबारियों को 2026 में और बेहतर वृद्धि की उम्मीद है। एआई, ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान में तेजी से निवेश ने कारोबार को नई रफ्तार दी है। 52 प्रतिशत उद्योगों ने नए रोजगार भी दिए। हालांकि कच्चे माल और ऊर्जा की बढ़ती लागत बड़ी चुनौती बनी हुई है। साइबर सुरक्षा जोखिम बढ़ने के बावजूद भारतीय टरटए भविष्य को लेकर बेहद आशावादी नजर आ रहे हैं।

टीसीएस संभालेगा वैश्विक आईटी और डेटा

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने स्वीडन की औद्योगिक कंपनी एसकेएफ के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस दीर्घ कालिक करार के तहत टीसीएस एसकेएफ के वैश्विक कामकाज में एआई-आधारित बदलाव की रफ्तार बढ़ाएगा और कंपनी को भविष्य के लिए तैयार डिजिटल उद्यम में बदलेगा। समझौते के तहत टीसीएस दुनिया भर में एसकेएफ के लिए एप्लिकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा, एंड-यूजर सर्विसेज, सिक्योरिटी और कनेक्टिविटी में एंड-टू-एंड प्रबंधित सेवाएं देगा। कंपनी के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग और आईटी के अपने अनुभव को एआई-संचालित एजेंटिक वर्कफ्लो के साथ जोड़कर वह एसकेएफ के अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी लैंडस्केप को आधुनिक और सरल बनाएगी।

गौरा से नीभापुर रेल लाइन दोहरीकरण

लखनऊ। मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे सुनील कुमार वर्मा ने प्रतापगढ़-जंघई रेल खण्ड पर चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण एवं स्टेशन विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गौरा, सुवंसा, बादशाहपुर एवं नीभापुर रेलवे स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने गौरा से नीभापुर रेलवे स्टेशन तक लगभग 19.38 किलोमीटर रेल खण्ड पर प्रगति पर चल रहे दोहरीकरण कार्यों का जायजा लिया तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की। गौरा स्टेशन पर उन्होंने रेल लाइन डॉबलिंग कार्यों एवं अन्य निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने नीभापुर से लखनऊ तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए रेल मार्ग की संरक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

कौशल प्रशिक्षण केंद्रों में व्यक्तित्व विकास होगा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अंतर्गत संचालित सभी आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के लिए वर्षभर चलने वाली सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का विस्तृत कैलेंडर जारी किया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों के भीतर लीडरशिप, कम्युनिकेशन स्किल, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास और रोजगारपरक दक्षताओं को विकसित करना है। मिशन ने सभी परियोजना क्रियान्वयन संस्थाओं (पीआईए) के लिए इन गतिविधियों का संचालन अनिवार्य कर दिया है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी संस्थान ने लापरवाही बरती या गतिविधियों को गंभीरता से लागू नहीं किया, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि जारी कैलेंडर के तहत पूरे वर्ष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सांस्कृतिक आयोजनों, खेल प्रतियोगिताओं, उद्यमिता सत्रों, डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों और करियर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जनवरी में राष्ट्रीय युवा दिवस, गणतंत्र दिवस और करियर काउंसलिंग से शुरूआत होगी, जबकि फरवरी में सांस्कृतिक उत्सव और उद्यमिता कार्यशालाएं आयोजित होंगी। मार्च में महिला दिवस और वार्षिक सम्मान समारोह होंगे, वहीं अप्रैल में पृथ्वी दिवस, टैलेंट हंट, सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता और अंबेडकर जयंती आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मिशन निदेशक पुलकित खरे के निर्देशन में जारी कैलेंडर के अनुसार, मई में योग, खेल प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं पर जोर रहेगा, जबकि जून को हेल्थ एंड वेलनेस थीम को समर्पित किया गया है। जुलाई में ग्रुप डिस्कशन, मॉक इंटरव्यू और पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिताएं होंगी। अगस्त में स्वतंत्रता दिवस, रंगोली प्रतियोगिता और रक्षाबंधन आधारित सांस्कृतिक आयोजन होंगे, जबकि सितंबर में शिक्षक दिवस, हिंदी दिवस और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। अक्टूबर में गांधी जयंती, स्वच्छता अभियान, श्रमदान और साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित होंगी। नवंबर में संविधान दिवस, क्विज और खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी, जबकि दिसंबर में अंग्रेजी बोलचाल सप्ताह, डिजिटल साक्षरता और रिज्यूमे लेखन जैसी गतिविधियां युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करेंगी। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब हर आवासीय प्रशिक्षण केंद्र पर छह विशेष क्लबों का गठन अनिवार्य होगा।

इनमें सांस्कृतिक क्लब, खेल एवं फिटनेस क्लब, डिजिटल एवं आईटी क्लब, साहित्य एवं भाषा क्लब, पर्यावरण एवं सामाजिक जागरूकता क्लब तथा उद्यमिता एवं करियर विकास क्लब शामिल होंगे। प्रत्येक क्लब में न्यूनतम पांच प्रशिक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा और कम से कम दो महिला प्रशिक्षार्थियों की भागीदारी अनिवार्य होगी।

चारबाग रेलवे स्टेशन पर टीन शेड गिरने से हादसा

टीटीई समेत 3 लोग घायल, डीआरएम ने दिया हादसे की जांच के आदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 का टिन शेड शुक्रवार सुबह 8 बजे गिर गया। हादसे में टीटीई और 2 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आरपीएफ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसी प्लेटफॉर्म पर हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस (13037) पहुंच गई थी, जिसे बाद में रुकवा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर क्रेन मंगवाई, जिससे टिन शेड का नीचे गिर चुका हिस्सा बाहर निकाला जा रहा है। डीआरएम सुनील कुमार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

सूत्रों की माने तो स्टेशन का रेनोवेशन चल रहा है। जिन पिलर्स के सहारे और रेलिंग से टिन शेड कसा था, उसे कुछ जगहों से खोल दिया गया था। इस वजह से प्लेटफॉर्म नंबर- 5 के टिन शेड का सपोर्ट कमजोर हो गया था। इसके चलते टिनशेड गिर गया। शेड गिरने से टीटीई भूपेंद्र के पैर फंस गए। पुलिसकर्मियों ने शेड को किसी तरह उठाया, इसके बाद टीटीई को निकाला जा सका। प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस पहुंच गई थी। शेड गिरने वाली जगह से कुछ दूर पहले ही इसे रुकवाया गया। प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस पहुंच गई थी। शेड गिरने वाली जगह से कुछ दूर पहले ही इसे रुकवाया गया।

स्टेशन के रेनोवेशन के चलते 4 नंबर प्लेटफॉर्म को बंद कर दिया गया था। 5 नंबर प्लेटफॉर्म खुला हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस 5 नंबर प्लेटफॉर्म से निकली। ज्यादातर यात्री उसमें सवार होकर चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ बहुत कम थी। इस बीच, अचानक टिन शेड का करीब 60-70 फीट लंबा हिस्सा टूटकर नीचे लटक गया। इसमें टीटीई भूपेंद्र, यात्री अभिषेक और साहिल दब गए। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुंच चुकी थी, जिसे हादसे वाली जगह से पहले ही रोक दिया गया। रेलवे पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे। देखा तो तीन लोग यात्री टिन शेड में फंसे हुए थे। आरपीएफ के जवानों ने टिन शेड उठाकर उन्हें बाहर निकाला। टीटीई और दोनों यात्रियों को आलमबाग अस्पताल भेजा गया। हादसे में टीटीई के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। इसके अलावा अभिषेक कुमार की जांघ पर टिन शेड गिरा। उनकी जांघ दबकर पिस गई है। वह लखनऊ विश्व

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

भाजयुमो नेता की सिर कूचकर हत्या

सिगरेट न देने पर दबंगों से हुआ था विवाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विभूतिखंड थाना क्षेत्र में जलवा क्लब के बाहर दबंगों ने सिगरेट ना देने पर अयोध्या के भाजयुमो पदाधिकारी शिवम सिंह (28) को ईंट-पत्थर और डंडों से सिर कूच दिया। हमले में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गोमतीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कई संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि शिवम सिंह अयोध्या जनपद के रौनाही इलाके के रामनगर धौरहरा के रहने वाले थे। वह भाजपा युवा मोर्चा जिला कमेटी के सदस्य थे। रविवार को दोस्त निलेश और जीशान के साथ कार से लखनऊ आए थे। यहां जलवा क्लब में पार्टी की। पार्टी करने के बाद शिवम क्लब से बाहर निकले एक दुकान के पास खड़े सिगरेट पी रहे थे। इस बीच तीन युवक वहां पहुंचे। उन्होंने शिवम से सिगरेट मांगी। शिवम ने उन्हें सिगरेट दे दी। तीनों ने फिर उससे दोबारा सिगरेट मांगी। शिवम ने मना कर दिया। इस पर गाली-गलौज हुई। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर शिवम सिंह पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान लोहे की राड और ईंट से सिर कूचकर दिया था। शिवम वहीं घायलावस्था में पड़े थे। हमलावर भाग निकले थे। आनन फानन उन्हें राहगीरों की मदद से दोस्त लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बेड न मिलने पर वह गोमतीनगर स्थित केएनएस हॉस्पिटल ले गए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार को शिवम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर विभूतिखंड ने बताया कि अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिवम के भाई सौरभ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। अब उसे हत्या में तरमीम कर दिया गया है।

पार्टी के बाद चले गए थे साथी, आधे घंटे पड़ा तड़पता रहा शिवम : पुलिस के मुताबिक पार्टी के बाद शिवम के साथी चले गए थे। वह अकेले था। घायल शिवम सड़क पर तड़पता रहा। इसके बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस शिवम को आनन फानन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंची। उसके मोबाइल से परिवारीजनों को सूचना दी।

पत्नी की गला रेतकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। बाजारखाला इलाके में पत्नी की गला रेतकर हत्या करने वाले पति को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिर तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 27 मई को ईदगाह गेट नंबर-12 के सामने एक महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली थी। मृतका की पहचान तकिया चांद अलीशाह निवासी 26 वर्षीय चांदनी के रूप में हुई। वह रामनगर धोबीघाट निवासी मोह मद शाहीद की पत्नी थी। पुलिस के अनुसार, चांदनी की शादी करीब सात साल पहले रामनगर धोबीघाट निवासी मोह मद शाहीद से हुई थी। पुलिस का आरोप है कि इसी विवाद के चलते शाहीद ने धारदार चाकू से पत्नी का गला रेतकर हत्या कर दी। मृतका के पिता मोह मद शफीक की तहरीर पर बाजारखाला थाने में बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और परिजनों से पूछताछ की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी शाहीद को ऐशबाग इलाके से गिर तार कर लिया गया।

ड्रोन-साइबर फॉरेंसिक व सिम्युलेटर प्रशिक्षण से सशक्त होगी पुलिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- तकनीक, संवेदनशीलता और प्रोफेशनल दक्षता से लैस रहे यूपी पुलिस: सीएम
- जनसंवाद, व्यवहार और तकनीकी दक्षता के साथ बदलेगी पुलिस ट्रेनिंग व्यवस्था

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए कहा कि बदलते समय में पुलिसिंग केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं रह गई है। आधुनिक तकनीक, संवेदनशील व्यवहार, संवाद कौशल, साइबर अपराधों की समझ और फॉरेंसिक दक्षता प्रभावी पुलिसिंग की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था को पूरी तरह परिणामोन्मुख, व्यवहारिक, तकनीक आधारित और समयानुकूल बनाया जाए, ताकि उत्तर प्रदेश पुलिस दक्षता, अनुशासन, संवेदनशीलता और जनविश्वास के मानकों पर देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस बल के रूप में स्थापित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण व्यवस्था में गुणवत्ता, एकरूपता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग हो तथा प्रशिक्षण का नियमित मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को केवल कानून लागू करने तक सीमित न रखते हुए उन्हें संवाद कौशल, मानवीय व्यवहार और तनावपूर्ण परिस्थितियों में संतुलित निर्णय लेने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि यूपी पुलिस ट्रेनिंग पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण सामग्री प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराई जा रही है और 5,000 विशेषज्ञ प्रशिक्षक तैयार किए गए हैं।

बैठक में बताया गया कि मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 2 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित साधना सप्ताह में उत्तर प्रदेश पुलिस ने देश की समस्त राज्य पुलिस एवं केंद्रीय पुलिस बलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग ने अकेले 28 लाख से अधिक कोर्स पूर्ण किए, जो कई राज्यों के समस्त विभागों के संयुक्त प्रदर्शन से भी अधिक रहा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के साथ हुए एमओयू के तहत नवंबर 2025 में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 34 पुलिस उपाधीक्षकों को एमए इन पुलिस साइंस एंड स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की गई। वहीं मई 2026 में पुलिस अकादमी मुरादाबाद में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 47 उपनिरीक्षकों को ह्यपीजी डिप्लोमा इन पुलिस एंड सिक्योरिटी मैनेजमेंट प्रदान किया गया। इसके साथ ही 4,500 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं प्लाटून कमांडरों के प्रस्तावित प्रशिक्षण के लिए विस्तृत तैयारियां की जा रही हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संशोधित कर 11 संवेदनशीलता मॉड्यूल जोड़े गए हैं।

बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षण में अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश किया जा रहा है। इसके तहत ड्रोन प्रशिक्षण, साइबर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक लैब, ड्राइविंग सिम्युलेटर और फायरिंग सिम्युलेटर जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से अतिथि विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों का व्यवहार ही पुलिस की वास्तविक पहचान बनाता है। बैठक में बताया गया कि पहली बार उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद में मालदीव पुलिस सेवा के उपनिरीक्षकों को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव भारत सरकार के स्तर पर विचाराधीन है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्रणाली में निरंतर नवाचार, जवाबदेही और आधुनिकता सुनिश्चित की जाए, ताकि उत्तर प्रदेश पुलिस हर चुनौती का सामना अधिक दक्षता, संवेदनशीलता और प्रोफेशनल क्षमता के साथ कर सके।

पूर्व जिपं अध्यक्ष से मांगी रंगदारी

लखनऊ। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की फोटो का इस्तेमाल कर साइबर जालसाजों ने आपत्तिजनक वीडियो बनाई। वीडियो वायरल करने के नाम पर उन्हें व्हाट्सएप कॉल पर ब्लैकमेल कर रंगदारी मांगी गयी। कुछ दिन बाद फेसबुक पर एक वीडियो अपलोड कर दी। यही नहीं करीब 40 दिन उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास करते हुए 15 लाख रुपये की मांग करते रहे। पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। अयोध्या रोड के बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी विजय बहादुर यादव ने बताया की 16 अप्रैल 2025 की शाम उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले विजय बहादुर यादव की तस्वीर का इस्तेमाल कर एक एडिट की गई आपत्तिजनक वीडियो भेजी। फोन करने वाले ने कहा कि जब तक मांग पूरी करते रहोगे तब तक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल नहीं किया जाएगा।

युवक ने जान देने की बात कह वीडियो किया पोस्ट

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम भटवारा में 20 वर्षीय युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की धमकी भरा पोस्ट डाले जाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई कर युवक की जान बचाई। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोसाईगंज डी.के. सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि ग्राम भटवारा निवासी रामदेव (20) ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि वह शुक्रवार दोपहर 12 बजे ट्रेन की पटरी पर आत्महत्या कर लेगा। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री नेहा मिश्रा ने अपनी मर्जी से किसी अन्य समुदाय के लड़के से विवाह कर लिया है। जिससे मैं काफी क्षुब्ध हूं। इस कारण मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके व उसके पति द्वारा किए गए किसी भी अपराधिकृत व लेनदेन से मेरे परिवार का कोई सरोकार न होगा। **राजीव कुमार मिश्र पुत्र स्व. बजरंग मिश्र नि.- 1/1084 सेक्टर-जे, जानकीपुरम, लखनऊ।**

सूचना

सर्वविदित हो मेरे बैनामा दिनांक - 28.11.1984 उपनिबन्धक- लखनऊ. जो मेरे पिता जी स्व. अवधेश कुमार श्रीवास्तव के नाम पर पंजीकृत है जिसकी मूल प्रति से प्रष्ट सं.- 2,3,4 की मूल प्रति मेरे द्वारा दिनांक 25.05.2026 को मेरे घर राजाजीपुरम से गोमतीनगर के बीच कहीं पर गिर गयी जिसकी सूचना मेरे द्वारा अभिषेक कुमार श्रीवास्तव उ.प्र. वस्तु का अभिलेख खोने की रिपोर्ट में दिनांक 29.05.2026 को दर्ज कर दिया गया है, जिसका एल.ए.आर. नं. 20260000504546 है, उपरोक्त लेख का उपयोग मेरे अभिषेक कुमार श्रीवास्तव व अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा और कोई व्यक्ति करता है तो वह विधि विरूद्ध होगा। अपनी उक्त बैनामा से प्राप्त सम्पत्ति को बंधक रखकर गृह ऋण सारथी फाइनेन्स एण्ड क्रेडिट प्रा.लि. से लिया जा रहा है। यह प्रकाशन इस आशय जारी किया गया है कि उपरोक्त भवन/प्लॉट में या किसी व्यक्ति अथवा अन्य का दावा आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर नीचे दिये गये पते व मोबाईल पर दस्तावेजी सबूत के साथ आपत्ति दर्ज करा सकते है। अभिषेक कुमार श्रीवास्तव व अखिलेश कुमार श्रीवास्तव पुत्रगण स्व. अवधेश कुमार श्रीवास्तव निवासी-ई/2113,राजाजीपुरम, लखनऊ। मो.नं.-9415755065

जितेन्द्र कुमार एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ
मो.नं.-9451861797

सड़क हादसे में युवक समेत दो की मौत

● हरदोई रोड कई घंटों रहा जाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के बाजनगर गांव के सामने हरदोई रोड पर शुक्रवार शाम को क्रेटा कार और बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक चला रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाईक के पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, हादसे से नाराज ग्रामीणों ने बाइक सवार मृतक का शव हरदोई रोड़ पर रख कर करीब तीन घंटे तक रोड़ जाम रखा नाराज ग्रामीणों व परिजनों की मांग थी कि मृतक को मुआवजा और चार चालक को जेल भेजा जाए, ग्रामीणों का आरोप था कि कार चालक एक पुलिस वाला है इसलिए कार्यवाही में लापराही की जा रही है। करीब तीन घंटे बाद लिखत में शिकायत पर कठोर कार्यवाही और मुवाजे दिलाने में मदद के आश्वासन पर रोड़ जाम खोला जा सका।

दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के अमेठिया सलेमपुर गांव निवासी साहिल (25) और पास के ही रहने वाले अजान (10) घर से निकल कर दुबग्गा लखनऊ की और अपनी फैशन प्रो बाईक से जा रहे थे तभी दुबग्गा की ओर से क्रेटा कार तेज रफ्तार से हरदोई की ओर आ रही थी इसी दौरान बाजनगर गांव के सामने हरदोई रोड पर आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक चला रहा युवक साहिल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठा अजान गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने हरदोई मुख्य मार्ग को शव रख कर जाम कर दिया आरोप था कि कार चालक यूपी पुलिस में होने की वजह से कार्यवाही में लापरवाही की जा रही है और वही प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार दरोगा की पत्नी सिख रही थी। जिससे यह हादसा हो गया।

दुबग्गा कोतवाली प्रभारी निरक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम ले लिए भेज दिया गया है कार को कब्जे में ले लिया गया है अग्रिम कार्यवही की जा रही है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, चालक की मौत

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र में रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर जियो पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार तड़के ओवरटेक के दौरान बेकाबू ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। निगोहां पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात बहाल हुआ एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि गुरुवार तड़के लखनऊ की ओर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से आ रहे ट्रक (यूपी 32 डब्ल्यूएन 8695) ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में रायबरेली बछरावां के दोस्तपुर निवासी ट्रैक्टर चालक संतोष कुमार (45) घायल हो गए। पुलिस उन्हें सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, ट्रैक्टर पर सवार मायाराम व राम हेतु को मामूली चोटें आयीं हैं।

गोमती में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

लखनऊ। ठाकुरगंज के कुड़ियाघाट स्थित गोमती नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। परिजन ने मामले में अनहोनी की आशंका जताई है। परिजन ने ठाकुरगंज थाने में तहरीर देकर जांच की मांग की है।

फैजुल्लागंज निवासी अनुराग दीक्षित (35) चौक में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। भाई ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि गुरुवार सुबह अनुराग रोजाना की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद सोशल मीडिया के जरिए परिवार को अनुराग के डूबने की सूचना मिली। खबर मिलते ही परिजन पुलिस के पास पहुंचे।

घरवालों का आरोप है कि जब अनुराग घर से निकला था, तब उसके पास मोबाइल, पर्स था। पुलिस को जब शव मिला तो मोबाइल, पर्स, कपड़े और अन्य सामान गायब थे। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि अनुराग कुड़ियाघाट में नहाते समय डूब गया था। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लखनऊ में घर-घर सोलर अभियान का शुभारंभ

लखनऊ। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड का हिस्सा एवं टाटा पावर की सहायक कंपनी, टाटा पावर सोलर रूफटॉप ने आज लखनऊ में अपने प्रमुख घर-घर सोलर अभियान के साथ टाटा पावर बैटरी स्टोरेज, एक एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के शहरी, अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की गति को और तेज करना तथा घरों एवं समुदायों को चौबीसों घंटे विश्वसनीय एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को किफायती और टिकाऊ तरीके से पूरा करने में सहायता प्रदान करना है। एयर कंडीशनर, घरेलू उपकरणों, सिंचाई, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा छोटे व्यवसायों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की खपत में हो रही वृद्धि को देखते हुए, टाटा पावर सोलारूफ का एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का सहज रूप से उत्पादन, भंडारण और उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।

कृष्ण की बाल लीलाओं ने भक्तों को मोहित किया

लखनऊ। कंचनपुर मटियारी स्थित भुईयन माता मंदिर प्रांगण में चल रही 7 दिवसीय द्वितीय श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति का सुंदर वातावरण छाया हुआ है। पांचवें दिन कथावाचक धर्मदूत जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के पावन प्रसंग को बड़े ही सरल एवं भावपूर्ण अंदाज में सुनाया। बृन्दावन धाम से पधारे कथावाचक धर्मदूत जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें सिखाती हैं कि भक्ति, प्रेम और शुद्ध हृदय से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। रुक्मिणी विवाह प्रसंग के दौरान उन्होंने प्रेम, समर्पण और धर्म की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राम आधार, अनूप यादव गब्बर, तेजा यादव, राम प्रकाश यादव, एडवोकेट शुष्लेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह धार्मिक अनुष्ठान 25 जून से 31 जून तक चलेगा। समापन के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।

● कंचनपुर मटियारी में श्रीमद् भागवत कथा का पांचवां दिन

महिला दरोगा ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला दरोगा ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला दरोगा का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद जहर खिलाने और फायरिंग कर जान लेने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की। गायत्रीपुरम निवासी पीड़िता प्रयागराज में दरोगा पद पर तैनात है। पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी शादी 14 फरवरी 2025 को एक युवक से हुई थी।

शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उसे जातिसूचक टिप्पणियां कर प्रताड़ित करने लगा। वह चौरसिया हैं, जबकि पति ठाकुर है। इसी बात को लेकर आए दिन उसे अपमानित किया जाता था। नौकरी करने को लेकर भी परिवार में विवाद रहता था और उस पर दबाव बनाया जाता था। कुछ समय बाद उसके ससुर का व्यवहार बदल गया और वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर लाइसेंसी हथियार दिखाकर धमकाया। ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने इसकी शिकायत अपने पति से की तो उसने कोई विरोध नहीं किया। उल्टा सास और ननद ने उसे ही चुप रहने के लिए दबाव बनाया। 19 जनवरी 2026 को उसके पति ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसे चूहे मारने वाला जहर खिला दिया गया और कमरे में बंद कर दिया गया। किसी तरह उसने अपने पिता को फोन कर सूचना दी। जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं। जांच की जा रही है।

बिल्डर हत्याकांड : पूर्वांचल के शूटरों से जुड़ रहे तार

लखनऊ। बिल्डर संदीप सिंह की हत्या के तार पूर्वांचल के शूटरों से जुड़ रहे हैं। पुलिस ने संदीप सिंह के गृह जनपद जौनपुर समेत पूर्वांचल के कई जिलों में डेरा डाला है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से कुछ लीड मिली है। क्राइम ब्रांच समेत पुलिस की 10 टीमें पूर्वांचल के गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी समेत कई अन्य जनपदों में हत्यारों की तलाश में डेरा डाले हैं। पूर्वांचल से जुड़े एक गिरोह के बारे में सीसीटीवी फुटेज और कुछ अन्य साक्ष्यों के आधार पर लीड मिली है। पीजीआई पुलिस, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस समेत टीमों ने बुधवार देर रात से लेकर गुरुवार दोपहर तक शूटरों का रूट प्लान तैयार कर लिया।

पीजीआई थाना क्षेत्र में रायबरेली रोड कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी के पास बुधवार को बिल्डर संदीप सिंह (45) की सरेराह सनसनीखेज तरीके से तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। बिल्डर संदीप की हत्या के बाद बदमाश पीजीआई के सामने से रायबरेली रोड होते हुए किसानपथ पर होकर फरार हो गए। अब पुलिस टीम किसान पथ और टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। चूंकि बदमाशों ने अपना चेहरा कहीं नहीं खोला है, इस कारण पुलिस अब उनके हुलिए के आधार पर पूर्वांचल के शूटरों से मिलान किया जा रहा है।

गुज्जर गैंग का वांछित शातिर गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने क्षेत्र में 19 मई की रात एक घर पर हमला कर तीन गाड़ियां तोड़ने वाले गुज्जर गैंग के वांछित शातिर शेरा उर्फ शिवा को देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 32 बोर की अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। 20 मई को पीड़ित नीरज यादव ने थाने में तहरीर दी थी कि 19 मई की मध्य रात्रि करीब 25-30 अज्ञात लोग दो डाला और एक चार पहिया वाहन से लाठी-डंडों व रॉड से लैस होकर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी आर-15 व अपाचे बाइक तथा स्विफ्ट डिजायर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने नीरज को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज की और कहा हमसे पंगा लेने का नतीजा देख लिया। मुख्य आरोपी शेरा उर्फ शिवा पुत्र स्व. राकेश, निवासी सदरपुर करोरा, घटना के बाद से फरार चल रहा था।

त्योहार के बहाने बुलाकर गोली मारी

लखनऊ। त्योहार के बहाने हजरतगंज में बुलाकर एक युवक को गोली मार दी गई। हालांकि, छीना-झपटी और बचाव में गोली उसके पैर में लगी है, जिससे जान बच गई। घायल युवक का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उसकी पहचान हजरतगंज निवासी विभु शुक्ला के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार रात करीब 11.15 बजे की है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चंद घंटों के भीतर गोली चलाने वाले आरोपी युवक मोह मद वाजिद को हिरासत में ले लिया। उसने मोह मद शफीक के कहने पर गोली चलाई। शफीक ने ही विभु को बुलाया था।

घायल विभु ने बताया शफीक ने फोन करके उसे त्योहार मनाने के बहाने बुलाया था। पहुंचते ही उसने गाली देनी शुरू कर दी। अपने साथी वाजिद से बोला कि निकाल तमंचा और मार इसे गोली। इसके बाद शफीक मुझे पकड? लगा और वाजिद ने .315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। वारदात के बाद दोनों भाग गए। भागने से पहले शफीक ने मेरे कान में कहा कि अगर इस घटना के बारे में किसी को बताया तो बहुत बुरा होगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

बैग काट लाखों रुपये के जेवर चोरी

लखनऊ। आलमबाग बस स्टैंड पर दो सप्ताह पूर्व बहन की शादी में शामिल होने अम्बेडकर नगर जा रही कि बैग काट लाखों रुपए के जेवरात चोरी घटना को अंजाम दे फरार हो गए। जिला अम्बेडकरनगर निवासी सरोजा यादव पत्नी रमेशचन्द्र यादव के अनुसार वह बीते 8 मई की सुबह पति व बच्चों के साथ आलमबाग बस स्टैंड से अम्बेडकरनगर बहन की शादी में आई थीं। आरोप है कि युवक पीछा करते हुए बस संख्या यूपी 78 केटी 1914 में चढ़ गया। पीड़िता का कहना था उन्होंने बैग ड्राइवर की सीट के पास रखने से मना कर दिया। इसके बाद महिला ने बैग को ड्राइवर सीट के पीछे खाली जगह पर रख दियाउनके पति वॉशरूम चले गए। इसी दौरान युवक ने बैग की चैन खोलकर उसमें रखा जेवरों का बैग पार कर दिया।

श्वान को रॉड से पीटकर मार डाला

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर गांव निवासी रमन गौतम मंगलवार को खेत से मोर का बच्चा घर ले आया था। मंगलवार शाम को उसके घर के बाहर श्वान ने मोर के बच्चे को पकड़ कर मार डाला। इस घटना से रमन गौतम क्रोधित हो गया। कुछ देर बाद रमन ने गांव की एक गली में बैठी श्वान पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पिटाई से श्वान की मौके पर मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपी रमन गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना सं0 11-DYCEGA-2026

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:– **क्र0 सं0: 1 कार्य का विवरण:** गोरखपुर में महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में 24 माह हेतु इण्डोर एवं उद्यान कार्य हेतु विकसित सजावटी पौधो की आपूर्ति एवं अनुरक्षण का कार्य। **अनुमानित लागत (रु. में) कुल योग :** 1,70,89,141.25/– **बयाने की राशि (रु0 में) :** 3,41,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0):** 0.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय :** 24 (माह) कुल योग: 1,70,89,141.25 1. ई–निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 22.06.2026 को 11:00 बजे। 2. ई–निविदा की बिडिंग तिथि 08.06.2026 से 22.06.2026 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजी./गो0 क्षे.
मुजाघि/डब्लू–133

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, फंदे से लटका मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के पिपरसड गांव में शुक्रवार दोपहर एक विवाहिता की उसके घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकी मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मायके पक्ष ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।

बिजनौर निवासी स्व. राकेश राजपूत की बेटी निशु राजपूत (25) की वर्ष 2019 में सरोजनी नगर के पिपरसड निवासी मजदूर पवन राजपूत (गोलू) से शादी हुई थी। दंपति अपनी दो मासूम बेटियों पीहू (3 वर्ष) और छोटी (2 वर्ष) के साथ रह रहे थे। शुक्रवार दोपहर गोलू घर के बाहर था। कुछ देर बाद अंदर गया, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने दरवाजा खटखटाने के साथ कई बार आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद खिड़की से झांक कर देखा तो निशू पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई थी। यह दृश्य देखकर घर में चीख-पुकार मच गई।

वहीं मृतका के भाई अंकित ने हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि दहेज में 5 लाख रुपये की मांग को लेकर निशु का पति और ससुराल वाले उसे आए दिन मारते पीटते थे। उन्होंने उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है। अंकित का कहना है कि उसके बहनोई ने आज दोपहर 2 बजे फोन कर निशु के फांसी लगाने की सूचना दी। लेकिन जब मैं पहुंचा तो निशु का शव सरोजनी नगर सीएचसी में पड़ा मिला। उसका कहना है कि निशु की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है।

हॉस्टल में छात्रा ने किया सुसाइड : गोमतीनगर क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में एक 26 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया है। शुक्रवार सुबह उसका शव पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटका मिला। छात्रा के परिजन पुलिस को बिना बताए डेडबॉडी को हरिद्वार ले जा रहे थे। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका की पहचान अभिषेक सक्सेना की बेटी पारुल के रूप में हुई है। वह गोमतीनगर की सृजन विहार कॉलोनी में सार्वजनिक शिक्षकोन्नयन संस्थान के हॉस्टल में रहती है।

होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला छात्रा का शव

लखनऊ। लखीमपुर जनपद से लापता छशत्रा का शव नाका थाना क्षेत्र स्थित होटल में संदिग्ध हालत में मिला है। उसका शव फंदे से लटका मिला है। उसकी पहचान लखीमपुर के महेवागंज निवासी गुंजन मिश्रा (22) के रूप में हुई। पुलिस ने

बशीर बद्र के शब्द हमेशा जिंदा रहेंगे : डा. हसन सईद जलालपुरी

मशहूर शायर पद्मश्री बशीर बद्र का निधन, साहित्यिक जगत में शोक की लहर, साहित्य प्रेमियों ने अपने-अपने तरीके से दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उजाले अपनी यादों को हमारे पास रहने दो, ना जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए, ऐसी कई कालजयी रचनाओं के जरिए देश- दुनिया में छाने वाले मशहूर शायर पद्मश्री बशीर बद्र ने 91 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका पैतृक घर अंबेडकरनगर जिले के बसखारी ब्लाक के बुकिया गांव में था। हालांकि, पैतृक गांव से उनके पिता का नाता दशकों पहले टूट चुका था। उनके निधन की खबर से जिले के साहित्यिक जगत में शोक की लहर है। उन्होंने अपनी शायरी के जरिए देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाई। अपनी सरल, संवेदनशील और दिल को छू लेने वाली गजलें व शेरों के कारण लोग के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। रुद्रपुर भगाही आबिद हुसैन बशीर बद्र से कई बार मिल चुके हैं। वे बताते हैं कि उनका असली नाम सैयद मोहम्मद बशीर था। 15 फरवरी 1935 में कानपुर में पैदा हुए। पिता सैयद मोहम्मद नजीर पुलिस विभाग में नौकरी कर रहे थे। कक्षा तीन तक कानपुर में पढ़ाई हलीम मुस्लिम कालेज में की थी। उसके बाद पिता का तबादला इटावा हो गया था। मोहम्मद सिद्दीक इस्लामिया कालेज से हाईस्कूल करने के दौरान वालिद का इंतकाल हो गया। इससे शिक्षा का क्रम टूट गया। बशीर बद्र ने 85 रुपये मासिक वेतन पर पुलिस विभाग में नौकरी कर ली। रिश्ता चचेरी बहन कमर जहां से हुआ था। नियाज फतेहपुरी की पत्रिका निगार में इनके लेख छपने लगे। 1967 में पुलिस की नौकरी छोड़ दी। यूनिवर्सिटी के वजीफे और मुशायरा की आमदनी से घर चलता रहा। 1974 में पीएचडी की और अस्थाई रूप से अलीगढ़ में पढ़ाने लगे। इसके बाद नियुक्ति मेरठ यूनिवर्सिटी में हो गई । वर्ष 1984 में बीवी का इंतकाल हो गया। 1987 में मेरठ के फसाद में घर लूट लिया गया। 1986 में भोपाल की डाक्टर राहत सुल्ताना से शादी कर ली और वही स्थाई रूप से बस गए। जिले के मशहूर शायर डा. हसन सईद जलालपुरी, मसहद जलालपुरी व शहकार जलालपुरी ने शायर बशीर बद्र के निधन को साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा आज जब डॉ. बशीर बद्र शारीरिक रूप से हमारे बीच विद्यमान नहीं हैं, तब ऐसा शिद्दत से महसूस होता है कि उर्दू अदब का एक बेहद नरम, बेहद आत्मीय और मानवीय अध्याय हमेशा के लिए समाप्त हो गया। लेकिन सच्चे और महान रचनाकार कभी मरा नहीं करते। वे लोगों की रोजमर्रा की बातचीत में, प्रेमियों के अकेलेपन में, महबूब की यादों में, और इंसानियत की साझी स्मृतियों में हमेशा-हमेशा के लिए जिंदा रहते हैं।

आम आदमी के दिल की धड़कन: बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी और अप्रतिम ताकत यह थी कि वह भारी-भरकम किताबों की अलमारियों और अकादमिक बंदिशों से आजाद होकर सीधे आम आदमी के दिल में धड़कन बनकर उतर जाती थी। उनकी गजलें न केवल महबूब से गुफ्तगू करती थीं, बल्कि वे समकालीन समाज, मानवीय रिश्तों के ताने-बाने, शहरी तन्हाई, अंदरूनी टूटन और सार्वभौमिक इंसानी मोहब्बत की मुकम्मल दास्तान भी बयां करती थीं। वे उन विरल और चुनिंदा शायरों में शुमार थे जिनके शेर मुशायरों के मंचों से निकलकर देश की संसद तक गूंजे, और प्रेमपत्रों की सुगंध से लेकर आधुनिक सोशल मीडिया की डिजिटल वॉल तक, हर वर्ग के लोगों की जुबान पर चढ़ गए। उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए। यह केवल दो पंक्तियों का कोई शेर नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की शाश्वत नश्वरता, उसकी अनिश्चितता और स्मृतियों की जीवनदायिनी गरमाहट का एक दार्शनिक और आत्मीय बयान है। इसी तरह बदलते सामाजिक सरोकारों और महानगरीय अजनबीयत पर चोट करता उनका यह शेर आज के इस दौर में और अधिक मार्मिक तथा प्रासंगिक लगता है।

भोपाल को अपना स्थायी बसेरा बना लिया: वर्ष 1987 के मेरठ दंगों के दौरान बशीर साहब पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सांप्रदायिक हिंसा की आग में उनका हंसता-खेलता घर, उनकी अमूल्य निजी लाइब्रेरी और वर्षों की अनथक मेहनत से तैयार किया गया बहुत सा अप्रकाशित साहित्यिक कार्य (पांडुलिपियां) जलकर खाक हो गया। यह विदारक हादसा उनकी रूह पर एक कभी न भरने वाला गहरा जख्म बनकर रह गया। इस आत्मिक और भौतिक क्षति के बाद उन्होंने मेरठ छोड़ दिया और झीलों की नगरी भोपाल को अपना स्थायी बसेरा बना लिया। लेकिन इस भयानक त्रासदी की आंच ने उनके भीतर नफरत पैदा नहीं की, बल्कि उनकी शायरी में इंसानियत, अमन और भाईचारे का स्वर और अधिक बुलंद व गहरा होता चला गया। इसी मानवीय गरिमा और सह-अस्तित्व की भावना को रेखांकित करता उनका यह कालजयी शेर भारत-पाक संबंधों से लेकर हमारे आपसी सामाजिक रिश्तों तक पर हुबहू लागू होता है। डॉ. बशीर बद्र की कालजयी शायरी आने वाली अनगिनत पीढ़ियों को हमेशा यह याद दिलाती रहेगी कि शब्द सिर्फ कोरे अल्फाज या अक्षरों के समूह नहीं होते, बल्कि वे संकट के समय में तड़पती हुई इंसानियत की आखिरी पनाहगाह और उम्मीद की किरण भी हो सकते हैं। गजल के इस महान चिराग को भावभीनी श्रद्धांजलि।

उर्दू अदब के एक युग का अवसान

कथाकार अखिलेश कहते हैं कि उर्दू शायरी की मखमली दुनिया में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो सिर्फ कानों से होकर नहीं गुजरतीं, बल्कि रूह में उतरकर इंसानी जिंदगी का लाजमी हिस्सा बन जाती हैं। पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र एक ऐसी ही जादुई और मुकम्मल आवाज थे। अब जब यह मर्मांतक खबर आई है कि बशीर बद्र हमारे बीच नहीं रहे, तो ऐसा महसूस होता है जैसे गजल की महफिल का सबसे सुकोमल, सबसे रौशन और सबसे शफ्फाक दिया बुझ गया हो। 91 वर्ष की सुदीर्घ आयु में सांस्कृतिक नगरी भोपाल में उनका निधन हुआ। वे लंबे समय से अस्वस्थता से जूझ रहे थे, लेकिन उनका खामोश होना भी उर्दू अदब के एक युग के अवसान जैसा है।

जीवन के सबसे गहरे दर्द को भी बड़ी नजाकत से कहते थे

डॉ. बशीर बद्र की युगांतरकारी खासियत यह थी कि उन्होंने उर्दू गजल को मुश्किल और क्लिष्ट अल्फाजों की पारंपरिक कैद से पूरी तरह आजाद किया और उसे रोजमर्रा की आमफहम जिंदगी और संवाद से जोड़ दिया। उनकी काव्य-भाषा में न तो मीर तकी मीर की वह गहरी और बोझिल उदासी थी जो अवसाद की ओर ले जाए, और न ही मिर्जा गालिब की वह दार्शनिक जटिलता थी जिसे समझने के लिए शब्दकोशों की जरूरत पड़े। उनके यहाँ एक सहज, पारदर्शी और बेहद आत्मीय मानवीय स्पर्श था। वे जीवन के सबसे गहरे दर्द को भी बड़ी नजाकत से कहते थे, मगर उसमें कहीं भी बिखरने या टूटने का अहसास नहीं होता था। वे शिद्दत से मोहब्बत लिखते थे, लेकिन उस मोहब्बत में हवाई कल्पनाएं नहीं, बल्कि जीवन का कड़वा और ठोस यथार्थ भी पूरी तरह शामिल रहता था। उनकी निजी जिंदगी भी उतार-चढ़ाव से भरी किसी महाकाव्यात्मक गजल से कम नहीं रही। उत्तर प्रदेश के अयोध्या (फैजाबाद) जिले में जन्मे बशीर बद्र ने शिक्षा के प्रतिष्ठित केंद्र अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीए, एमए और पीएचडी की डिग्रियां हासिल कीं। अकादमिक क्षेत्र में उनका अवदान अत्यंत समृद्ध रहा। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया और बाद में मेरठ कॉलेज में उर्दू विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी दीर्घ सेवाएं दीं। उनके शोध कार्यों और आलोचनात्मक दृष्टि को साहित्यिक जगत में अत्यंत सम्मान से देखा गया।

मस्जिदों में हुई नमाज, अकीदत के साथ मनी बकरीद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुरुवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ लखनऊ सहित देश भर में मनाया गया। ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और इसके बाद कुर्बानी दी। ईदगाहों व मस्जिदों के पास बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किया गया था। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक के बाद एक कई राउंड में ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज पढ़ी और देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

बता दें नमाज और कुर्बानी के लिए पहले ही गाइडलाइन जारी कर दी गई थी और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। राजधानी लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और बड़े इमामबाड़े पर बकरीद की नमाज अदा की गई। शहर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किया गया है। राजधानी में सुबह सात बजे से 11 बजे तक ईद की नमाज का सिलसिला चलता रहा। लखनऊ के ऐशबाग मस्जिद, टीले वाली मस्जिद, आसिफी मस्जिद समेत कई जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस मुस्तैद रही। ईदुल अजहा यानी बकरीद के मौके पर इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के मौलाना राशिद फिरंगी महली ने अपील किया कि किसी प्रतिबंधित जीव की कुबार्नी न दें। खून को नालियों में न बहाएं, उसे जमीन में दफन कर दे। शांति और आपसी भाईचारा कायम रहे। इसके लिए यूपी सरकार और इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें। मुफ्ती इरफान मियां फरंगी महली, शिया मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना सैफ अब्बास ने भी लोगों से कहा कि आपसी एकता और भाईचारे के साथ त्योहार मनाए, कोई भी ऐसा काम न करे, जो किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

इबादत के बाद शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला: कुर्बानी के जज्बे के साथ ईद-उल-अजहा पर गुरुवार को अल्लाह की बारगाह में लाखों सिर सजदे में झुके। प्रदेश भर में बकरीद पर अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। राजधानी लखनऊ में ईद-उल-अजहा की सबसे बड़ी जमात ऐशबाग ईदगाह में अदा की गई। इबादत के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज पढ़ाया। शिया समुदाय की सबसे बड़ी जमात आसिफी मस्जिद में अदा हुई। यहां मौलाना सैयद सरताज हुसैन की इमामत में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 11 बजे अदा की गई। ईद उल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई। भारी संख्या में मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचकर ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन और शांति के साथ भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई भी दी।

नौ दिवसीय श्रीराम कथा से भक्तिमय होगा लखनऊ

- जगद्गुरु रामभद्राचार्य सुनायेंगे श्रीरामचरित, एक जून को होगा शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की पावन श्रीराम कथा एक से नौ जून तक सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में होने जा रही है। कथा प्रतिदिन सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक होगी। यह जानकारी आयोजन समिति के संरक्षक एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डा. नीरज बोरा ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज देश के प्रख्यात संत, विद्वान, शिक्षाविद एवं रामानंदाचार्य संप्रदाय के वर्तमान जगद्गुरु हैं। मात्र दो माह की आयु में दृष्टि चली जाने के बावजूद उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा एवं साधना के बल पर 250 से अधिक ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने चित्रकूट में दिव्यांगजनों के लिए समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना की तथा अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि प्रकरण में भी एक प्रमुख गवाह रहे हैं। राष्ट्र और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मविभूषण से सम्मानित किया है। डा. बोरा ने बताया कि कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा, रामचरितमानस का विस्तार, गुरु वंदना तथा भारद्वाज-याज्ञवल्क्य मिलन का वर्णन होगा। द्वितीय दिवस माता सती के हिमाचल गृह में प्राकट्य, तृतीय दिवस शिव विवाह, चतुर्थ दिवस श्रीराम प्राकट्योत्सव, पंचम दिवस बाललीला, विश्वामित्र आगमन एवं राम वनगमन, षष्ठम दिवस सीताराम विवाह तथा सप्तम दिवस राम वनवास, केवट संवाद एवं राम-भरत मिलन का प्रसंग होगा। अष्टम दिवस लक्ष्मण जी को उपदेश, सीता हरण एवं शबरी चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा के अंतिम दिवस 9 जून को कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान लंकादहन, अयोध्या आगमन, श्रीराम राज्याभिषेक उत्सव तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के समापन अवसर पर सभी श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। डा. बोरा ने बताया कि कथा से संबंधित तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। शुक्रवार को नगर निगम, जलकल, विद्युत विभाग व अन्य सम्बंधित विभागों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी निर्देश दिये गये हैं। श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ वाहन पार्किंग, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने लखनऊ एवं आसपास के जनपदों के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति 'उत्सव' के महामंत्री राकेश पाण्डेय, जानकीपुरम दुर्गा पूजा उत्सव के संयोजक सौरभ वन्द्योपाध्याय, श्रीश्याम परिवार के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रुपेश अग्रवाल, अनुराग साहू, एस.के.गोपाल के साथ ही आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीएम योगी आदित्यनाथ से मिला उत्तराखंडी समाज का शीर्ष प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। उत्तराखंड समाज की शीर्ष संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें प्रदेश के कुशल नेतृत्व एवं विकास कार्यों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत , महासचिव भरत सिंह बिष्ट, उत्तराखंड महापरिषद और अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी एवं के एन चंदोला संयोजक पर्वतीय महापरिषद लखनऊ शामिल रहे। भेंट के दौरान उत्तराखंड समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव एवं उत्तरायणी कौथिग जैसे भव्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से प्रदेश में उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, लोककला, लोकनृत्य एवं पारंपरिक विरासत को व्यापक पहचान मिल रही है। इस अवसर पर भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन के अनुरक्षण एवं संरक्षण के विषय में भी मुख्यमंत्री से वार्ता की गई। प्रतिनिधिमंडल ने समाज के सांस्कृतिक एवं सामाजिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि उत्तराखंडी समाज की भावनाओं एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने हेतु राज्य सरकार निरंतर सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड समाज की सांस्कृतिक पहचान और अधिक सशक्त होगी तथा सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा प्राप्त होगी।

'मैं कृष्ण हूं' ने झकझोरा दर्शकों का मन

लखनऊ। रंगमंडल स्वर इंडिया एसोसिएशन, लखनऊ द्वारा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, केसरबाग में प्रस्तुत नाटक मैं कृष्ण हूँ ने दर्शकों को केवल एक रंगमंचीय अनुभव ही नहीं दिया, बल्कि आत्ममंथन और सामाजिक चेतना का एक सशक्त संदेश भी प्रदान किया। वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभाष सिंह द्वारा लिखित एवं निर्देशित इस नाटक ने श्रीकृष्ण के जीवन को चमत्कारों और दैवीय आभा से अलग कर उनके संघर्ष, त्याग, कर्तव्य और मानवीय मूल्यों के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

नाटक की शुरूआत कृष्ण के आत्मसंवाद से होती है, जहाँ वे मानव समाज से प्रश्न करते हैं कि उसने उन्हें पूजा और आस्था का विषय तो बना लिया, लेकिन उनके जीवन-संघर्षों और आदर्शों को क्यों भुला दिया। यह प्रश्न पूरे नाटक की आत्मा बनकर दर्शकों के मन में लगातार गूंजता रहा। कथा कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव के कारावास और भय तथा अन्याय से घिरे समय में कृष्ण के जन्म से आगे बढ़ती है। गोकुल की बाल-लीलाओं से लेकर धर्म और न्याय की स्थापना के लिए किए गए उनके संघर्षों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। राधा और कृष्ण के संबंधों को भी प्रेम की पारंपरिक परिभाषाओं से ऊपर उठाकर त्याग, समर्पण और आत्मिक एकत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। नाटक का सबसे सशक्त पक्ष यह रहा कि इसमें कृष्ण को किसी अलौकिक शक्ति के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व के रूप में चित्रित किया गया जो विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहा। महाभारत के प्रसंगों और गांधारी के श्राप को स्वीकार करने वाले दृश्य ने यह संदेश दिया कि न्याय और सत्य के लिए संघर्ष करने वालों को अनेक बार पीड़ा और विरोध भी सहना पड़ता है, लेकिन इतिहास उन्हीं के पक्ष में खड़ा होता है। प्रस्तुति का चरम दृश्य तब आया जब कृष्ण ने मंच से सीधे दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को पत्थर की मूर्तियों से अधिक ऐसे मनुष्यों की आवश्यकता है, जो अन्याय, भ्रष्टाचार और असत्य के विरुद्ध साहसपूर्वक खड़े हो सकें। यह संवाद पूरे सभागार में देर तक गूंजता रहा और दर्शकों को गहरे चिंतन के लिए विवश कर गया।

ज्येष्ठ पूर्णिमा : गोमती तट पर होगा महाआयोजन

लखनऊ। सनातन महासभा के तत्वावधान में आगामी 30 मई, शनिवार (ज्येष्ठ पूर्णिमा) को झूलेलाल गोमती तट पर शाम 3:30 बजे आदि गंगा माँ गोमती के पावन तट पर एक भव्य और उद्देश्यपूर्ण महाआयोजन होने जा रहा है। 'जय सनातन' के उद्घोष के साथ आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 152वीं आदि गंगा मां गोमती महाआरती एवं सनातन समागम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष विश्व तंबाकू दिवस की पूर्व संध्या पर समाज को एक बड़ा संदेश देने के लिए तंबाकू मुक्त प्रदेश विषय पर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत तंबाकू मुक्ति के लिए एक यज्ञ और सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा।

सद्ज्ञान मानव जीवन का आधार है : उमानन्द शर्मा

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत निशात कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ-अयोध्या मार्ग, बाराबंकी, उप्र के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 464वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह सम्पूर्ण साहित्य सुश्री गीता शर्मा अपने उज्ज्वल भविष्य हेतु ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्रसद्ज्ञान मानव जीवन का आधार है। गीता शर्मा और श्रीमती उषा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के एसोशिएट प्रोफेसर श्री मदन मोहन, ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

सिरामिक कला में संवेदना, संस्कृति और जीवन-दृष्टि का जीवंत विस्तार

लखनऊ। फ्लोरसेंस आर्ट गैलरी और लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस के संयुक्त तत्वाधान में सौंदर्य एवं सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत आयोजित राकु एवं टेराकोटा पॉटरी के नौ दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह शुक्रवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल गोमती नगर ब्रांच विद्यालय समुदाय में पारंपरिक शिल्प, अनुभवात्मक शिक्षण और सामूहिक कलात्मक सहभागिता के एक महत्त्वपूर्ण उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं कलाकारों के बीच कला-संवाद, रचनात्मक प्रयोग और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम बनकर उभरा। लखनऊ के युवा मूर्तिकार, सिरैमिक एवं टेराकोटा कलाकार प्रेम शंकर प्रसाद के निर्देशन में आयोजित इस नौ दिवसीय कार्यशाला ने विद्यार्थियों को राकु फायरिंग एवं टेराकोटा पॉटरी की समृद्ध दृश्य एवं शिल्प परंपराओं से परिचित कराया। प्रक्रिया-आधारित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों ने मिट्टी को एक संवेदनशील माध्यम के रूप में अनुभव करते हुए पारंपरिक तकनीकों, सतही प्रयोगों, भट्ठी प्रक्रिया तथा भारतीय मृद्शिल्प परंपराओं की सांस्कृतिक विरासत को समझा। कार्यशाला ने विद्यार्थियों को कच्ची मिट्टी के अभिव्यक्तिपूर्ण कलात्मक रूपों में रूपांतरण की सृजनात्मक यात्रा का अनुभव कराया। इस अवसर पर निदेशिका नेहा सिंह ने मुख्यधारा की शिक्षा में कला-शिक्षण के समावेशन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कार्यशाला को आई डू, वी डू, यू डू पद्धति के आधार पर संरचित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को प्रदर्शन, सामूहिक अभ्यास एवं स्वतंत्र अन्वेषण के माध्यम से सीखने का अवसर मिला।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांकः 229/15वां वि.आ.(अन.ग्रा.)नि.कार्य/ई-टेण्डर/2026-27 दिनाँक :- 25 मई, 2026

ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-228/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/ ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 25 मई, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त तथा वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 32 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29 मई, 2026 को अपरान्ह 02.30 बजे से दिनांक 18 जून, 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2026-27 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर. /एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 18 जून, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच

संक्षेप

वृद्ध का शव खेत में मिला

जौनपुर। तेजीबाजार थाना क्षेत्र के कान्हापुर गांव में एक वृद्ध का शव खेत में मृत अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार, अशोक मिश्रा को कथित तौर पर जलाकर मारा गया था। कान्हापुर स्थित चैबान बस्ती निवासी 61 वर्षीय अशोक मिश्रा का शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक अशोक मिश्रा की पत्नी इसरावती मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तेजीबाजार थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए लक्ष्मी नारायण और शकुंतला देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए चालान भेज दिया गया है।

प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल सीज

जौनपुर। मछलीशहर कस्बे के इंद्रावती अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने प्रसूता की मौत के मामले की जांच के बाद सीज कर दिया है।मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सी एच सी के अधीक्षक डॉ अजय सिंह ने देर रात कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। उक्त अस्पताल में पवारा थाना क्षेत्र के सजईकला गांव निवासी ज्वाला में अपनी पत्नी रेनू (30)को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया।परिजन ने डाक्टर को बताया कि यह तीसरा बच्चा है। इससे पहले दो की नार्मल प्रसव हुआ है।डाक्टर ने थोड़ी देर बाद प्रसव में दिक्कत होने की बात कहते हुए सीजर से बच्चा पैदा करने पर परिजनों को सहमत कर आपरेशन किया। मृत बच्चा पैदा हुआ और प्रसूता की हालत गंभीर हो गई।उसे जिले के एक निजी अस्पताल में भेजा गया किंतु रक्तस्राव अधिक होने से उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी होने के बाद अस्पताल स्टाफ मौके से भाग गया।रात में जिले से मीटिंग अटेंड करने के बाद लौटे एडिशनल सी एम ओ राजीव यादव की उपस्थिति में अधीक्षक डॉ अजय सिंह अस्पताल पहुंचकर जांच किए तो केवल दो स्टाफ नर्स मौजूद मिली।कोई वैध प्रपत्र नहीं मिलने पर अस्पताल सीज कर दिया गया।इसके बाद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी गई है। हालांकि परिजन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही दाह संस्कार कर दिए।

तापमान गिरने से गर्मी से मिली राहत

आजमगढ़। नौतपा के बीच शुक्रवार को अलसुबह तेज हवा, गरज-चमक के साथ जिले में बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। तापमान गिरने से लोगों को भीषण गर्मी और उसम से राहत मिली। पूर्वाह्न 11 बजे बादलों के बीच से निकली हल्की धूप ने मौसम में गर्माहट ला दिया।शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि 60 से 70 प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चली। अलसुबह दो घंटे तक हुई तेज बारिश और आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरने और डालिया गिरने से बिजली के तार तो कहीं पोल टूट कर गिर गए। जिससे शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। बारिश से शहर के निचले मोहल्ले में जलजमाव से नगर पालिका प्रशासन के नालों की साफ-सफाई के दावें की पोल खुल गई। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। वे धान की नर्सरी डालने के लिए खेत तैयार करने में जुट गए।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

आजमगढ़। महाराजगंज थाना क्षेत्र के कोलहटा कमाल ग्राम सभा में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, जिसके निधन से परिजनों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार कोलहटा कमाल निवासी 50 वर्षीय धर्मराज राजभर शुक्रवार सुबह करीब छह बजे खेत में शौच के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और बादलों की तेज गर्जना के साथ बिजली चमकने लगी। तभी धर्मराज आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। बिजली का प्रभाव इतना तेज था कि उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक एक राहगीर ने धर्मराज को बिजली की चपेट में आते देखा और तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर गए, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पीएम किसान योजना के लिए वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब सभी लाभार्थी किसानों के लिए वर्ष में एक बार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई किसान निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराता है, तो भारत सरकार द्वारा उसकी योजना की किस्तें अस्थायी रूप से रोक दी जाएंगी। ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही योजना की अगली किस्त जारी की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है।

किसानों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान आसानी से अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा विकसित पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से किसान घर बैठे स्वयं फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी भी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। कृषि विभाग के न्याय पंचायत एवं विकास खंड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से भी किसानों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रुपए 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि ऐसे किसान बंधु जिन्होंने मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे 30 जून से पूर्व अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करा लें, जिससे योजना की आगामी किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन व प्रशासन सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में इंस्ट्रूमेंट एवं मैनपावर की समस्या के संबंध में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के माध्यम से जन-जन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मैनपावर के अभाव में जिन उपकरणों एवं इंस्ट्रूमेंट्स का संचालन प्रभावित हो रहा है, उनके लिए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक मैनपावर की नियुक्ति की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवश्यक चिकित्सा उपकरणों एवं इंस्ट्रूमेंट्स की खरीद जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए।मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा कर्मियों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए तथा रोस्टर के अनुसार उनकी ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने समय-समय पर मेडिकल कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि मरीजों एवं तीमारदारों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. आनंद कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

हैंडपंप खराब, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

मीरजापुर। जिले के विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम मनऊर पुरब पट्टी आबादी में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा जल जीवन मिशन का पाइप लाइन गलियों में बिछें होने के बावजूद भी कनेक्शन नहीं दिये जाने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब से जल जीवन मिशन के तहत गांवों में हर घर, जल नल योजना शुरू हुआ है तभी से गांवों में मौजूद पहले के जल स्रोतों पर ग्राम पंचायत सहित शासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से आजिज मनऊर पुरब पट्टी के ग्रामीणों द्वारा हैण्ड पंप के मरम्मत एवं जल जीवन मिशन पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन दिए जाने की मांग को लेकर खराब हैण्ड पंप के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित दुर्गा शर्मा, भानु शर्मा, झारकंडे प्रजापति, बुद्धन प्रसाद, मेटी प्रजापति, राजेन्द्र बियार, विनोद गुप्ता, सुरज कुमार, संतोष शर्मा, रघुनाथ गुप्ता, लालचंद यादव, अनिरुद्ध प्रजापति, डोमन प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। आश्चर्य की बात है कि मिजार्पुर जिले के जमालपुर विकासखंड क्षेत्र के ही मूल निवासी प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हैं, बावजूद इसके उन्हीं के ही पैतृक ग्रह गांव क्षेत्र में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है।

दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में मिला करोड़ों रुपये से भरा बैग, जांच शुरू

मीरजापुर। चील्ह थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में करोड़ों रुपये से भरा बैग मिला है। जिसकी नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में रुपयों की गिनती हो रही है। रूपयों को गिनने के लिए बाकायदा बैंक से मशीन मंगाई गई। कैश करोड़ों के ऊपर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है कि किसकी है फॉर्च्यूनर गाड़ी इसकी भी जांच हो रही है। नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में चील्ह थाना पर रुपयों की गणना हो रही है जहां आयकर विभाग सहित अन्य भी मौजूद रहे हैं।

निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तत्काल करें समाधान

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, एनओसी और बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं रखीं।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए पाया कि 69 प्रकरण विभिन्न विभागों में लंबित हैं। इसी प्रकार सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2025-26 के अन्तर्गत बैंको को भेजे गए 973 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें 136 स्वीकृत, 108 आवेदन पत्र वितरित तथा 314 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 620 आवेदन पत्र बैंको में स्वीकृति हेतु लम्बित है।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सरकार की प्राथमिकता है अतएव सभी लंबित एनओसी, अनापत्ति और स्वीकृतियां अविलम्ब जारी करते हुए वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। चुनार से तीन किलोमीटर आगे स्थित लगभग 10 ईकाईयो को जोड़ने वाले चुनार उदित नगर बड़ा गांव जर्जर मार्ग बनवाने तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने, तहसील चैराहा से पाण्डेयपुर रोड मरम्मत पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त कार्यो को 15 दिवस के अन्दर मुख्य मार्गो की मरम्मत पैचवर्क और नाली सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त हो जानी चाहिए, ताकि कच्चे माल व तैयार उत्पाद की आवाजाही में दिक्कत न हो। विद्युत विभाग को औद्योगिक फीडर पर ट्रिपिंग रोकने और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समयबद्ध तरीके से सहमति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क का रेनोवेशन, राजकीय चीनी पात्र विकास केन्द्र, चुनार के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, जिला निर्यात समिति की बैठक समय से कराने तथा जनपद में स्थापित होने वाली औद्योगिक ईकाईयो (एमओयू) के आने वाले समस्याओं से उद्यमियों के द्वारा उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियो को समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा मनोज खण्डेलवाल, मण्डल सचिव इंडियन इंडस्ट्रीस्ज एशोसिएशन आशीष बुधिया, मीरजापुर कार्पेट से मोहनदाल अग्रवाल, राहुल कुमार, अशोक पटेल, आरके यादव, आशीष कमार, अमित श्रीनेत्र, आशीष सिंह, मुकेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राधेश्याम हरकघा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

सैलून में फायरिंग से दहशत

जौनपुर। बदलापुर तहसील अंतर्गत सिंगरामऊ थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब सैलून में बैठे एक युवक पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी।

हमले में युवक बाल-बाल बच गया, जबकि घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। रामीपुर गांव निवासी आशीष मिश्रा मेढ़ा मोड़ स्थित एक सैलून में शेविंग करा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और अचानक उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पहली गोली युवक के बेहद करीब से गुजरते हुए दीवार में जा लगी, जबकि दूसरी गोली भी निशाना चूक गई। अचानक हुई गोलीबारी से सैलून और आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। आशीष मिश्रा के शोर मचाने पर स्थानीय लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर बाइक से रतासी बाजार की दिशा में फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और सिंगरामऊ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। थाना प्रभारी सैय्यद हसनैन मुंतजार ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया किसी पुराने विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना के बाद इलाके में पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई है।

अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का किया गया भंडारण

मीरजापुर। एक तरफ सरकार वनों की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से जंगल में स्थित हरे भरे पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। शुक्रवार को मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के गुलरिहा बस्ती में बबूल, जामुन,इमली तथा यूकेलिप्टस पेड़ों की लकड़ियां काटकर रखी गई लकड़ियों को ट्रक पर लादा जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वनविभाग की मिलीभगत से मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी एक लकड़ी कारोबारी द्वारा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के जंगल से महज आधा किलोमीटर दूर विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की काटी गई लकड़ियों का कई महीनों से यहां अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। वनविभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से जंगल में स्थित पेड़ों का कटान होने जंगल वीरान होते जा रहे हैं जिससे सरकार के वनावरण बढ़ाने के मंसूबों पर पानी फिर रहा है इस संबंध में वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक लकड़ी कारोबारी द्वारा मध्यप्रदेश की काटी गई लकड़ियों का भैसोड़ बलाय पहाड़ में भंडारण किया गया है। वहीं डीएफओ मीरजापुर राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वनों का कटान करने वाले के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दो अभियुक्तों की 15 लाख की संपत्ति कुर्क

दुद्धी,सोनभद्र।उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के आदेश पर थाना दुद्धी पुलिस ने दो शातिर गैंग सदस्यों की अपराध से अर्जित की गई 15 लाख 29 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्ति में दो पिकअप वाहन शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराधियों और गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) और क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण में दुद्धी पुलिस ने थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, गैंग सदस्य अखिलेश कुमार यादव (पुत्र वैजनाथ यादव, निवासी कूदल, थाना कोन) द्वारा अपराध जगत से अर्जित धन से खरीदी गई पिकअप, जिसकी कीमत करीब 10 लाख 29 हजार 200 रुपये है, को कुर्क किया गया। इसके साथ ही दूसरे अभियुक्त आशीष यादव (पुत्र राजेन्द्र यादव, निवासी मुडीसेमरध्जामपानी, थाना विण्ढमगंज) की 5 लाख रुपये कीमत की पिकअप को भी कुर्क किया गया है।जिलाधिकारी सोनभद्र के आदेशानुसार धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 15,29,200 रुपये की चल संपत्ति की कुर्की की विधिक कार्रवाई पूरी की गई। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली संयुक्त पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी धर्मेंद्र कुमार सिंह और थानाध्यक्ष विण्ढमगंज शिव कुमार सिंह शामिल रहे। पुलिस प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

पत्रकारों के साथ मनाया गया वैल्यूज मंथ

रेणुकूट, सोनभद्र। आदित्य बिड़ला समूह के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हिण्डाल्को, रेनुकूट परिसर के मनोरंजनालय प्रांगण में स्थानीय पत्रकारों के साथ वैल्यूज मंथ्ह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, संस्थान के एच.आर. हेड अजय सिन्हा ने अपने संबोधन में समूह के पांचों मूल्यों-ईमानदारी, प्रतिबद्धता, जुनून, एकरूपता एवं गति की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ये मूल्य केवल संगठन तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम सभी अपने दैनिक जीवन में इन्हीं मूल्यों का अनुसरण करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। प्रशासनिक एवं जनसम्पर्क प्रमुखयशवंत कुमार ने आमंत्रित समस्त मीडियाकर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2004 में आदित्य बिड़ला समूह द्वारा पांच प्रमुख मूल्यों को निर्धारित किया गया, जिनका अनुपालन प्रत्येक कर्मचारी द्वारा अपने सभी कार्यों एवं व्यवहार में किया जाना अपेक्षित है। समूह का उद्देश्य है कि ये मूल्य संगठन के साथ-साथ समाज में भी व्यापक रूप से स्थापित हों।एच.आर. विभाग के प्रशांत कुशवाहा ने आदित्य बिड़ला समूह के ग्रुप उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समूह का लक्ष्य व्यवसाय के साथ-साथ समाज के समग्र विकास में योगदान देना है। कार्यक्रम में रेणुकूट से विभिन्न मीडिया संस्थानों के लगभग 30 पत्रकार उपस्थित रहे। इस दौरान सभी मीडियाकर्मियों को उपहार भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पब्लिसिटी विभाग के प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा वैल्यूज एवं पर्पज का महत्व पत्रकारों के हित में बताते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

फैक्ट्री का ताला तोड़ चोरी, चार पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के रामपुर निष्फी गांव में संचालित एक गारमेंट फैक्ट्री से सिलाई मशीन और तैयार शर्ट चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान पति व प्रधान के जेठ समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।रामपुर निष्फी गांव निवासी अमृत लाल पटेल पुत्र स्वर्गीय शीतला पटेल ने सुरेरी थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि पूरेदयाल-नगेसरा मार्ग स्थित उनका गारमेंट कारखाना पंधारी पटेल के मकान में किराए पर संचालित होता है। आरोप है कि बीते मंगलवार की दोपहर रमेश धीवर पुत्र सीताराम धीवर, संजय यादव (प्रधान के जेठ) पुत्र स्वर्गीय रामाशंकर यादव, विनोद यादव (प्रधान पति) पुत्र स्वर्गीय रामाशंकर यादव तथा गोलू धीवर पुत्र रमेश धीवर कारखाने पर पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर रखी तीन सिलाई मशीन तथा करीब 450 पीस तैयार शर्ट उठा ले गए।पीड़ित के अनुसार घटना की जानकारी मकान मालिक पंधारी पटेल ने उन्हें दी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल सुरेरी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद गुरुवार देर रात भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।थानाध्यक्ष सुरेरी दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कराई गई। जांच में घटना प्रथम दृष्टया सत्य पाए जाने पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आंधी-पानी से भारी नुकसान, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

जिला संवाददाता

जौनपुर। अचानक बदले मौसम ने शुक्रवार सुबह जिलेभर में भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी, गरज-चमक और मूसलाधार बारिश के चलते जिले के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

करीब 100 से अधिक गांवों में पिछले 10 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। वहीं खेतासराय कस्बे में एक जर्जर मकान का बारजा गिरने से दो लोग घायल हो गए। आंधी और बारिश से किसानों की फसलें, दुकानदारों का सामान और आम जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सिकरारा और बदलापुर तहसील से सटे इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बदलापुर क्षेत्र के शाहपुर में 33 हजार वोल्ट की मुख्य लाइन टूट गई, जबकि बटाऊबीर, दुधौड़ा, पूराराजवाड़, गजेंद्रपुर और मेढ़ा समेत कई ग्राम पंचायतों में एलटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार करीब तीन दर्जन गांवों में आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। विद्युत विभाग की टीमें लगातार फॉल्ट खोजने और लाइनों की मरम्मत में जुटी हुई हैं।

अधिकारियों ने अगले कुछ घंटों में बिजली बहाल होने की उम्मीद जताई है।खेतासराय कस्बे के वार्ड चैहट्टा स्थित पुरानी गली में गोला बाजार मोड़ के सामने शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक जर्जर मकान का बारजा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में कूड़ा फेंकने गई निशा पत्नी जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं बारजे के नीचे बैठे गोला बाजार निवासी विष्णु सेठ भी इसकी चपेट में आकर घायल हो गए।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।घायल महिला निशा ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह कूड़ा फेंकने गई थीं। उस समय वहां पानी जमा था, लेकिन मकान गिरने का अंदेशा नहीं था। अचानक बारजा गिर पड़ा और वह उसकी चपेट में आ गईं।

आंधी और बारिश सब्जी की फसलें बर्बाद

जौनपुर। तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर भी पानी फेर दिया। बक्शा क्षेत्र के किसान भारत गुप्ता ने बताया कि खेतों में खड़ी मड़वा की फसल बर्बाद हो गई है। नेनुआ और लौकी जैसी सब्जियों के मचान तेज हवा में टूट गए। वहीं आम की बची-खुची फसल भी पेड़ों से टूटकर गिर गई। किसान सुशील यादव और डॉ. समय बहादुर यादव ने बताया कि बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं धर्मराज मौर्य और मोहित मौर्य ने बताया कि सब्जियों की फसलें भी काफी प्रभावित हुई हैं, जिससे उत्पादन घटने की आशंका है। दुकानदार दानिश अली ने बताया कि भोर में आई तेज आंधी में उनकी दुकान का टीन शेड उड़ गया। इसके बाद हुई बारिश से दुकान के अंदर रखा सामान भीगकर खराब हो गया। कई अन्य दुकानदारों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।बढ़ौना गांव समेत करीब डेढ़ दर्जन गांवों में आठ घंटे से अधिक समय से बिजली गुल रहने के कारण पेयजल संकट खड़ा हो गया है। घरों की पानी टंकियां खाली हो चुकी हैं और लंबे बिजली कटौती के चलते इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं।मोबाइल चार्जिंग और नेटवर्क की समस्या के कारण ग्रामीणों का संपर्क भी प्रभावित हो रहा है। उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सुबह अचानक छाए काले बादलों और तेज हवाओं के चलते दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया। कई जगहों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। बाजारों में लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत जरूर मिली, लेकिन तेज आंधी और बिजली संकट ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया।

बाइक बिजली पोल से टकराई, युवक की मौत

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा के पास गुरुवार की रात अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। इस दुर्घटना में युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बिजली के पोल तीन टुकड़े में टूट गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। अहरौला थाना क्षेत्र के मक्खापुर गांव निवासी 26 वर्षीय राहुल कुमार और 24 वर्षीय अजय कुमार गुरुवार की रात करीब 10 बजे बाइक से जा रहे थे। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा के पास बाइक अनियंत्रित हो कर हाई टेंशन बिजली के पोल से टकरा गई।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

आजमगढ़। महाराजगंज थाना क्षेत्र के कोलहटा कमाल ग्राम सभा में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, जिसके निधन से परिजनों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार कोलहटा कमाल निवासी 50 वर्षीय धर्मराज राजभर शुक्रवार सुबह करीब छह बजे खेत में शौच के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और बादलों की तेज गर्जना के साथ बिजली चमकने लगी। तभी धर्मराज आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। बिजली का प्रभाव इतना तेज था कि उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक एक राहगीर ने धर्मराज को बिजली की चपेट में आते देखा और तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर गए, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि धर्मराज राजभर अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। बेटियों की अभी शादी भी नहीं हुई है। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर महाराजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षेप

भाजपा का 17 दिवसीय महाअभियान 5 जून से

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान के अंतर्गत 05 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अभियान की रूपरेखा तय करते हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं कार्यशाला की अध्यक्षता जिलामहानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एवं जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सुशासन, पारदर्शिता और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। आज हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया। वहीं जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कार्यकताओं से इस 17 दिवसीय अभियान के हर कार्यक्रम को जनभागीदारी से बूथ स्तर तक सफल बनाने की अपील की। अभियान की शुरूआत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम से होगी। 08 जून से 14 जून तक प्रबुद्धजन संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक को सौंपी गई है। 13 एवं 14 जून को मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे, 14 जून से 16 जून तक ब्लॉक स्तर पर जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे।

भंडारे को लेकर दो पक्षों में ताबड़तोड़ फायरिंग, 6 घायल, पुलिस बल तैनात

मथुरा। मथुरा जिले के थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महोली गांव में गुरुवार को भंडारे और सेवा शिविर लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे, जिसके बाद खुलेआम अंधाधुंध फायरिंग शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक चले इस तांडव के कारण 84 कोस परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। इस गोलीबारी और मारपीट में छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महोली गांव में ठाकुर समाज के दो पक्षों में एक तरफ पार्षद पुष्पा देवी उर्फ गुड्डी प्रधान और दूसरी तरफ चंद्रपाल सिंह के समर्थकों के बीच पिछले 6 महीने से रंजिश चल रही थी। गुरुवार को चंद्रपाल पक्ष की ओर से परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए प्याऊ और सेवा शिविर लगाया गया था। इसी दौरान गुड्डी प्रधान के पक्ष के लोग भी वहां केला और अन्य खाद्य सामग्रियां लेकर पहुंच गए। दोनों पक्षों में आयोजन को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के लोग अवैध और लाइसेंसी हथियारों के साथ आमने-सामने आ गए और करीब आधे घंटे तक ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। राहगीर और श्रद्धालु अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस अंधाधुंध फायरिंग में दो लोगों को सीधे गोली लगी है, जबकि अन्य लोग छर्रे लगने और लाठी-डंडों की मारपीट में घायल हुए हैं।

शांति व भाईचारे से संपन्न हुई बकरीद की नमाज

● डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। जनपद में ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पवित्र पर्व बेहद शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर में कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग में नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के वार्डनों और स्वयंसेवकों ने पूरी मुस्तैदी से मोर्चा संभाला। डीएम एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा और एडीएम (प्रशासन) के निदेर्शों के अनुपालन में ए डी सी नीरज श्रीवास्तव चीफ वार्डन राजीव अग्रवाल, डिप्टी चीफ वार्डन कल्याण दास अग्रवाल नागरिक सुरक्षा ने सुबह 7 बजे से डीग गेट स्थित शाही ईदगाह मस्जिद पर विशेष व्यवस्था की गई थी। इसी क्रम में औरंगाबाद, वृंदावन छाता आदि जनपद की विभिन्न मस्जिदों और दरगाहों पर भी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण ढंग से ईद की नमाज अदा की गई।

उल अजहा का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाही मस्जिद ईदगाह में सुबह से ही भारी संख्या में नमाजियों का आना आरंभ हो गया प्रातः 8 बजे ईद की नमाज आरंभ हुई शहर मुफ्ती मोहम्मद आसिफ राजा ने ईद की नमाज अदा कराई और खुतवा हाफिज अब्दुल कादिर ने पढा नमाज के बाद मुल्क की तरक्की के लिए और खुशहाली के लिए दुआ की गई भाईचारा और अमन चैन से रहने की दुआ की गई साथ ही यह भी दुआ की गई कि किसी भी वर्ग के पीडित व्यक्ति की मदद हमेशा करें बीमार हाल और परेशान लोगों की परेशानियां अति शीघ्र दूर हो नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी एक हफ्ते से ईद की नमाज की तैयारी की जा रही थी सफाई के साथ-साथ नमाजियों के लिए कारपेट की व्यवस्था की गई माइक के साथ-साथ पेयजल की भी व्यवस्था की गई नमाजियों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रशासन की व्यवस्था के लिए भी कमेटी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डा जेड हसन सचिन तनवीर अहमद एडवोकेट उपाध्यक्ष गफ्फार अब्बास एडवोकेट जॉइंट सेक्रेटरी डॉक्टर अबरार जिया उल हक सुलेमान कुरैशी अब्दुल रहमान निसार राइन लाला पहलवान राशिद खान मुजफ्फर अहमद शाहिद खान अब्दुल हमीद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। बकरीद पर पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, डीएम एवं एसएसपी ने बकरीद के त्यौहार के दृष्टिगत डीग गेट चौकी, दरेसी रोड, भरतपुर गेट, घिया मंडी रोड, मंडी रामदास रोड, श्री कृष्ण जन्मस्थान गेट नंबर 1 आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त किया।

मृतक के टैटू और ऑटो के स्टीकर से हत्याकांड के खुलासे तक पहुंची पुलिस

आगरा। अलबतिया निवासी सुखलाल कुशवाहा (50) की हत्या दोस्त ने अपने दो साथियों के साथ 20 हजार रुपये की उधारी मांगने के विवाद में की थी। दोस्तों ने शराब के नशे में सुनारी गांव में ले जाकर लात-घूसों से पीटा था। शव की पहचान न हो, इसके लिए चेहरा पत्थर से कुचल दिया मगर मृतक के हाथ पर बने टैटू से मृतक की पहचान हो गई। वहीं सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस हत्याकांड के खुलासे तक पहुंच गई। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती है। मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। अलबतिया, जगदीशपुरा निवासी सुखलाल सबमर्सिबल पंप के ठेकेदार थे। 14 मई को सुबह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं आए। पुलिस ने यहां आने के रास्तों के कैमरे देखे। एक ऑटो आता दिखा। यह बोदला की तरफ से आया था। बोदला में भी पुलिस ने एक बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी के फुटेज देखे। इसमें एक व्यक्ति नजर आया। उस व्यक्ति के हाथ पर भी टैटू बना था। यही टैटू मरने वाले के हाथ पर भी बना था। यहां कुछ कागजात भी बिखरे हुए थे। एक कागज पर अलबतिया का पता था। पुलिस पते पर पहुंच गई। यह सुखवीर का निकला। परिजन ने उनके लापता होने के बारे में बताया। पुलिस परिजन को पोस्टमार्टम गृह ले गई। उन्होंने मृतक की पहचान कर ली। पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज की। सीसीटीवी कैमरे में नजर आए ऑटो में नंबर नहीं था मगर उस पर एक स्टीकर नजर आ रहा था। इस पर पुलिस ने बोदला पर चलने वाले ऑटो के बारे में पता किया। सामने आया यह ऑटो निखिल चलाता है। उसके साथियों धर्मवीर और कन्हैया के बारे में भी पता चल गया। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि कन्हैया को भगत की झोपड़ी, थाना जगदीशपुरा कन्हैया को दहतोरा से अमरपुरा रोड पर सचदेवा कट के आगे से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि 14 मई की रात आरोपी धर्मवीर ने उसे फोन करके बोदला चौराहे पर बुलाया था। जब वो वहां पहुंचा तो धर्मवीर के साथ ऑटो चालक निखिल भी मौजूद था। तीनों शराब पी रहे थे। सुखलाल ने वहां पहुंचकर धर्मवीर से 20 हजार रुपये का तगादा किया। दोनों में झगड़ा हो गया। निखिल और धर्मवीर ने उसे देख लेने की धमकी दी। निखिल और कन्हैया ऑटो, जबकि धर्मवीर अपनी बाइक से सुखलाल के पीछे चल दिए। उन्होंने उसको बोदला चौकी से शाहगंज वाली रोड पर पकड़ लिया। जबरन ऑटो में डाल लिया। सुनारी गांव के पास खेतों की तरफ ले गए। वहां धर्मवीर व निखिल ने सुखवीर को लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। उसका चेहरा भी कुचल दिया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

टूंडला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनी ईद

टूंडला। नगर में ईद-उल-अजहा का पर्व सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बाजारों में भी पूरे दिन रौनक रही और लोगों ने खरीदारी का आनंद लिया। त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजवादी नेता अमर सिंह जाटव पूर्व एडीएम अशोक यादव मोहम्मद फहीम नगर अध्यक्ष सपा अजब सिंह यादव, भोले शंकर निषाद ओम प्रकाश दिवाकर सत्य प्रकाश सगर सुरेंद्र सिंह यादव सेट्टी, चंद्रवीर यादव उदयवीर पौनिया मोहम्मद सनी अभिषेक यादव उपस्थित रहे।

टूंडला पुलिस ने 3 गैंगलीडर किये गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित तीन वांछित अभियुक्त लाल सिंह पुत्र स्व० पूरन सिंह निवासी ग्राम मदावली थाना टूण्डला, मोहन उर्फ मनमोहन पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम मदावली थाना टूण्डला लवकुश उर्फ लव पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम मदावली थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया है। गैंगलीडर आकाश ने गिरफ्तार तीनों सह अभियुक्तों के साथ एक संगठित आपराधिक गिरोह बना लिया है। गैंगलीडर आकाश अपने सदस्यों के साथ मिलकर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उदेश्य से हत्या जैसे अपराध कारित करते हैं। इनके आपराधिक कृत्यों से जनता में भय व आतंक व्याप्त है। जिनको थाना टूंडला पर गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत कराया गया था। उपरोक्त अभियोग में वांछित तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरूद्ध थाना पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

टूंडला पुलिस ने 10 वर्षीय बच्चे को सकुशल खोजकर किया परिजनों के सुपुर्द

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा घर से लापता 10 वर्षीय बच्चे को सकुशल खोजकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। वादी द्वारा अपने 10 वर्षीय पुत्र के दिनांक 20.05.2026 को घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने के संबंध में थाना टूण्डला पर सूचना दी गयी थी जिसके संबंध में थाना टूण्डला पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा उक्त बच्चे को अपने मामा के घर के पास ग्राम हिंगघोट खैरिया थाना भमरौली जनपद आगरा से सकुशल बरामद कर परिवारीजनों के सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर परिजनों के चेहरे खिल गए और उन्होंने टूंडला पुलिस का धन्यवाद किया।

घर से नाराज होकर आयीं दो लड़कियों को जीआरपी ने उनके माता पिता के सुपुर्द किया

टूंडला। जीआरपी थाना पुलिस ने घर से नाराज होकर आई दो लड़कियों को उनके माता पिता के सकुशल सुपुर्द किया है। मिशन शक्ति ऑपरेशन मुस्कान के तहत रेलवे स्टेशन टूंडला पर चैकिंग व गस्त किया जा रहा था। तभी प्लेटफार्म चार पर दो लड़कीयां दिखाई दी। पुलिस दोनों को पकड़कर जीआरपी थाने लाई। जहां उन्होंने अपने नाम अनामिका पुत्री रामविलास बसाक निवासी ग्राम कस्बा धनतुला बनाखपुरा थाना इस्लामपुर जिला उत्तर दिनारपुर पश्चिम बंगाल उम्र करीब 16 वर्ष व मालोमिका बसाक पुत्री विष्णु बसाक निवासी उपरोक्त उम्र करीब 14 वर्ष बताया। दोनों नाबालिग ने बताया कि घर से नाराज होकर चले आये है। जिस पर जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक मोनू कुमार आर्य ने अनामिका के पिता रामविलास बसाक व मलोमिका के पिता विष्णु बसाक व माता श्रीमती परिवारशी बसाक से फोन पर बात कर उनको टूंडला जीआरपी थाने बुलाया। थाने पर पहुंचे दोनों लड़कियों के माता पिता सकुशल सुपुर्द किया है।

डेयरी में बड़ा खेलः कर्मचारियों ने फर्जी तौल दिखाकर हड़पे 5 लाख रुपये

शिकोहाबाद। दुग्ध कारोबार से जुड़ी एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नगर के मैनपुरी रोड स्थित कुमार डेयरी प्राइवेट लिमिटेड के मैनपुरी स्थित दुग्ध अवशीतन केंद्र (चिलर प्लांट) में कार्यरत कर्मचारियों ने मिलकर कंपनी को करीब पांच लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोप है कि कर्मचारियों ने कंप्यूटर सिस्टम में फजीर्वाड़ा कर दूध की मात्रा बढ़ाकर दिखाई और भुगतान की रकम आपस में बांट ली। मामले का खुलासा होने के बाद कंपनी प्रबंधन में हड़कंप मच गया। कंपनी के जोनल मैनेजर अभि कुमार ने एसपी मैनपुरी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नौनेर स्थित दुग्ध अवशीतन केंद्र पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले दूध को संग्रहित कर ठंडा करने के बाद प्रोसेस प्लांट को भेजा जाता है। कुछ समय से सेंटर के रिकॉर्ड और वास्तविक दूध की मात्रा में अंतर मिलने पर जांच कराई गई। जांच में कर्मचारियों की मिलीभगत से बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ।

आरोप है कि केमिस्ट राजवीर सिंह निवासी औरैया, केमिस्ट अखिलेश कुमार निवासी औरैया तथा हेल्पर मोनू निवासी करहल ने ग्रामीण सेवा प्रदाता विपिन कुमार और प्रेमकिशोर के साथ मिलकर दूध की तौल में हेराफेरी की। ये लोग वीएलसी सेंटर से आने वाले दूध की तौल के समय कंप्यूटर सिस्टम में दूसरे कोड का दूध फीड कर कृत्रिम रूप से वजन बढ़ा देते थे। इसके बाद फर्जी तरीके से बढ़े हुए दूध का भुगतान कंपनी से रिलीज कराया जाता था और रकम आपस में बांट ली जाती थी। कंपनी की आंतरिक जांच में करीब पांच लाख रुपये की आर्थिक क्षति सामने आने के बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर पूरे फजीर्वाड़े का खुलासा किया जाएगा। डेयरी में हुए इस गबन की चर्चा क्षेत्र में दिनभर होती रही।

ईद के दिन दो पक्षों में हुआ संघर्ष, एक की मौत, महिला सहित सात गंभीर

मथुरा। कोसीकलां थाना क्षेत्र के गांव नगला मेव में ईद के दिन दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में 55 वर्षीय नवाब की मौत हो गई। इस घटना में एक महिला सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस बल तैनात किया गया है। यह विवाद एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुआ।

पीड़ित परिवार के अनुसार, परिवार के अधिकांश सदस्य गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर ईद की नमाज पढ़ने गए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के करीब 25 से 30 युवक लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए। उन्होंने घर में मौजूद बच्चों को निशाना बनाया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर नवाब उन्हें बचाने पहुंचे। हमलावरों ने उनके सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण नवाब की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची एक महिला पर भी फरसे से हमला किया गया, जिससे उसका कान कट गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हमलावर महिला के कान से सोने की बालियां भी लूट ले गए। हमले में घायल अन्य लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी (सीओ) छाता, भूषण वर्मा ने बताया कि मोटरसाइकिल खड़ी करने के विवाद में दो पक्षों के बीच लड़ाई-झगड़ा और मारपीट हुई थी, जिसमें नबाब नामक व्यक्ति की डंडा लगने से मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

अमन व भाईचारे के साथ मना ईद-उल-अजहा का पर्व

● ईदगाहों में अदा की गई नमाज लोगों ने गले मिलकर दी मुबारकबाद, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

फिरोजाबाद। जनपद में ईद-उल-अजहा का पर्व पूरी अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगहा और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ईदगाह में नमाज अदा कराने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।

ईद को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। ईदगाहा और मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ईद-उल-अजहा बकरीद त्यौहार को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के प्रमुख ईदगाहों एवं मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा नमाज स्थलों पर बैरिकेडिंग यातायात व्यवस्था साफ-सफाई, पेयजल विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया साथ ही ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप एक्स, इन्स्टाग्राम यू-ट्यूब, फेसबुक पर 24*7 घंटे सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा सतर्क निगरानी रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सतत गश्त संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी एवं यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गयी साथ ही ड्रोन कैमरों से सतर्क निगरानी रखी गई। नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद लोगों ने अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी लोगों को पर्व की बधाई देते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जनपद में ईद को लेकर उत्साह का माहौल दिखाई दिया। बाजारों में भी सुबह से रौनक रही और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

ताजमहल पर गूंजा हरे कृष्णा-हरे राम

आगरा। ताजमहल परिसर में हरे कृष्णा-हरे राम गूंजा। 30 से 35 लोग मुख्य मकबरे के नीचे चमेली फर्श पर बैठ कर कीर्तन करते नजर आए। 1.02 मिनट के इस वीडियो में एक व्यक्ति भगवा रंग के वस्त्र पहने नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एएसआई ने सीआईएसएफ से रिपोर्ट तलब की है। वीडियो में एक व्यक्ति भगवा कपड़ा पहने दिखाई दे रहा है जबकि उसके सामने महिलाएं और युवतियां बैठी हुई हैं। आसपास अन्य पर्यटक भी घूमते नजर आ रहे हैं। वीडियो में ताजमहल और यमुना से जुड़ी जानकारी की आवाज सुनाई दे रही है, जिससे माना जा रहा है कि वहां गाइड पर्यटकों को जानकारी दे रहा था। वीडियो को लेकर सीआईएसएफ से रिपोर्ट मांगी गई है। यह जांच की जा रही है कि वीडियो पुराना है या मंगलवार का। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अवैध खनन करते जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टर जब्त

शिकोहाबाद। तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में दूसरे दिन शुक्रवार देर रात ग्राम नगला ताल और शोभनपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर प्रशासनिक टीम ने छापेमार कार्रवाई कर एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। बताया गया कि नायब तहसीलदार नितिन चौधरी एवं खनन अधिकारी मफतलाल को क्षेत्र में रात के समय अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दोनों अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। टीम को देखकर खनन में लगे चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। प्रशासनिक टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन और तीन ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर थाना शिकोहाबाद की संत जने बाबा चौकी में खड़ा करा दिया। नायब तहसीलदार नितिन कुमार ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में दहशत का माहौल है। अधिकारियों ने साफ कहा कि शासन के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

एसएन मेडिकल कॉलेज में तीमारदारों ने डॉक्टरों को पीटा, दो चिकित्सक घायल

आगरा। ताजनगरी के एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मरीज के तीमारदारों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के साथ मारपीट और अभद्रता कर दी। घटना 23 मई की बताई जा रही है। आरोप है कि तीमारदारों ने न केवल इलाज के कार्य में बाधा डाली, बल्कि चिकित्सकों के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई भी की। हिंसक झड़प में दो डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में भर्ती मरीज मनोज का उपचार चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर तीमारदारों और डॉक्टरों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि तीमारदारों ने अपना आपा खोते हुए डॉक्टरों पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वार्ड में उस समय सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं थे, जिसके चलते स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। घायल चिकित्सकों को साथी डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ की मदद से तुरंत उपचार के लिए इमरजेंसी में पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रशांत गुप्ता की ओर से मदन मोहन गेट थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना से रेजिडेंट डॉक्टरों में भारी आक्रोश है। डॉक्टरों का कहना है कि अस्पतालों में लगातार बढ़ रही हिंसक घटनाएं चिकित्सा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। डॉक्टरों का यह भी कहना है कि यदि चिकित्सक ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो मरीजों का बेहतर इलाज प्रभावित होगा। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है।

10 दिन बाद संत प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा शुरू

● दर्शन पाकर भावुक हुए हजारों भक्त

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। वृंदावन के सुप्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर चल रही तमाम चिंताओं और अटकलों पर अब विराम लग गया है। पिछले 10 दिनों से स्थगित चल रही महाराज जी की रात्रिकालीन पदयात्रा आज से एक बार फिर शुरू हो गई है। अपने प्रिय गुरुदेव को दोबारा स्वस्थ देखकर और उनके दर्शन पाकर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु खुशी से झूम उठे।

गौरतलब है कि खराब स्वास्थ्य के चलते बीते 17 मई से महाराज जी की रात्रिकालीन पदयात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इसके बाद से ही भक्त उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे और लगातार उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे थे। इस बीच बीते सोमवार को केलि कुंज आश्रम की ओर से सोशल मीडिया पर प्रेमानंद महाराज का एक वीडियो साझा किया गया था, जिसने भक्तों की चिंता और बढ़ा दी थी। वीडियो में महाराज जी ने एक भावुक संदेश देते हुए कहा था मैं रहूं या न रहूं, तुम लोग कोई चिंता न करना। मैं तुम सभी से बहुत प्यार करता हूँ। अब मैं एकांतवास करूँगा। ध्यान रखना, आपके गुरुदेव हमेशा आपके साथ हैं, आप वही करेंगे जो हम कहेंगे। उन्होंने अंत में सभी से निरंतर राधा नाम का जप करने और महादेव की कृपा बने रहने की बात कही थी। इस संदेश के बाद भक्तों में एक अनजाना डर बैठ गया था। जैसे ही आज रात महाराज जी दोबारा पदयात्रा के लिए बाहर निकले, समूचा मार्ग राधे-राधे और जयकारों की गूंज से सराबोर हो गया। केलि कुंज आश्रम से लेकर गौतम ऋषि आश्रम तिराहा तक करीब 1 किलोमीटर की इस पदयात्रा में महाराज जी को पैदल चलता देख भक्तों की आँखों में खुशी के आँसू आ गए। गौतम ऋषि तिराहा पर भक्तों को आशीर्वाद देने के बाद महाराज जी अपनी डिफेंडर गाड़ी में सवार होकर राधा वाटिका के लिए रवाना हुए। महाराज जी की इस वापसी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आधी रात को भी सड़कों के दोनों ओर महाराज जी की एक झलक पाने के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ा हुआ है। इस यात्रा के दोबारा शुरू होने से ब्रज और प्रेमानंद जी के अनुयायियों में भारी उत्साह का माहौल है।

बिजली विभाग की लापरवाही से लाइनमैन की मौत, मुआवजे और सख्त कार्रवाई की मांग

फिरोजाबाद। बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण जसराना क्षेत्र के ग्राम नगला सामंती निवासी लाइनमैन रवि कुमार का आकस्मिक और दर्दनाक निधन हो गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी लोधी देवेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस घटना को परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। ?इस दौरान समाजसेवी देवेंद्र सिंह ने प्रशासनिक और बिजली विभाग के आला अधिकारियों से मौके पर ही तीखी वार्ता की। उन्होंने सख्त लहजे में मांग की कि इस अक्षम्य लापरवाही के जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल देने के लिए जल्द से जल्द उचित मुआवजा राशि स्वीकृत की जाए देवेंद्र सिंह ने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में उनका पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। जब तक दोषियों

फिकरे न कसें, काम देखें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा कर भारत वापस आ गए हैं। लेकिन उनकी यह 6 दिवसीय यात्रा प्रारंभ से लेकर अंत तक चर्चा के केंद्र में रही है। अपने ही देश में उन पर तरह-तरह के फिकरे कसे गए। कांग्रेस ने तो उन्हें गद्दार तक कह दिया। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। कमियां गिनाना आसान है । अच्छा होता कि इस देशके नेता चाहे वे सत्तापक्ष में हों या विपक्ष में समाधान तलाशते। एक ओर जहां नार्वे,नीदरलैंड,स्वीडन,इटली और संयुक्त अरब अमीरात में उन्हें हाथोहाथ लिया गया, भारत के साथ अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए , चार देशों ने तो उन्हें सर्वोच्च सम्मान तक दिया । यह दरअसल एक व्यक्ति का नहीं,देशकासम्मान था लेकिन इसके इतर भारत में प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध भयंकर विषवमन समझ से परे है। यह तो वही बात हुई कि घर का जोगी जोगड़ा आन गांव का सिद्ध। नीति ग्रंथों में तो यहां तक कहा गया ही कि राजा तु स्वदेशे पूज्यते,विद्वान सर्वत्र पूज्यते। लोकतंत्र में प्रधानमंत्री को पता नहीं राजा मानते है या नहीं,लेकिन देश की बागडोर तो उसके हाथ में है ही,फिर भी अपमान की सतत श्रृंखला आमजन को सोचने पर विवश तो करती ही ही। गोस्वामी तुलसीदास को भी अपनी जन्मभूमि राजापुर में कुछ ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ा था तभी तो उन्होंने लिख दिया था कि तुलसी वहां न जाइए,जन्मभूमि के ठाँव। गुण अवगुण का मर्म न जानें,धरैं पाछिलो नाम। यह इस देश की विडंबना है कि जो विदेश की सरजमीं पर जाकर भारतभूमि की आलोचना करते हैं,जिनकी पार्टी के दौर में लोग संविधान और लोकतंत्र की घोर उपेक्षा देख चुके हैं। देश में त्रासद आपातकाल झेल चुके हैं,नागरिक अधिकारों का निलंबन झेल चुके हैं,उस दल के नेता भी अगर संविधान और लोकतंत्र के संरक्षण की बात कर रहे हैं तो समझा जा सकता है कि देश को किस तरह के



नेतृत्व की जरूरत है। इस व्यर्थ की चिल्लपों में वे दल भी शामिल हो गए हैं और प्रकारांतर से कांग्रेस का साथ दे रहे हैं,जिन्होंने आपातकाल में जेल यातनाएं सही हैं।

खैर,विषयांतर हुए बगैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा और उसके हासिल पर ही चर्चा की जाए तो शायद ज्यादा उपयुक्त होगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकल्पहीनता बिल्कुल पसंद नहीं। वे चुनौतियों का मुक्त हृदय से स्वागत करते हैं। हाथ पर हाथ रखकर बैठने में यकीन नहीं रखते। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन,नॉर्वे और इटली की उनकी यात्रा को कमोवेश इसी आलोक में देखा-समझा जा सकता है। यह सच है कि उनकी यह यात्रा ऐसे दौर में हुई है, जब उन्होंने देशवासियों से डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील की थी। मंत्रियों से विदेश यात्रा से बचने की अपील की थी। देश में उनकी अपील पर अमल शुरू भी हो गया है लेकिन उन्होंने और उनके पीछे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विदेश के लिए उड़ान भरकर देश को तो विस्मित किया ही,विपक्ष को भी बैठे-ठाले सरकार के विरोध का मौका दे दिया है। एक सच यह भी है कि ईरान और अमेरिका के युद्ध और अमेरिका-चीन वार्ता की विफलता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी को इस बात का अहसास हो गया है कि आने वाला समय भारत के लिए बहुत आसान नहीं है। जिस तरह डीजल-पेट्रोल और गैस की कीमतें बढ़ रही हैं और होर्मुज स्ट्रेट का संकट फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा है, उसे देखते हुए एक दरवाजा बंद होने से पहले नए दरवाजों की उनकी तलाश वाजिब भी है। आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, सतत विकास और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के जो प्रयास किए हैं, उसके सकारात्मक परिणामों को नकारा नहीं जा सकता। यात्रा के लिए यात्रा औरदेश के व्यापक हितों के लिए यात्रा का फर्क तो समझा ही जाना चाहिए ।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

कर्नाटक में बदलाव का कांग्रेस पर असर

शाहिद ए चौधरी

हाई कमान ने मुझसे राज्यसभा में जाने के लिए कहा, मैंने विन्रमता से इनकार कर दिया। मेरी दिलचस्पी राष्ट्रीय राजनीति में नहीं है। लोगों ने मुझे पांच साल के लिए चुना है और दो साल अभी शेष हैं। तब तक मैं कर्नाटक की जनता और अपने चुनाव क्षेत्र के लोगों के लिए कामकरूंगा। विधायक दल व हाई कमान चाहे जिसे भी मुख्यमंत्री चुने। यह वक्तव्य है, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्दारमैया का, जिन्होंने 28 मई 2026 को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया ताकि नये मुख्यमंत्री का चयन हो सके। प्रबल अनुमान यही है कि डीके शिवकुमार ही इस पद को संभालेंगे, जिनकी कर्नाटक में कांग्रेस को पुनः सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका थी, जबकि उनके नाम को अनदेखा करते हुए वरिष्ठता व अनुभव को देखते हुए सिद्दारमैया को 20 मई 2023 को मुख्यमंत्री की शपथ दिला दी गई थी। तब सिद्दारमैया दूसरी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे। तब स्पष्ट संकेत यही थे कि आधे टर्म के लिए सिद्दारमैया और शेष आधे टर्म के लिए शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन एक बार कुर्सी पाने के बाद कौन उसे छोड़ना चाहता है, इसलिए आधा टर्म पूरा होने के बाद भी अघोषित संभावित व्यवस्था, बीच-बीच में अंदरूनी राजनीतिक तनाव के चलते स्थगित होती रही।

बहरहाल, इतना तो स्पष्ट है कि कांग्रेस ने मुख्यतः दो कारणों से अपना मुख्यमंत्री बदलने का फैसला किया है। एक, भाजपा की शैली (जैसा कि वह अक्सर गुजरात में करती है) को अपनाते हुए सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए। दूसरा शिवकुमार से किये गये वायदे को पूरा करने के लिए। लेकिन सिद्दारमैया के उक्त वक्तव्य को अगर पढ़ा जाये तो शिवकुमार के लिए राहें आसान नहीं होने जा रही हैं; क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री राज्य में राजनीतिक दृष्टि से पैसिव नहीं रहने के। उन्होंने राज्यसभा में जाने से इनकार कर दिया है। दूसरा यह कि कर्नाटक में बहुत गहरी क्षेत्रीय व जातिगत असमानताएं हैं जिन्हें संबोधित करना आसान नहीं है। फिर अब भी ऐसे दर्जनों विधायक हैं जो सिद्दारमैया से वफादारी का दम भरते हैं। बीजेपी के चाणक्य ऐसे ही अवसर की तलाश में रहते हैं। फिलहाल सिद्दारमैया खुद को कांग्रेस के लिए समर्पित बता रहे हैं।

> इस्तीफा देने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक में शिवकुमार ने सिद्दारमैया के पैर छुए और उन्होंने शिवकुमार को अपने गले से लगाया , लेकिन राजनीति में जो दिखताहै, वह होता नहीं है। इसलिए अभी यह अनुमान लगाना कठिन है कि कर्नाटक में यह फेरबदल कांग्रेस के लिए क्या गुल खिलायेगा।

सिद्दारमैया का इस्तीफा

इस्तीफा देने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक में शिवकुमार ने उनके चरण स्पर्श किये व उन्होंने शिवकुमार को अपने गले लगाया। लेकिन राजनीति में जो दिखता है ,वह अक्सर होता नहीं है। इसलिए कम से कम अभी के लिए यह अनुमान लगाना कठिन है कि कर्नाटक में यह फेरबदल कांग्रेस के लिए क्या गुल खिलायेगा? वैसे इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस के संकटमोचक शिवकुमार स्थितियों को संभालने में बहुत माहिर हैं।

कर्नाटक में 1980 के दशक से किसी भी पार्टी ने लगातार दूसरी बार सरकार नहीं बनायी है। सिद्दारमैया को बदलने से क्या कांग्रेस के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी चली जाएगी और पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव का सामना ताजा छवि से कर पायेगी? इस जुए में सफलता न सिर्फ. त्वरित राजनीतिक उथल-पुथल के प्रबंधन पर निर्भर करेगी बल्कि इस पर भी कि नई सरकार आर्थिक संकट का किस तरह से प्रबंधन करेगी जो लोगों को हर रंग की पार्टियों को ठुकराने के लिए विवश करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने ऐसी स्थितियों के प्रबंधन में जो अतीत में गलतियां कीं, उन सबसे बचने का प्रयास कर रही है। राजीव गांधी ने 1990 में एयरपोर्ट पर वीरेंद्र पाटिल को बतौर मुख्यमंत्री बर्खास्त कर दिया था, जिसके लिए राज्य की सबसे बड़ी जाति लिंगायत ने अभी तक कांग्रेस को माफ नहीं किया है। राहुल गांधी ने सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग काफी शालीनता व राज्यसभा सदस्यता के साथ की। सिद्दारमैया ने भी बदलाव को स्वीकार किया, लेकिन उनका एक्शन विद्रोह के संकेत के बिना नहीं था। उन्होंने राज्यसभा सीट के ऑफर को भी ठुकरा दिया।

हाई कमान से मुलाकात करने के बाद उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि जाति सर्वे रिपोर्ट सौंप दी जाये। चूंकि रिपोर्ट में कर्नाटक में नये आरक्षण फॉर्मूले की मांग की गई है, इसलिए वह अगले मुख्यमंत्री के लिए किसी टाइम बम से कम नहीं है। इससे सिद्दारमैया को मंच भी मिल जाता है कि वह अहिंदा (अल्पसंख्यक, पिछड़ी जातियों व दलितों) की राजनीति में लौट आएं। वह कर्नाटक में कांग्रेस के एकमात्र वरिष्ठ नेता हैं, जिनका जनाधार है।

जाहिर है विपक्ष उनकी इस चाल को अनदेखा नहीं करेगा। पिछड़े गुटों की जन राजनीति में सिद्दारमैया के लौटने से वही आर्थिक प्रक्रियाएं उबाल लेने लगेंगी, जिनकी वजह से राज्य में पार्टियों का पुनः चयन नहीं हो पाता है। 1980 तक कर्नाटक वह राज्य था, जहां सत्तारूढ़ पार्टी कभी हारती नहीं थी। फिर यह होने लगा कि सत्तारूढ़ पार्टी कभी लगातार न जीत पाती। यह सब कर्नाटक में भूमंडलीकरण की वजह से हुआ। संचार क्रांति ने बंगलुरु के टेक्निकल मैनपॉवर को वैश्विक अवसरों तक पहुंचाया। इसके अतिरिक्त उदारीकरण के लाभों से बंगलुरु को वैश्विक पहचान मिली, आईटी सेवाओं के केंद्र के रूप में। बहुआयामी रसोई से आईटी कैंपस की कहानियों ने वैश्विक कम्पनियों के उत्थान को देखा और कर्नाटक देश में सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया। इस सफलता की राजनीतिक कठिनाई यह थी कि यह केवल एक जिले तक केंद्रित रही। कर्नाटक की आय में बंगलुरु का शेयर निरंतर बढ़ता रहा और अब राज्य के जीएसडीपी में लगभग 40 प्रतिशत का हिस्सा है, बाकी जिले इस प्रकार का विकास नहीं कर पाए हैं और इस आर्थिक असमानता ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया है कि राजनीतिज्ञ इसे अनदेखा नहीं कर पायेंगे। नतीजतन वह अपने-अपने क्षेत्रों के लिए अलग स्टेट्स की मांग करने लगे, जिसमें पहल मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तरपूर्व कर्नाटक के लिए की। जब इससे भी काम न चला तो राजनीतिक फोकस सीधे लाभों की तरफ मुड़ गया। बतौर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने अपने पहले टर्म में मुफ्त चावल योजना आरंभ की। दूसरे टर्म में इसका विस्तार पांच गारंटियों में कर दिया गया। राज्य द्वारा संसाधनों का ट्रांसफर गरीबों की ओर करना राजनीतिक दृष्टि से आकर्षक हो सकता है, लेकिन उससे असमानता के बोध को कम नहीं किया जा सकता जोकि बंगलुरु व अन्य जिलों के बीच है। इसलिए अन्य जिलों की प्रतिक्रिया राज्य सरकारों के खिलाफ मतदान करने की रही।

कर्नाटक में राजनीतिज्ञों के लिए आर्थिक समस्या हाल के वर्षों में अतिरिक्त कठिन हो गई है, मुख्यतः दो कारणों से। एक, एआई के आने से बंगलुरु के आईटी उद्योग में कोडिंग जॉब्स पर कुप्रभाव पड़ा है। आईटी प्रोफेशनल्स को नौकरी से निकाले जाने की वजह से राज्य का विकास इंजन धीमा हो गया है। इससे सरकार का राजस्व प्रभावित होता है और राज्य में कल्याणकारी कार्य करना कठिन हो जाता है। दूसरा यह कि बड़ी भारतीय कम्पनियां अब विदेशों में निवेश कर रही हैं। विदेशों में भारतीय एफडीआई जो 2020-21 में लगभग 11 बिलियन डॉलर था वह 2024-25 में बढ़कर 28 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। जाहिर है इस स्थिति में अगर कांग्रेस के नये मुख्यमंत्री को सिद्दारमैया के बदलने को सफल बनाना है, तो राजनीतिक चुनौती के साथ आर्थिक योजना को भी विकसित करना होगा।

सोशल मीडिया

हमारी मातृभूमि साधना व उपासना के साथ-साथ साहस, शक्ति और सर्व-कल्याण की पुण्य भूमि रही है, महान विरासत एवं प्राचीन संस्कृति की पावन धरा सबको सुख समृद्धि से परिपूर्ण रखे। पीएम मोदी.

सत्य अनुभूति का विषय

मैं कहना चाहता हूं कि कोई भी दुनिया में कुछ कहे, उस किसी को भी सत्य मानना उचित नहीं है, जब तक कि खुद उसका अनुभव न हो जाए। यदि हम दूसरों की बातों को सत्य मान लेंगे, तो स्वयं सत्य को जानने से वंचित रह जाएंगे। जो भी विश्वास बना लेता है, और दूसरों को स्वीकार कर लेता है, वह खुद के उदघाटन से अपने ही हाथों, अपने ही हाथों, अपने उदघाटन से दूर हो जाता है। लेकिन हम सारे लोग ही विश्वास किए हुए हैं, हम सारे लोग ही किसी धर्म को, किसी पंथ को, किसी शास्त्र को अंगीकार किए हुए हैं, और यही कारण है कि हम सत्य को जानने में समर्थ नहीं हो पाएंगे।

सत्य को जानने के लिए जरूरी है कि मन दूसरों को स्वीकार करने की घातक प्रवृत्ति से मुक्त हो जाए। लेकिन हमें सिखाया गया है कि हम अनुकरण करें। दूसरों को आदर्श मानें और उनको स्वीकार करें। मेरी कोई वैसी प्रवृत्ति नहीं है। बल्कि मेरी दृष्टि यही है, कि जब तक कोई मनुष्य किसी दूसरे का अनुसरण करे, तब तक स्मरण रखे कि वह सत्य का अनुसरण नहीं कर रहा है। और क्या कारण हैं, उस पर मैं आपसे चर्चा करूंगा। स सारी जमीन पर और सारे मनुष्य के इतिहास में जो जहां है, वहां कोई भी रहने को राजी नहीं है। हम सारे लोग उस जगह को छोड़ना चाहते हैं, जहां हैं और उस जगह होना चाहते हैं जो हमारी कल्पनाओं में है और सोचते हैं कि वहां होने से सुख होगा, शांति होगी, आनंद होगा, संतोष होगा। लेकिन एक और अदभुत अनुभव है कि आज तक जमीन पर किसी भी व्यक्ति ने, चाहे किसी भी स्थान को उपलब्ध कर लिया हो, और चाहे किसी पद को पा लिया हो, और चाहे किसी धन को पा लिया हो, कोई संपत्ति पा ली हो, कोई साम्राज्य पा लिया हो, यह आकांक्षा और आगे जाने की उसी भांति कायम बनी रहती है, यह आकांक्षा नष्ट नहीं होती है। इससे कोई कहेगा कि आकांक्षा ही छोड़ देनी चाहिए, मैं नहीं कहूंगा। इससे कोई कहेगा कि आकांक्षा की ही जरूरत नहीं है, जब वह कहीं तृप्त ही नहीं होती, यह मैं नहीं कहूंगा। मैं तो यह कहूंगा कि अगर हम इस आकांक्षा को समझें, तो एक अदभुत बात हमारे सामने स्पष्ट हो जाएगी। अगर मनुष्य अपनी वासना को, अपनी डिजायर को, अपनी आकांक्षा को समझ ले, तो उसके जीवन में एक अदभुत सत्य का उदघाटन हो जाएगा। सुई जहां गुमी है, उसे वहीं खोजनी होगी। उसे बाहर खोजने से कुछ भी न होगा, चाहे वहां कितनी ही रोशनी हो। चाहे वहां कितना ही प्रकाश हो, चाहे खुद सूरज वहां मौजूद हो, तो भी खोजने से उपलब्ध नहीं होगा। खोजने के पहले जानना जरूरी है कि खोया कहां है? - **ओशो**

अंतर्दृष्टि

भारतीयों का रिवर्स माइग्रेशन चिंताजनक

बड़े पैमाने पर हो रहे इस रिवर्स माइग्रेशन से भी एक सवाल बड़ी तेजी से उभर रहा है कि क्या ये अनिवासी भारतीयों की अपने देश की वापसी स्थायी है या यह सिर्फ एक सम-सामयिक फिनोमिना भर है? इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि जिस पैमाने पर और जिस तैयारी के साथ अप्रवासी भारत लौट रहे हैं, उससे लगता नहीं है कि वह बहुत अस्थायी या अचानक केंद्र में आया मसला है। दरअसल आने वाले सालों में ग्लोबल इंडियन की परिभाषा बदल सकती है।

कभी बेहतर भविष्य, कभी ऊंची तनख्वाहों और कभी स्थायी नागरिकता के सपनों के साथ दुनियाभर में फैले लगभग 3 करोड़ 54 लाख भारतीयों और भारतवंशियों में से अब बड़ी तेजी से प्रवासी भारतीय ह्यरिवर्स माइग्रेशनह्ल कर रहे हैं। ईरान-अमरीका$इजरायल जंग के कारण करीब 3 से 5 लाख प्रवासी भारतीय विभिन्न खाड़ी देशों से पिछले 4-5 महीने के भीतर जो लौटे हैं, उनकी वजह तो भले तात्कालिक युद्ध और युद्ध जैसे लंबे समय से परिस्थितियों का संकट रहा हो, लेकिन ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका से भी पिछले एक साल में बड़े पैमाने पर प्रवासी भारतीयों ने रिवर्स माइग्रेशन का रुख किया है। यह महज सामाजिक बदलावभर नहीं है बल्कि वैश्विक राजनीति की बदलती जियोपॉलिटिक्स, मंदी का शिकार होती अर्थव्यवस्थाएं और बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ विभिन्न देशों में कट्टरपंथ का उभार भी इस माइग्रेशन के पीछे एक बड़ा कारण है।

हाल के सालों में जिन देशों से बड़ी संख्या में अप्रवासी भारतीयों की वापसी हुई है, उनमें कनाडा भी एक प्रमुख देश है, जहां बढ़ती बेरोजगारी, रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और भारत तथा कनाडा के बिगड़ते कूटनीतिक रिश्तों के चलते हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर कनाडा छोड़कर, भारत पिछले 12 से 14 महीने के बीच लौटे हैं। जबकि अमरीका में टेक सेक्टर में बढ़ी छंटनी, एच-1बी वीजा अनिश्चिताओं ने भी अप्रवासी भारतीयों की चिंता और असुरक्षा बढ़ायी है। इसी तरह खाड़ी देशों से पिछले एक साल के भीतर 3 से 5 लाख भारतीय जिनमें से ज्यादातर उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के अस्थायी कामगार थे, वे पश्चिम एशिया संकट के कारण वापस अपने देश लौटे हैं। जिन देशों से बड़े पैमाने पर भारतीय वापस आये हैं, इनमें से सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत और ओमान हैं। इनकी वापसी के कारणों में तेल आधारित अर्थव्यवस्था में दबाव, युद्ध और क्षेत्रीय तनाव, श्रमिकों की छंटनी, वीजा नियमों की सख्ती और स्थानीय लोगों के लिए बढ़ती तरजीह रही है।

पिछले एक साल में 80 हजार से 1.5 लाख के आसपास भारतीय छात्र और अस्थायी कामगार कनाडा से भी लौटे हैं। इनके पीछे भी छात्र वीजा नियमों में की गई सख्ती, कनाडा में बढ़ती बेरोजगारी, परमानेंट रेजिडेंस की बढ़ती हुई समस्या और किराया तथा जीवनयापन कई गुना महंगा हो जाने के कारण इन भारतीयों की वापसी हुई है। लेकिन जहां तक अमरीका का सवाल है, वहां से एक साल के भीतर 50 हजार से 1 लाख भारतीय वापस आये हैं या रिलोकेशन की प्रक्रिया में रहे हैं। अमरीका से छात्रों की वापसी कम हुई है, ज्यादातर हाई स्किल्ड कामगार ही वापस लौटे हैं। इसकी वजह एच-1बी वीजा अनिश्चितता, ग्रीन कार्ड, टेक सेक्टर में ले ऑफ, एआई ऑटोमेशन और इमीग्रेशन फटीग बड़ा कारण हैं। लेकिन सबसे आश्चर्यजनक रिवर्स माइग्रेन हाल के दिनों में ब्रिटेन से हुआ है। साल 2025 में 51 हजार भारतीय छात्र और 21 हजार से ज्यादा कामकाजी लोगों ने लंदन सहित ब्रिटेन के कई शहरों से वापस भारत की तरफ लौटे हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण यहां बढ़ती कट्टरता और अप्रवासी भारतीयों के साथ स्थानीय लोगों की गहराती बेरुखी रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर रिवर्स माइग्रेशन अब के पहले ब्रिटेन से कभी नहीं हुआ। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों जैसे मलेशिया, सिंगापुर और कंबोडिया से भी पिछले एक साल में कई लाख लोगों की वापसी हुई।

सवाल है इतने बड़े पैमाने पर आखिर अप्रवासी भारतीय दुनिया के विभिन्न देशों को छोड़कर भारत क्यों आ रहे हैं? इसकी सबसे बड़ी वजह एक तो स्थानीय लोगों में भारतीयों को लेकर बढ़ती नफरत

और ईर्ष्या है, दूसरे नंबर पर दुनिया के लगभग सभी देशों में अर्थव्यवस्था के बिगड़ते हालात हैं और तीसरा बड़ा कारण यह है कि भारत में हाल के सालों में अवसर बढ़े हैं। विशेषकर जो आईटी प्रोफेशनल्स, स्टार्टअप फाउंडर्स, रिटायर्ड एनआरआई, रिमोट वर्कर्स और ग्लोबल इंडियन लौट रहे हैं। इनके पीछे भारत में हाल के दिनों में बढ़े अवसर भी हैं। एक और बात है अब विदेशों में रहने वाले भारतीयों के परिवार के साथ रहने की कीमत का पता चल गया है, इसलिए कई लोग थोड़ी कम इंकम से समझौता करके भारत वापस लौट रहे हैं। एक और कारण ये भी है कि अब भारत के टियर-2 शहरों में भी जीवन बेहतर हो गया है। इसलिए जिन भारतीयों ने कई साल विदेश में रहकर थोड़ी बहुत कमाई कर ली है, वह भी भारत आकर अब उसी कमाई की बदौलत क्वालिटी लाइफ जीने की कोशिश कर रहे हैं।

बड़े पैमाने पर हो रहे इस रिवर्स माइग्रेशन से भी एक सवाल बड़ी तेजी से उभर रहा है कि क्या ये अनिवासी भारतीयों की अपने देश की वापसी स्थायी है या यह सिर्फ एक सम-सामयिक फिनोमिना भर है? इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि जिस पैमाने पर और जिस तैयारी के साथ अप्रवासी भारत लौट रहे हैं, उससे लगता नहीं है कि वह बहुत अस्थायी या अचानक केंद्र में आया मसला है। दरअसल आने वाले सालों में ग्लोबल इंडियन की परिभाषा बदल सकती है। पहले सफलता का अर्थ जहां विदेशों में बस जाना था, वहीं अब भारत में रहकर वैश्विक काम करना कहीं ज्यादा सहज और सम्मानजनक होता जा रहा है। भारत के तमाम छोटे-छोटे शहरों में हाल के वर्षों में जिस तरह से डिजिटल तकनीक और आर्थिक अवसर बढ़े हैं, उस कारण अब युवा देश के कुछ गिने-चुने बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, हैदराबाद आदि में ही अपना भविष्य नहीं देख रहे बल्कि छोटे शहरों में भी अब उन्हें अपना भविष्य दिखाई पड़ने लगा है। भले यह अभी विदेशी जैसा आकर्षक विकल्प न हो, लेकिन अपने देश में रहने और कम खर्च में बेहतर बचाने की जुगत के कारण भी अब भारतीय विदेश से लौटकर देश में सैटेल होने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि उच्च शिक्षा, रिसर्च और विज्ञान तथा अत्याधुनिक तकनीक के लिए अभी भी बड़े पैमाने पर भारतीय युवा यूरोप और अमरीका की तरफ ही जाने की फिराक में हैं। लेकिन अब जाकर वहां स्थायी रूप से बसने की बजाय ग्लोबल मोबेलिटी को महत्व दिया जा रहा है। हाल में भारतीयों के बीच यह मत दृढ़ हुआ है कि रहे भले दुनिया के किसी कोने में लेकिन हमारा स्थायी निवास भारत में ही होना चाहिए। इससे भी अब रिवर्स माइग्रेशन बड़े पैमाने पर हो रहा है। इस माइग्रेशन के दूरगामी नतीजे भी देखने को मिलेंगे। देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी बेहतर स्कूल, को-वर्किंग स्पेस, कैफे कल्चर और डिजिटल सेवाएं तथा स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी से विकसित हो रही हैं। इस कारण भी अब विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीय, भारत की तरफ वापसी का रुख कर रहे हैं। एक और कारण है राजनीति और नीति निर्माण पर भी अब प्रवासियों की न केवल राय सुनी जाती है बल्कि उन्हें महत्व दिया जाता है। छोटे शहरों में जिस तरह के रोजगार, इंटरनेट, सार्वजनिक परिवहन आदि की सुविधाएं बढ़ी हैं साथ ही अवसरों की उपलब्धता भी बढ़ी है, वे स्थितियां भी अप्रवासी भारतीयों को वापस देश आने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कुल मिलाकर भारतीयों का पिछले एक-डेढ़ साल के भीतर रिवर्स माइग्रेशन केवल एक वजह से नहीं है। लेकिन यह भी नहीं कहा जा सकता कि सब कुछ ठीकठाक है। **-वीना गौतम**

आप की बात

ग्रीन एनर्जी का महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा जीवन के लिए अपरिहार्य है।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

रोजगार मेलों का आयोजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है।

मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

सेवा भारती का वैभवश्री प्रशिक्षण सम्पन्न

अयोध्या। सेवा भारती अयोध्या द्वारा साकेत निलयम संघ कार्यालय में वैभवश्री प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवा कार्यों से जुड़े कार्यकताओं, मातृशक्ति एवं विभिन्न सेवा प्रकल्पों की बहनों सहित लगभग 85 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती की वैभवश्री केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य आदरणीय विनोद मोहने का प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने महिलाओं के स्वावलंबन, सेवा कार्यों की प्रभावशीलता एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के विषय में कार्यकताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर महंत वैदेहीबल्लभ शरण महाराज, डॉ. शिवेंद्र सिन्हा वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ, अजय सिंघल व्यवसाई एवं अरविंद कुमाररही। यह आयोजन समाज में सेवा भावना, संगठन शक्ति एवं आत्मनिर्भरता के संकल्प को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में सेवा भारती अयोध्या विभाग की समस्त कार्यकारिणी व अयोध्या महानगर कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सेवा भारती प्रांत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

जिला संवाददाता

अयोध्या। जनपद अयोध्या में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व हर्षोल्लास, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर स्वयं मौके पर उपस्थित रहे तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की निगरानी की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सतर्क रहकर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित बस अड्डा ईदगाह में मुस्लिम समुदाय द्वारा अकीदत के साथ नमाज अदा की गई तथा देश एवं प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली एवं तरक्की की दुआ मांगी गई। त्यौहार के अवसर पर जनपदवासियों ने एक-दूसरे को बकरीद की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। पूरे जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रही। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा यातायात एवं आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

शॉर्ट सर्किट से कपड़े के शोरूम में लगी भीषण आग

अयोध्या। जिले की बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चैरे बाजार स्थित रामदेव बृजेश कुमार के कपड़े के शोरूम में बृहस्पतिवार सुबह विद्युत शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने शुरूआत में आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।सूचना पर बीकापुर और अयोध्या से पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग लगने के दौरान शोरूम में फंसी तीन महिलाओं समेत अन्य लोगों को पुलिस और बाजारवासियों की मदद से पीछे के रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में शोरूम में रखा लाखों रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। संचालक मनीष अग्रहरी ने बताया कि व्यापारियों को देने के लिए रखे करीब दो लाख रुपये नकद भी आग में जल गए। आग की चपेट में नीचे स्थित किराना दुकान और आसपास की दुकानों में भी नुकसान हुआ है।

आग बुझाने के दौरान मनी सिंह, शंकर शर्मा, गौरव अग्रहरि, रोशन अग्रहरी समेत कई लोग आंशिक रूप से झुलस गए। सूचना पर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, चैरे बाजार चैकी प्रभारी बुद्धिमान सिंह तथा एसडीएम श्रेया मौके पर पहुंचीं। एसडीएम ने बताया कि नुकसान का आकलन कराया जा रहा है तथा विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर एसीजेएम ने किया जागरुकता शिविर का शुभारंभ

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर विधिक साक्षरता एंव जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकारण व एसीजेएम उज्जवल उपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर मे एसीजेएम श्री उपाध्याय ने आमजनमानस को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुये कहा कि आज के समय में युवाओं के लिए तंबाकू का सेवन करना एक फैशन बनता जा रहा है। तंबाकू का सेवन शरीर में समस्याओं के अलावा कुछ नहीं देता है। तंबाकू का सेवन मुंह, गला, फेफड़ा, गला, कंठ, खाद नली, गुर्दे आदि स्थानों में कैंसर पैदा कर सकता है। फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा उन लोगों को रहता है जो स्मोकिंग करते हैं। स्मोकिंग के कारण फेफड़े की कार्यप्रणाली बुरी तरह से प्रभावित होती है और वह धीरे-धीरे कैंसर की चपेट में भी आ जाता है। इसलिए तंबाकू का सेवन और स्मोकिंग करने से बचें। शिविर मे मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश कुमार यादव, डिप्टी सीएमओ डा0 डी0 के0 श्रीवास्तव ए0सी0एम0ओ0, डा0 राजीव सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, लवकुश कनौजिया मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर याद कर रालोद कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किया नमन

बाराबंकी। भारत रत्न, किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोक दल कार्यकताओं ने सफेदाबाद नहर कोठी स्थित चैधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तथा चैधरी साहब की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एंव किये गये कार्यों को जनता तक पहुंचाने का सकंल्प लिया। इसके उपरान्त राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष स्वर्गीय अखिलेश वर्मा के आकस्मिक निधन हो जाने पर 2 मिनट का मौन रख आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर राम अचल गौतम, दिलीप वर्मा, कैलाश चंद्र, जमीलूर रहमान, परशुराम सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग वर्मा, हनुमान शरण, प्रेमनाथ अवस्थी, रामदेव, सत्रोहन यादव, राम प्रताप रावत, महादेव इशरत अली, दीपक वर्मा, अंश वर्मा, अनिका वर्मा मौजूद रहे।

सावरकर को मिले भारत रत्नः मनीष पाण्डेय

अयोध्या। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महान क्रांतिकारी वीर विनायक दामोदर सावरकर की 143वीं जयंती नया मंदिर शीश महल लक्ष्मण घाट अयोध्या जी में धूमधाम से मनाई गई, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि वीर विनायक दामोदर सावरकर शक्ति के ऐसे पुंज क्रांति के नक्षत्र का चिरंतर ज्योतिपुंज के रुप में प्रतिष्ठित हैं, जिनसे एक असीम ऊर्जा ग्रहण कर बिना विचलित हुए हर हिन्दुत्ववादी अपने कर्तव्य पथ पर निरन्तर अग्रसर था है, और हमेशा रहेगा।

हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडे ने केंद्र सरकार से यह मांग की है कि सावरकर के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एवं हिंदू और हिंदुत्व के किए गए उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें भारत रत्न उपाधि से सम्मानित किया जाए, श्री पाण्डेय ने आगे कहा की कांग्रेस ने जिस तरह समय-समय पर वीर क्रांतिकारियाँ बलिदानियों का अपमान किया है उसी का भयावह परिणाम आज उसे ही प्राप्त हो रहा है कांग्रेस की दूषित मानसिकता उसे धीरे-धीरे भारत सें मुक्त कर रही है, कांग्रेस द्वारा अनेक अवसरों पर सावरकर के चरित्र हनन का प्रयास किया गया। हिन्दू महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राम लोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि सावरकर एक असाधारण योद्धा, महान साहित्यकार, वक्ता, विद्वान, लेखक समाज सुधारक और एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित है आज के युवाओं से उनकी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सावरकर की कार्यों को देखते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि दिया जाना अत्यंत प्रासंगिक है।

पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण अभ्यास का कराया गया ड्रिल

जिला संवाददाता

बहराइच। पुलिस लाइन, परेड ग्राउंड पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन एवं नेतृत्व में दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य आपात परिस्थितियों में पुलिस बल की तत्परता, समन्वय क्षमता एवं कार्यकुशलता का परीक्षण करना तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं आधुनिक रणनीतियों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा।

ड्रिल के दौरान पुलिस बल को एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस गोले, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन शील्ड, हैंड गार्ड एवं लेग गार्ड सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का रियल टाइम अभ्यास कराया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान इन उपकरणों की

उपयोगिता एवं उनकी भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पीआरवी-112 वाहनों का निरीक्षण भी किया गया।

बलवा ड्रिल हेतु विशेष टीमें गठित कर उन्हें किसी भी प्रकार की अशांति अथवा आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक टीम को उनके दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त ड्रोन सर्विलांस टीम को क्षेत्र की सतत निगरानी हेतु निर्देशित किया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल को नवीन दंगा नियंत्रण रणनीतियों, संयमित व्यवहार, संवेदनशीलता तथा विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण पालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए, जिससे किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में प्रभावी एवं व्यावहारिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक श्री शंभू शरण यादव शाहिद पुलिसकर्मी मौजूद रहे

जागो री जागो संस्था ने जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को बांटे फल

बाराबंकी। जागो री जागो संस्था के तत्वाधान में मासिक कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला महिला अस्पताल मे भर्ती प्रसूताओ मे फल वितरण किया गया। आज संस्था अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, अस्पताल अधीक्षक डॉ0 प्रदीप कुमार, डॉ0 रवींद्र आहूजा, डा0खुशी राम वर्मा, डा0 रामानंद सिंह, दिनेश प्रसाद वर्मा, रमेश चन्द्र विश्वकर्मा, संयोजिका सोनिया वर्मा, रेनू, आराधना द्वारा भर्ती प्रसूताओं मे 90 पैकेट फल सेब, अनार, केला, ब्रेड, बिस्कुट वितरण किया। तथा भ्रण हत्या न करने, सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने, बेटी होने पर खुशी मनाने तथा बेटियों को उच्च शिक्षित बनाएं का संदेश दिया। इस अवसर पर वालेंटियर बबिता, राखी सैनी, नेहा, खुशी मौजूद रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न

जिला संवाददाता

बहराइच। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता किसान दिवस आयोजित किया गया। किसान दिवस में कृषि एवं एलाइड विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसानों से अधिक आय प्राप्त करने हेतु प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से अपेक्षा किया कि कोई भी किसान कभी भी उनके यहां आकर अपनी कोई भी शिकायत कर सकता है ,जिसका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा स बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषक हरि शरण सिंह एवं लालता प्रसाद गुप्ता ने जनपद में रबी में मक्का की अधिक पैदावार के दृष्टिगत मक्का क्रय केंद्र खोले जाने की मांग की।

बैठक में अनिल कुमार मिश्रा कृषक नवाबगंज ने बताया कि उनके द्वारा गेहूं की बिक्री की गई है एक माह व्यतीत होने के उपरांत भी गेहूं बिक्री

मूल्य प्राप्त नहीं हुआ। बैठक में उपस्थित कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने वन विभाग के प्रतिनिधि से पेड़ों की कटान से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। वन विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि आम सहित 26 पौधों को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है स बिना अनुमति के इन वृक्षों को नहीं काटा जा सकता हैस यदि किसी व्यक्ति अथवा किसान भाई को कोई भी पेड़ों की काटन किया जाना आवश्यक है तो वह वन विभाग से अन्य प्राप्त कर सकते है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर सी.पी.एन. गौतम ने वर्तमान खरीफ सीजन में फसल उत्पादकता प्राप्त करने हेतु बीजों का चुनाव सही ढंग से करने की सलाह दी। बैठक में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 नंदन सिंह ने किसानों को डीएपी एवं यूरिया का उपयोग काम करने की सलाह दी उन्होंने कहा कि अधिक डीएपी और यूरिया के प्रयोग से भूमि की उर्वरक शक्ति कम हो रही है।

उप कृषि निदेशक बहराइच विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही जिले में मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कराई जा रही है जिससे जनपद में मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को फायदा होगा उनकी उपज अब यही जनपद में आसानी से प्रोसेस हो सकेगी। उप कृषि निदेशक बहराइच ने जिले के सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने का अनुरोध किया उन्होंने कहा कि शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है अतः जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें तथा अपने आसपास के किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु सूचित कर दे।

जिला कृषि अधिकारी बहराइच सूबेदार यादव ने बताया कि जिन किसान भाइयों को मिलेट्स एवं अन्य बीज मिनी किट की आवश्यकता हो वह दर्शन-1 पोर्टल पर जाकर बुक करें जिन किसान भाइयों को धसन सहित अन्य खरीफ बीजों की आवश्यकता है वह जनपद के राजकीय कृषि बीज भंडार पर जाकर 50ः अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं स उन्होंने किसानों से बताया कि इस बार सरकार ने समय से ढचा बीज की आपूर्ति जनपद में कर दी है जिन किसान भाइयों को ढैचा बीज की आवश्यकता हो, वह 50 प्रतिषत अनुदान पर राजकीय कृषि बीज भंडारों से खरीद सकते हैं।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों पर डीएम की सख्ती

अयोध्या। जिला अस्पताल में अब मरीजों को बाहरी दवा या जांच लिखने वाले डॉक्टरों पर जिलाधिकारी की सीधी नजर रहेगी। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा की गई सख्ती के बाद जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह ने सभी डॉक्टरों के लिए चेतावनी भरा

●बाहरी दवा-जांच लिखने पर होगी कार्रवाई

आदेश जारी कर दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि जिला चिकित्सालय में कार्यरत कोई भी चिकित्सा विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी या आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी मरीजों को बाहरी दवा या जांच नहीं लिखेगा। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि कोई शिकायत मिली तो वह खुद अपने स्तर से जांच कराएंगे और दोषी पाए जाने वाले डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने सभी विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों और आकस्मिक चिकित्सा अधिकारियों को सख्त हिदायत जारी की। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले किसी भी मरीज को बाहर की दवा या जांच न लिखी जाए। अगर कोई डॉक्टर इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उत्पन्न होने वाली किसी भी कार्रवाई की पूरी जिम्मेदारी संबंधित डॉक्टर की खुद की होगी। प्रमुख अधीक्षक ने इस आदेश की प्रतिलिपि जिलाधिकारी अयोध्या और अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी है। यह कदम सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और निजी लैब-दवा दुकानों के साथ अनुचित सांठगांठ को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अक्सर शिकायतें आती रही हैं कि सरकारी अस्पताल में मुफ्त दवा उपलब्ध होने के बावजूद डॉक्टर बाहर से दवा लिख देते हैं, जिससे गरीब मरीजों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।

दो वांछित गिरफ्तार

बहराइच। बहराइच पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली देहात, श्री दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता, थाना को0 देहात पर पंजीकृत मु0अ0सं0 183/2026 धारा 109,115(2),191(2),191(3),3(5) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित को किया गया गिरफ्तार।

इमरजेंसी में इलाज नहीं, तीमारदारों से बदसलूकी

अयोध्या। राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज एक बार फिर विवादों में है। मेडिकल कॉलेज के 12 नंबर वार्ड में भर्ती मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक कोई डॉक्टर मरीज को देखने नहीं पहुंचा। परिजन लगातार स्टाफ से गुहार लगाते रहे, लेकिन इलाज के बजाय उन्हें उपेक्षा और अभद्रता मिली। आरोप है कि जब मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने विरोध जताया और वीडियो बनाना शुरू किया, तो वहां मौजूद कुछ डॉक्टरों और कर्मचारियों ने मोबाइल फोन छीन लिया। इतना ही नहीं, वीडियो डिलीट करने और हाथापाई करने की कोशिश तक का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद इमरजेंसी वार्ड में देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। यह मामला सिर्फ लापरवाही का नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की संवेदनहीनता का प्रतीक बनता जा रहा है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए मेडिकल कॉलेज में अगर मरीज घंटों डॉक्टर का इंतजार करे और सवाल पूछने पर तीमारदारों के साथ दुर्व्यवहार हो, तो फिर स्वास्थ्य सेवाओं के दावों का क्या मतलब रह जाता है? सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कहां थे? अगर परिजनों के आरोप सही हैं, तो मोबाइल छीनने और वीडियो डिलीट करने का अधिकार किसने दिया?

त्रिशताब्दी जन्मदिवस पर होगा लोकमाता अहिल्याबाई के मन्दिर का लोकार्पण

बहराइच। पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर विकास खण्ड रिसिया में 31 मई 2026 को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के मन्दिर को लोकार्पित किये जाने हेतु जिला पंचायत सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने बताया कि विकास खण्ड रिसिया में लोकमाता के त्रिशताब्दी जन्मदिन के अवसर पर उनका मन्दिर लोकार्पित किया जाएगा। इस अवसर पर हवन पूजन भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम भी किये जायेंगे।

अवध प्रान्त के सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर ने बताया कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन संस्कृति है। इस संस्कृति में नारी को नारायणी कहा गया है ।ऐसी ही एक नारायणी पुण्यश्लोका लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर का 301 वां जन्मदिवस 31 मई 2026 को होने जा रहा है। इस अवसर पर रिसिया विकास खण्ड में उनके मन्दिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है जो जन्मदिवस के दिन लोकार्पित किया जाएगा। उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं। उनका राज्य बहुत सूक्ष्म था फिर भी उन्होंने जो कुछ किया वो आश्चर्यजनक है। उन्होंने बताया कि शासन व्यवस्था के नाम पर अत्याचार

अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

बहराइच। जनपद में संचालित अस्थायी गो आश्रय स्थलों एवं बृहद् गो संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय गौसंरक्षण, अनुश्रवण, मूल्याकंन समिति की बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों में टैगिंग रजिस्टर को दुरूस्त कर लिया जाय। साथ ही गौआश्रय स्थलों में अभिलेखों को भी संरक्षित रखा जाय। सहभागिता में दिये गये गोवंशों का वास्तविक स्थलीय सत्यापन किया जाय। उन्होनें कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दान व क्रय से भूसा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए साथ ही संरक्षित गोवंशों को मानक के अनुसार हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड भी उपलब्ध कराया जाय। सीडीओ ने निर्देश दिया ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए सभी गोआश्रय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के बन्दोबस्त किये जाएं साथ ही संरक्षित

गोवंशों हेतु छाया एवं ताजे.पानी की उपलब्धता भी की जाय।

सीडीओ ने निर्देश दिया कि घायल पषुओं के लिए सिकवार्ड जहां पर नहीं है तत्काल बनाया जाय। पषु चिकित्साधिकारी व बीडीओ आपस में समन्वय स्थापित रखे। एक गौषाला एक अधिकारी की नीति पर ग्रामीणक्षेत्रों में स्थापित गौषाला के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाय। पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच, उपचार व टीकाकरण करायें। बैठक के दौरान सीडीओ ने निर्देश दिया कि गोसंरक्षण, भूसा, चोकर, दाना, सहभागिता, चिकित्सा, पशुचारा-पानी, साफ-सफाई, भ्रमण एवं निरीक्षण इत्यादि पंजिका को अद्यतन रखा जाय। मृत गोवंश के निस्तारण हेतु गड्ढा/पोस्टमार्टम आदि की समुचित व्यवस्था, अभियान चलाकर क्षेत्र के निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के साथ-साथ वर्मी कम्पोस्ट पिट का उपयोग कर गोबर के माध्यम से जैविक खाद तैयार की जाये जिससे आश्रय स्थल आय सृजन कर सकें। बैठक के दौरान मुख्य पषु चिकित्साधिकारी डॉ राजेष कुमार उपाध्याय ने बताया कि 100 गोआश्रय स्थलो के सापेक्ष 82 गोआश्रय स्थलों से आख्या प्राप्त हो गयी है जिन अधिकारियों के स्तर से आख्या प्राप्त नहीं हुई है उनके विरूद्ध सीडीओ श्री धनवंता ने निर्देष दिया कि चेतावनी पत्र निर्गत किया जाय। प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में निरीक्षण कर लिया जाये जिसका संकलन मुख्य पषु चिकित्साधिकारी कार्यालय में कराकर पायी गयी कमियों को दूर कराने के सम्बन्ध में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को अवगत करायेगें, जिससे 15 दिनों के भीतर कमियों को दूर कराते हुए वस्तुस्थिति से सीडीओ श्री धनवंता को अवगत कराया जा सके। इस अवसर पर पषु चिकित्साधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, उपमुख्य /पशुचिकित्साधिकारी तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पीरियड एंक्शस नही, बने पीरियड फ्रेंडलीः डा. आलोक मनदर्शन

अयोध्या। पीरियड टाइमलाइन के कुछ दिन पूर्व से ही अनमनी मनोस्थिति बनती है जिसे प्री-पीरियड डिस्फोरिया या पीरियड-पूर्व मनोदंश कहा जाता है। यह बाते वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन दिवस 28 मई संदर्भित वार्ता में डा आलोक मनदर्शन ने यह बातें कही। डा मनदर्शन के अनुसार चिंतालु व्यक्तित्व तथा मनोसामाजिक, अकादमिक, कैरियर, प्रोफेशनल व पारिवारिक तनाव से ग्रसित महिलाओं में प्री- पीरियड डिस्फोरिया होने की संभावना ज्यादा होती है तथा इसकी तीव्रता किशोरियो मे अधिक होती है। इसे पीरियड-एंग्जाइटी भी कहा जाता है। हार्मोन एस्ट्रोजन व प्रोजेस्टेरोन तथा मनोरसायन सेरोटोनिन व डोपामिन के स्तर में उतार-चढ़ाव इसके लिये जिम्मेदार है। डा. आलोक के अनुसार अवसाद, उदासी, हताशा रुलाई आना, आत्मघाती विचार, घबड़ाहट, क्रोध या चिड़चिड़ापन, चिंतित रहना, मूड स्विंग आदि है।

संक्षेप

हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च की नयी सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी2.0

नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने आज नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी2.0 लॉन्च की है, जो भारत की सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा कम्यूटर मोटरसाइकिल है। कंपनी की उत्पादों में नयापन लाने की रणनीति के तहत तैयार की गई यह नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी 2.0 रोजमर्रा के सफर को और बेहतर बनाने के लिए बनाई गई है। इसमें शानदार टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स, माइलेज में बड़ा सुधार और आज के प्रगतिशील राइडर्स की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया एक बोल्ड और आधुनिक डिजाइन दिया गया है। साल 1994 से भारत के करोड़ों राइडर्स को सफर का सहारा देने वाले स्प्लेंडर के भरोसेमंद नाम और विरासत पर बनी, नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी 2.0 को उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो आधुनिक सुविधाओं और अगली पीढ़ी के टेक फीचर्स के साथ-साथ भरोसेमंद परफॉर्मेंस चाहते हैं।

रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 का हुआ लॉन्च

नईदिल्ली। मिडसाईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाईकल बुलेट नए 650सीसी इंजन के साथ पेश की। अपने नए 650सीसी अवतार में बुलेट बेमिसाल ब्रिटिश विरासत और अदम्य भारतीय भावना को नमन करती है और बुलेट के फैन्स को ब्रांड की स्थायी विरासत का एक नया एहसास प्रदान करती है। बुलेट नौ दशकों से अधिक समय से विश्वसनीयता, मजबूती और शुद्ध कैरेक्टर की पहचान है, जो प्योर मोटरसाईक्लिंग की रॉयल एनफील्ड की फिलॉसफी प्रदर्शित करती है। ऑल-न्यू रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 में हम केवल बुलेट को नए रूप में पेश करना नहीं चाहते थे, बल्कि इसे मॉडर्निटी और ऑथेंटिसिटी के साथ और बेहतर बनाना चाहते थे।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की नेक्स्ट जेन टियागो लॉन्च

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने आज अपनी नेक्स्ट जेन टियागो लॉन्च की है। कंपनी ने इस हैचबैक को एक नए अंदाज में पेश किया है, जो इस सेगमेंट में ग्राहकों की उम्मीदों को और ऊंचा कर देती है। यह नई कार पेट्रोल, आईसीएनजी और इलेक्ट्रिक तीनों विकल्पों में उपलब्ध है। इसके पेट्रोल मॉडल की शुरूआती कीमत सिर्फ 4.69 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक मॉडल की शुरूआती कीमत 6.99 लाख रुपये है। नई टियागो स्टाइल, जरूरत और एडवांस टेक्नोलॉजी का एक बेहतरीन मेल है। यह ग्राहकों को एक ही शानदार डिजाइन और भरोसे के साथ दो अलग-अलग तरह के बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है। ₹लाखों भारतीय परिवारों के लिए कार खरीदने की शुरूआत हमेशा से हैचबैक गाड़ियों से होती रही है। इसके बावजूद, लंबे समय तक इस सेगमेंट पर इंडस्ट्री ने बहुत कम ध्यान दिया, जबकि यह वाकई में कहीं ज्यादा का हकदार था। नेक्स्ट जेन टियागो ग्राहकों को उम्मीद से कहीं ज्यादा देकर इसी कमी को पूरा करती है।

लिमिटेड एडिशन ओरियो एंड बीटीएस कुकीज लॉन्च

मुंबई। ओरियो और बीटीएस के प्रशंसकों के लिए नई खुशखबरी है। बीटीएस ने अपने प्रशंसकों को ध्यान में रखते हुए नई ओरियो कुकी तैयार की है। लिमिटेड एडिशन ओरियो एंड बीटीएस कुकीज को पेश करने के लिए दुनिया की नंबर 1 कुकी के साथ आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी और जंग कुक ने हाथ मिलाया है। कोरियन स्वीट पैनकेक फ्लेवर वाली ओरियो कुकी को बीटीएस ने तैयार किया है और इसे बीटीएस के प्रशंसकों को समर्पित किया गया है। इस गठजोड़ से 80 से ज्यादा बाजारों में बीटीएस और ओरियो ब्रांड के साथ बेहतरीन ग्लोबल मूवमेंट बनेगा।

एडुगोरिल्ला ने एआई-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म की ओर किया रुख

लखनऊ। लखनऊ- एडुगोरिल्ला ने नए नाम इन्फोबे. एआई के तहत खुद को एक एआई-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म के रूप में परिवर्तित किया है। एफवाई 2025-26 में प्लेटफॉर्म ने रुपये 100 करोड़ से अधिक की आय और रुपये 50 करोड़ का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया। वहीं, प्रॉफिट बिफोर टैक्स में 3 गुना वृद्धि हुई और पिछले वित्तीय वर्ष में प्लेटफॉर्म ने 140%-160% का नेट रेवेन्यू रिटेंशन हासिल किया। पिछले दो वर्षों में यह 10 गुना राजस्व वृद्धि 80%+ के स्ट्रक्चरल ग्रॉस मार्जिन द्वारा समर्थित है, जो एक स्केलेबल सॉफ्टवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस की पहचान है। इन्फोबे. एआई ने 2027 तक 14 देशों में विस्तार की योजना के तहत भारत के अलावा इंडोनेशिया, केन्या, फिलीपींस और युगांडा में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाई है।

सेंसेक्स में 1092 अंकों की गिरावट



मुंबई। मानसून के कमजोर रहने के अनुमान और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 24,550 अंक से नीचे बंद हुआ। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में बिकवाली बढ़ने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,092.06 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.69 अंक टूटकर 74,589.11 अंक तक आ गया था।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 359.40 अंक यानी 1.50 प्रतिशत फिसलकर 23,547.75 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा सत्र रहा जिसमें बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 639.41 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, एचसीएलटेक, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस के शेयरों में तेजी का रुझान रहा। कारोबार के अंतिम घंटे में तगड़ी संस्थागत बिकवाली होने से अधिकांश शेयरों ने अपनी बढ़त गंवा दी और बड़े नुकसान के साथ बंद हुए। रिलायंस और आईटीसी जैसे प्रमुख शेयरों में कमजोरी ने इस गिरावट को बढ़ाने का काम किया। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जून से सितंबर के दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान देश में वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 90 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में सामान्य बारिश होने का अनुमान है, जबकि अन्य हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। आईएमडी के इस अनुमान के बाद बाजार में व्यापक बिकवाली देखी गई। कम वर्षा और अल नीनो प्रभावों के चलते खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। हालांकि, कच्चे तेल की नरम कीमतों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से जोखिम कुछ हद तक सीमित रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 92.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.73 प्रतिशत की गिरावट रही।

विदेशी मुद्रा भंडार 7.5 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे कई सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी विदेशी मुद्रा बचाने के लिए लोगों से कई बार विदेशी यात्राएं कम करने, ईंधन की खपत घटाने और एक वर्ष तक सोने की खरीदारी से बचने की अपील कर चुके हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 22 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, 2.87 अरब डॉलर घटकर 543.03 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 4.53 अरब डॉलर घटकर 114.79 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.75 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति भी 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गई।

आवास मूल्य सूचकांक में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई, 29 मई (भाषा) देश में वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि 2024-25 की समान तिमाही में यह 3.8 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मूल्य सूचकांक में वृद्धि का अर्थ आवासीय संपत्तियों की औसत लागत में वृद्धि है। आंकड़ों के मुताबिक, यह वृद्धि मुख्य रूप से जयपुर, चंडीगढ़ और कानपुर जैसे शहरों में मकानों कीमतों में बढ़ोतरी के कारण दर्ज की गई। आरबीआई ने बताया कि चौथी तिमाही में आवास मूल्य सूचकांक बढ़कर 115.9 पर पहुंच गया, जो पिछली तिमाही में 115.6 था। तिमाही आधार पर इसमें 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें जयपुर, लखनऊ और पुणे में मकानों की कीमतों में बढ़ोतरी प्रमुख रूप से रही। केंद्रीय बैंक के अनुसार, एचपीआई का संकलन पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेन-देन-स्तरीय आंकड़ों के आधार पर तिमाही रूप से किया जाता है। आरबीआई ने बताया कि 2022-23 को आधार वर्ष मानकर तैयार यह सूचकांक 18 प्रमुख शहरों के आंकड़ों पर आधारित है, जिनमें मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु शामिल हैं।

भारत 2035 तक 150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला बनाने का लक्ष्य रखे: नीति आयोग

नयी दिल्ली। देश को 2035 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में केवल भागीदारी तक सीमित रहने के बजाय नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का लक्ष्य रखना चाहिए और 120-150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला विकसित करनी चाहिए।

नीति आयोग की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया। भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि परियोजनाओं का जोखिम कम करने और निवेशकों का दीर्घकालिक भरोसा मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार को आवश्यक निवेश का कम-से-कम एक-तिहाई हिस्सा उपलब्ध कराना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि चिप विनिर्माण की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे से शामिल होने के बजाय भारत को अपनी अलग राह तय करनी चाहिए, जो रणनीतिक आत्मनिर्भरता, मजबूत परिवेश और वैश्विक अपरिहार्यता पर आधारित हो। इसमें कहा गया, 2035 तक भारत को नेतृत्व और स्पष्ट उद्देश्य के साथ 120-150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला विकसित करने का लक्ष्य रखना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार करने के लिए अगले एक दशक में डिजाइन, विनिर्माण, उन्नत पैकेजिंग, सामग्री और सहायक बुनियादी ढांचे में करीब 135-180 अरब डॉलर के संचयी निवेश की जरूरत होगी। रिपोर्ट में कहा गया, भारत सरकार को आवश्यक निवेश का कम-से-कम एक-तिहाई हिस्सा उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि परियोजनाओं का जोखिम कम हो और निवेशकों का दीर्घकालिक भरोसा मजबूत हो। इसमें कहा गया, परियोजनाओं का जोखिम कम करने और निवेशकों का दीर्घकालिक भरोसा मजबूत करने के लिए भारत सरकार को आवश्यक निवेश का कम-से-कम एक-तिहाई हिस्सा उपलब्ध कराना चाहिए।

रुपया 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत होने के बीच रुपया मजबूत हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और डॉलर में कमजोरी से भी रुपये को समर्थन मिला। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को 60 दिन और बढ़ाने पर सहमति बनने के बाद यह रुख देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.77 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.97 के उच्चस्तर और 95.78 के निचले स्तर तक गया। अंत में रुपया 95.05 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 95.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। ईद-उल-अजहा के कारण बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर और विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। हमारा अनुमान है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर बढ़ी उम्मीदों के कारण रुपये में मामूली सकारात्मक रुख रहेगा। हालांकि इस समझौते पर डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के सर्वोच्च नेता की मंजूरी मिलना अभी बाकी है।

आयात-निर्यात में रुपये का इस्तेमाल बढ़ा

मुंबई। पिछले कुछ वर्षों में आयात और निर्यात बिल भुगतान में रुपये का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया सभी व्यापारिक भागीदार देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक की शुक्रवार को जारी सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया है। पिछले कुछ वर्षों में आरबीआई ने चालू खाते और चुनिंदा पूंजी खाते के लेनदेन में रुपये के बढ़ते उपयोग के जरिए उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार बिल भुगतान और निपटान मुद्रा के रूप में रुपये के बढ़ते चलन से विनिमय दर के जोखिम से सुरक्षा मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय बैंक के अनुसार, इससे परिवर्तनीय विदेशी मुद्राओं में महंगे विदेशी मुद्रा भंडार को बनाए रखने की जरूरत कम होगी और कई अन्य लाभ भी मिलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मुद्रा का उपयोग द्विपक्षीय विनिमय दर बाजारों के विकास को भी सुगम बनाता है और विदेशी मुद्रा लेनदेन में लगने वाली लागत को कम करता है।, 2022 के बाद से रुपये आधारित बिल भुगतान और निपटान में उल्लेखनीय तेजी आई है। अगस्त, 2022 से जुलाई, 2025 की अवधि में रुपये में आयात और निर्यात बिल भुगतान की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) क्रमशः 20.9 प्रतिशत और 12.7 प्रतिशत रही।

इसके अलावा, 2025-26 में रुपये में व्यापार बिल भुगतान और निपटान के ताजा आंकड़ों के

कोका-कोला हाफटाइम सरप्राइज एक्सपीरियंस शुरू

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया ने ग्राहकों के आराम के पलों को और भी मजेदार बनाने के लिए एक अनोखा कोका-कोला हाफटाइम सरप्राइज एक्सपीरियंस शुरू किया है। एआई आधारित यह नया अनुभव गूगल के सहयोग में गूगल जेमिनाई की मदद से बनाया गया है। दो बड़े ब्रांड्स के साथ आने से ग्राहकों को तीन अलग-अलग एआई सफर का अनुभव मिलेगा। इसका मकसद रोजमर्रा के साधारण 'कोक ब्रेक' को मस्ती, क्रिएटिविटी और खुद को बयां करने के अनोखे पलों में बदलना है। यह पहल कोका-कोला की वैश्विक हाफटाइम सोच से प्रेरित है। ग्राहक किसी भी खास कोका-कोला पैक पर दिए गए क्यूआर कोड को करके इस एआई अनुभव का हिस्सा बन सकते हैं। स्कैन करने के बाद यूजर्स तीन अलग-अलग थीम वाले इंटरैक्टिव अनुभवों में प्रवेश करेंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की नीट-यूजी 2026 की पुनः परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. के. राधाकृष्णन के साथ मिलकर, आगामी नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। डॉ. के. राधाकृष्णन उस उच्च-स्तरीय संचालन समिति के चेयरमैन (अध्यक्ष) भी हैं, जिसका गठन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संबंधित सिफारिशों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए किया गया है। इस बैठक में उच्च शिक्षा सचिव, एनटीए के महानिदेशक, एनटीए के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, एनटीए के महानिदेशक ने सदस्यों को परीक्षा सुरक्षा को मजबूत करने और परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए अतिरिक्त उपायों के बारे में जानकारी दी। इसमें मौजूदा निगरानी तंत्रों का व्यापक मूल्यांकन और उन्हें और बेहतर बनाने की योजनाएं शामिल थीं परीक्षा की सुरक्षा के सबसे ज्यादा जरूरी होने पर जोर देते हुए, नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून, 2026 को पूरे देश के 550 शहरों में 5400 से ज्यादा परीक्षा केंद्रों पर होनी तय है।

भारतीय इंजीनियरों ने सैमसंग गैलेक्सी एस26 को और भी स्मार्ट बनाया

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के नोएडा स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (एसआरआई-नोएडा) ने इस साल लॉन्च हुई कंपनी की फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए कई एआई फीचर्स विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमने करीब तीन साल पहले एआई पर काम शुरू किया था। गैलेक्सी एस26 के लिए हमने दक्षिण कोरिया के सुवॉन आरएंडडी ऑफिस के साथ मिलकर नाउ नज और नाउ ब्रीफ फीचर्स विकसित किए। नाउ नज यूजर्स को उनकी जरूरत के अनुसार पहले से उपयोगी और संदर्भ आधारित सुझाव देता है, जबकि नाउ ब्रीफ महत्वपूर्ण इवेंट्स और कामों के लिए समय पर रिमाइंडर दिखाता है। एसआरआई-नोएडा के इंजीनियरों ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए क्रिएटिव स्टुडियो, कॉल स्क्रीनिंग और डायरेक्ट वॉयसमेल जैसे एआई फीचर्स के विकास में भी योगदान दिया है।

टोयोटा ने गुजरात सरकार से किया एमओयू पर हस्ताक्षर

गुजरात। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज गुजरात सरकार के साथ पूरे राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। यह व्यापक पहल के टीएम की सतत सामुदायिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाने के संकल्प को दर्शाती है। विस्तृत विजन के अंतर्गत पहुँच, समावेशिता और दीर्घकालिक विकास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से टीकेएम की पहल सामुदायिक लर्निंग, डिजिटल शिक्षा और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर में लक्षित हस्तक्षेपों को एक साथ लाती है। इसके तहत सामुदायिक पुस्तकालय, मोबाइल कंप्यूटर शिक्षा, एडवांस्ड टेक्निकल ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण मेडिकल उपकरण सहयोग जैसी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

पेज एक का शेष

चार दिन

इसमें कॉम्बैट एविएटर, नेवल वॉचकीपर, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल टीम, विशेष बलों के ऑपरेटर, सिग्नल कर्मी, लॉजिस्टिक्स, चिकित्सा अधिकारी तथा संयुक्त और एकीकृत संगठनों के कर्मी शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया। यह पुस्तक सीडीएस के मार्गदर्शन में संकलित की गई है। सिंह ने अपने पोस्ट में कहा कि यह दस्तावेज इस अभियान को अंजाम देने वाले कर्मियों के प्रति एक सम्मान है और यह हमें हमारे सैनिकों के समर्पण और धैर्य से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को इस पुस्तक से प्रेरणा लेनी चाहिए।

आंधी-बारिश

लाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। किशुनपुर थाने के सिलमी गांव में 65 वर्षीय वरिष्ठजन किसान त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी रात दो बजे छप्पर के नीचे सो रहे थे। आंधी में छप्पर गिर जाने से इनकी दबकर मौत हो गई। वहीं मवेशी जख्मी हो गये। पौली गांव में एक घर की दीवार ढह गई। इसी तरह बांदा में मटौंध क्षेत्र में जर्जर स्लैब ढहने से 65 वर्षीय पुनिया देवी की मौत हो गई, जबकि बबेरू के मऊ गांव में टीन का छप्पर गिरने से 62 वर्षीय कैलाश सिंह की जान चली गई। गिरवां थाना क्षेत्र क्षेत्र के पल्हरी गांव में बरगद के पेड़ के नीचे बनी झोपड़ी में रह रहे 59 वर्षीय रामशरण पुत्र गरीबा की मौत हो गई। पेड़ की भारी डाल उसके ऊपर गिर गई जिससे मौत हो गई। राजापुर तहसील के सिधौली गांव में करीब 400 वर्ष पुराना शिवलिंग मंदिर पूरी तरह धराशायी हो गया। साथ ही शिव-हनुमान मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने 29 और 30 मई के लिए प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, कुछ स्थानों पर 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वानुमान है कि बारिश और तेज हवाओं का दौर 31 मई तक जारी रह सकता है।

अब प्रदेश

जाता था। शोहदे बेटियों का अपहरण करते थे, व्यापारी सूर्यास्त से पहले प्रतिष्ठान बंद करने को मजबूर थे। सीएम योगी ने कहा कि 2014 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौंपी तो सभी ने 12 वर्ष में बदलते भारत को देखा। मोदी जी कहते हैं कि हमारे लिए केवल चार जातियां (गरीब, युवा, नारी व किसान) हैं। इनका उत्थान हो जाए तो देश दौड़ने लग जाएगा और भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन जाएगा। उन्होंने दिल्ली में योजनाएं बनाईं, भाजपा शासित राज्यों ने इसे लागू भी किया, लेकिन 2014 से 2017 तक सपा सरकार ने यूपी में उन योजनाओं को लागू नहीं होने दिया। सपा ने गरीबों के लिए शौचालय, आवास, राशन, सड़क नहीं बनने दी। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में 65 लाख गरीबों को आवास, पौने तीन करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय, 16 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। उपदेश देने वाले सपाइयों से पूछिए कि चार बार शासन करने के बाद भी उन्होंने और लगभग 50 वर्ष तक शासन करने वाली कांग्रेस ने यह कार्य क्यों नहीं किया। कांग्रेस-सपा सरकार में उनके गुंडे गरीब का राशन खा जाते थे और गरीब टकटकी लगाकर देखता था। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। किसान परिवार या बटाईदार यदि आपदा की चपेट में आ जाता है तो मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 24 घंटे के अंदर जनप्रतिनिधि पांच लाख रुपये की सहायता राशि उसके घर जाकर देते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास अभियान बिना रुके, बिना झुके, बिना डिगे, बिना थके चल रहे हैं। हर गरीब के लिए आवास, पानी, सड़क, पुल, बाढ़ से बचाव आदि के प्रयास हो रहे हैं। सड़कें, पर्यटन केंद्र संवर रहे हैं, पुल-पुलिया बन रही हैं। बिजली परियोजनाएं तैयार हो रही हैं। सुरक्षा का माहौल है, नौजवान के लिए नौकरी-रोजगार, बेटी के स्वावलंबन, अन्नदाता किसान के सम्मान के लिए योजनाएं चल रही हैं।

नये भारत

मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। केंद्र और राज्य सरकारों ने समन्वित प्रयासों से समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। अभियान के माध्यम से इन उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा सशक्तीकरण, किसान कल्याण, महिला सुरक्षा एवं सम्मान, गरीब कल्याण, रोजगार सृजन, निवेश, आधारभूत संरचना विकास, कानून-व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं तथा सुशासन के क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तनों, उपलब्धियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियों और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में पर्याप्त समय व्यतीत करें तथा अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। समाज के विभिन्न वर्गों, प्रबुद्ध जनों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, उद्यमियों और व्यापारिक संगठनों के साथ व्यापक संवाद स्थापित किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 05 जून से 21 जून के मध्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 10 किलोमीटर की प्रगति पथ यात्रा आयोजित की जाएगी। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि गांवों में रात्रि विश्राम करेंगे, चौपाल लगाएंगे तथा ग्राम प्रधानों और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग इस कार्यक्रम का समन्वय करेगा तथा सांसद एवं विधायक सक्रिय रूप से इसमें सहभागिता करेंगे।

हमीरपुर

इस परियोजना का निर्माण कार्य एक निजी कंपनी द्वारा कराया जा रहा था। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान लोकेन्द्र (22), कुलदीप निषाद (19), सावंत यादव (28), सभाजीत (30), पुष्पेंद्र चौहान (34) और राजेश पाल (42) के रूप में हुई है। वहीं, अवधेश निषाद, कल्लू यादव और राजेश निषाद घायल हुए हैं, जिन्हें मलबे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लालपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सरोज ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मलबा हटाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई अन्य व्यक्ति उसके नीचे दबा न हो। गोयल ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग और जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार शाम को आंधी-तूफान और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की थी। ग्रामीणों और कर्मचारियों को सतर्क करने के लिए गांवों में मुनादी भी कराई गई थी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा जनपद हमीरपुर में बेतवा नदी पर एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी जारी की गयी थी। इस बीच, हमीरपुर सदर के विधायक ने कहा कि इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं और जांच पूरी होने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

ईडी ने

लिमिटेड (यूफ्लेक्स ग्रुप) और सीआईजी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कंसोर्टियमाविशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीसी) संरचनाओं के माध्यम से प्राप्त इक्विटी शेयरधारिता शामिल हैं। इसमें कहा गया कि कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 634.12 करोड़ रुपये है, लेकिन वर्तमान उचित बाजार मूल्य 8,115 करोड़ रुपये बताया गया है।

उत्तराखण्ड : भाजपा

जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित प्रवास करें, जनता के बीच लगातार मौजूद रहें और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने

राजस्थान को हराकर गुजरात फाइनल में

गिल ने लगाया शानदार शतक, सूर्यवंशी के 96 रन की पारी गयी बेकार

मुल्लांपुर। राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर गुजरात टाइटंस ने तीसरी बार आईपीएल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले टीम ने साल 2022 (विजेता) और 2023 (उपविजेता) में खिताबी मुकाबला खेला था। अब गुजरात का सामना 31 मई यानी रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इस मैच में आरसीबी जहां खिताब का बचाव करने उतरेगी। वहीं, गुजरात दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम करना चाहेगी।

शुक्रवार को मुल्लांपुर के महाराजा यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी की 96 रनों की ताबड़तोड़ पारी की मदद से छह विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने शुभमन गिल (104 रन) और साई सुदर्शन (58 रन) की शतकीय साझेदारी की मदद से 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 219 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आईपीएल के इस सत्र में नित नया इतिहास रच रहे वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर 47 गेंद में 96 रन की पारी खेली और आखिरी ओवर में डेनोवन फरेरा ने राशिद खान को चार छक्के जड़कर गुजरात टाइटंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 214 रन तक पहुंचाया। पिछले क्वालीफायर की तुलना में मैदान में आज ज्यादा भीड़ थी और अधिकांश दर्शक 15 बरस के सूर्यवंशी की बल्लेबाजी देखने आये थे।

सूर्यवंशी ने कैगिसो रबाडा और जैसन होल्डर जैसे बेहतरीन गेंदबाजों को दमदार शॉट्स लगाये। दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के विकेट गंवाने के बाद सूर्यवंशी ने संभलकर बल्लेबाजी की। मोहम्मद सिराज, रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा उन्हें शरीर पर शॉर्ट लैंग्थ गेंद और बाउंसर डालने के इरादे से ही उतरे थे।

लगातार दूसरा मैच इसी पिच पर होने से गेंद बल्ले पर उतनी आसानी से नहीं आ रही थी जैसे एलिमिनेटर में देखा था। शुरूआत में सूर्यवंशी को गेंदबाजों ने खुलकर खेलने नहीं दिया। इसके बावजूद उन्होंने बेखौफ खेल जारी रखा और रबाडा को 153 किमी की रफ्तार से शानदार छक्का जड़ा। मैच के हालात को देखते हुए चौथे नंबर पर भेजे गए रविंद्र जडेजा (35 गेंद में नाबाद 45) ने तेज गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। टेनिस एल्बो से जूझ रहे जडेजा आठवें ओवर में रिटायर्डहर्ट हो गए लेकिन डैथ ओवरों में फरेरा की मदद के लिये आये। फरेरा ने 11 गेंद में नाबाद 38 रन बनाये। सूर्यवंशी को 46 के स्कोर पर साइ सुदर्शन ने जीवनदान भी दिया। इसके बाद उन्होंने टूर्नामेंट में छठा अर्धशतक पूरा किया और बीच के ओवरों में जमकर रन बनाये। रबाडा की गेंद हेलमेट पर लगने के बावजूद सूर्यवंशी ने दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज को चारों तरफ शॉट्स लगाये। वह शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन लगातार दूसरे मैच में चूक गए। पिछले मैच में 97 रन पर आउट होने के बाद इस मैच में 96 रन पर विकेट गंवा बैठे।

रोड्रिग्स, यास्तिका और पदार्पण कर रही नंदनी ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत को दिलायी 38 रन की जीत

चेम्सफोर्ड। जेमिमा रोड्रिग्स (69) और यास्तिका भाटिया (54) के शानदार अर्धशतकों के बाद पदार्पण कर रही तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा (34 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 38 रन से हराकर तीन मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने के बाद फिर इंग्लैंड को आठ विकेट पर 150 रन पर रोक दिया। बारह जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की अंतिम श्रृंखला है।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारतीय टीम की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गई, जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा भी महज दो रन बनाकर पवेलियन लौटी। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने शुरुआती झटके देकर भारत को दबाव में ला दिया। रोड्रिग्स और यास्तिका ने इसके बाद शानदार पलटवार किया। जेमिमा की 40 गेंदों में 69 रन की तेजतर्रार पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। दो साल बाद टी20 टीम में वापसी कर रहीं यास्तिका ने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 40 गेंदों पर 54 रन की पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का लगाया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए महज 76 गेंदों में 126 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को मजबूती दी। घुटने की सर्जरी के बाद वापसी कर रहीं यास्तिका ने केवल 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि जेमिमा ने भी इतनी ही गेंदों पर पचासा जड़ा। चार्ली डीन ने यास्तिका को रन आउट करने के बाद उसी ओवर में जेमिमा को चलता कर इंग्लैंड को कुछ राहत दिलाई। ऋचा घोष (चार) और भारती फुलमाली सात) जल्दी आउट हो गईं, जिससे भारत की रनगति कुछ धीमी पड़ी। दीप्ति शर्मा ने 13 गेंदों पर नाबाद 22 रन और अरुंधति रेड्डी (नाबाद नौ) ने भी उपयोगी योगदान देकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरुआती झटकों से उबर नहीं सकी। सोफिया डंकली (16) और एलिस कैप्सी (छह) पहले चार ओवरों के भीतर आउट हो गईं। एमी जोन्स ने 48 गेंदों में 67 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया और हीदर नाइट (21) के साथ 64 रन की साझेदारी निभाई। नाइट ने इस मुकाबले से इंग्लैंड महिला टीम के लिए सभी प्रारूपों में सर्वाधिक 310 मैच खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। उन्होंने चार्लोट एडवर्ड्स को पीछे छोड़ा। पदार्पण कर रहीं 24 वर्षीय तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया। उन्होंने 16वें ओवर में एमी जोन्स को आउट करने के बाद अगली ही गेंद पर डैनी गिब्सन (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने इसके बाद वोंग (चार) को भी चलता किया। क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटके, जबकि श्री चरणी और दीप्ति शर्मा को एक-एक सफलता मिली। इस सफलता श्रेय काफी हद तक यास्तिका को जाता है।

संक्षेप

भारतीय टेनिस व्यवस्था को बदलने के लिए पूर्ण कार्यकाल की आवश्यकता

नयी दिल्ली। अध्यक्ष चिंतन पारिख और महासचिव सुंदर अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान पदाधिकारियों को अगर पूरा कार्यकाल मिलता है, तो खिलाड़ियों का कल्याण, पारदर्शी शासन और एथलीट प्रतिनिधित्व अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के कामकाज की आधारशिला होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय टेनिस को बदलने के अपने दृष्टिकोण में नेतृत्व एकजुट है। पिछले दो वर्षों से एआईटीए प्रशासनिक अस्थिरता और विवादों के घेरे में रहा है।

विनेश को सिर्फ 50 किलो ट्रायल में भाग लेने देगा डब्ल्यूएफआई

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और स्टार पहलवान विनेश फोगाट के बीच विवाद एक नया मोड़ ले सकता है चूंकि राष्ट्रीय महासंघ ने उसे एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में सिर्फ महिलाओं के 50 किलो वर्ग में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई सूत्रों के अनुसार महासंघ के अधिकारियों ने उसके पसंदीदा भारवर्ग को लेकर पुष्टि का इंतजार किया लेकिन दो बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश की ओर से शुक्रवार रात तक उन्हें कोई सूचना नहीं मिली। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने विनेश को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 समेत पिछले कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 50 किलो वर्ग में ही भाग लिया था लिहाजा वह इसी भारवर्ग में उतरेंगी। महासंघ के सूत्र ने बताया, मुख्य कोच और तकनीकी अधिकारियों के लिये यह जानना जरूरी है कि कौन सा पहलवान किस भारवर्ग में उतरेगा।

सुरुचि ने स्वर्ण और ईशा ने रजत जीता

म्यूनिख। भारतीय निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक और ईशा सिंह ने इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता, जिससे देश पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। सुरुचि ने 242.1 का स्कोर बनाकर पिछले साल ओलंपिक शूटिंग रेंज में जीते गए स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया जबकि उनकी सीनियर साथी ईशा ने 241.2 का स्कोर करके रजत पदक हासिल किया। कोरियाई निशानेबाज चू गेउन ने कांस्य पदक जीता। साल के दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप चरण में भारत के दो स्वर्ण और एक रजत पदक हो गया है। शनिवार को राइफल और पिस्टल की दो मिश्रित स्पर्धा अभी खेली जानी बाकी हैं।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: कार्लसन से हारने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरे और गुकेश अंतिम पायदान पर

ओस्लो। विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार वापसी करते हुए मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी गुकेश को बृहस्पतिवार को करारी शिकस्त दी जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गया जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने विंसेंट कीमर को आर्मगेडन टाईब्रेक में हराकर दूसरा स्थान बरकरार रखा।

सात बार के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कार्लसन ने टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। इस जीत से उन्हें पूरे तीन अंक मिले और वह अंतिम स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गए। दूसरी ओर, निराश गुकेश मुकाबले के बाद मुख्य द्वार से बचते हुए पीछे के दरवाजे से बाहर निकल गए, जबकि बाहर बड़ी संख्या में युवा प्रशंसक उनके ऑटोग्राफ का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार को विश्राम दिवस से पहले अलीरेजा फिरोजा शीर्ष पर बने हुए हैं। फिरोजा को हालांकि अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार झेलनी पड़ी। वेस्ली ने क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद आर्मगेडन में उन्हें पराजित किया। इसके बावजूद फिरोजा ने एक अंक हासिल कर 8.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए है। प्रज्ञानानंदा छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं, जबकि कार्लसन 4.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। कीमर के खाते में चार अंक हैं। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश 3.5 अंकों के साथ सबसे नीचे हैं। यह टूर्नामेंट उनके लिए एक और निराशाजनक अभियान बनता दिख रहा है, खासकर तब जब उन्हें इसी वर्ष विश्व खिताब रक्षा में जावोखिर सिंदारोव की चुनौती का सामना करना है। पिछले वर्ष गुकेश से हार के बाद कार्लसन की भावनात्मक प्रतिक्रिया काफी चर्चा में रही थी, लेकिन इस बार उन्होंने बेहद संयमित और पेशेवर अंदाज में काले मोहरों से मुकाबला अपने नाम किया। कार्लसन ने मैच के बाद कहा, मैं आज खुद को बहुत अधिक प्रेरित महसूस नहीं कर रहा था। लगातार तीन दिन खराब खेल और समय के दबाव के बाद मैं थक चुका था। हालांकि आज शुरुआत से चीजें मेरे मुताबिक रहीं और मैं उससे खुश हूं। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने गुकेश की शुरुआती चाल पर भी आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा, मैं उनकी शुरुआती चाल देखकर चौंक गया था। मुझे लगा था कि ज्यादा से ज्यादा ड्रॉ की स्थिति बनेगी। गुकेश कभी-कभी जरूरत से ज्यादा महत्वाकांक्षी खेलते हैं और आज भी ऐसा ही हुआ।

सिंधू सिंगापुर ओपन में आन से यंग से हारी सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

सिंगापुर। भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू विश्व नंबर एक एन से यंग के सामने लगातार दबाव बनाए रखने के लिए जरूरी निरंतरता नहीं दिखा सकीं और शुक्रवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर उनका अभियान समाप्त हो गया लेकिन पुरुष युगल की दिग्गज जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बना ली।

कोरिया की खिलाड़ी एन से यंग ने इस मुकाबले को 21-17, 21-14 से जीतकर सिंधू पर अपना दबदबा कायम रखा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने बीच-बीच में अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई और कुछ चरणों में कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में सफल रहीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में एन से यंग का बेहतर नियंत्रण, बेहतरीन मूवमेंट और महत्वपूर्ण अंकों को भुनाने की क्षमता हावी रही। इस हार के साथ सिंधू का मौजूदा ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ लगातार हार का सिलसिला नौ मैचों तक पहुंच गया है। इन मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी केवल एक बार ही गेम जीत सकी हैं, जो 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में संभव हुआ था।

मुकाबले से पहले ही सिंधू के लिये यह चुनौती बेहद कठिन मानी जा रही थी, क्योंकि इस वर्ष एन से यंग ने केवल एक मैच गंवाया है, जबकि 2025 में पूरे वर्ष में उन्हें केवल चार ही हार मिली हैं। यह अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर उनकी असाधारण दबदबे को दर्शाता है। एशियाई खेलों के चैंपियन और यहां चौथे वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के खाई शिंग कांग और आरोन ताई को एक घंटे पांच मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-13 से हराया। भारतीय जोड़ी का मुकाबला शीर्ष अब वरीयता प्राप्त कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जापान की जोड़ी को 21-19, 21-18 से हराया। इससे पहले सिंधू ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए अपने दमदार स्मैश और तेज इंटरसेप्शन के जरिए रैलियों पर नियंत्रण बनाने की कोशिश की। वह हालांकि पहले गेम के ब्रेक के समय 7-11 से पीछे रहीं। ब्रेक के बाद लगातार आक्रामक रिटर्न और शॉट्स की मदद से उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 13-14 तक पहुंचा दिया। सिंधू की आक्रामक रणनीति उन्हें मुकाबले में बनाए रख रही थी, वहीं दूसरी ओर नेट पर एन का नियंत्रण और दबाव झेलने की क्षमता उन्हें फिर से बढ़त दिला रही थी। सिंधू ने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के शरीर पर ताकतवर स्मैश और कुछ कमाल के शॉट की मदद से अंतर 16-18 तक घटाया और फिर मैच की सबसे लंबी रैली जीतकर स्कोर 17-19 कर दिया। सिंधू का शॉट कोर्ट से बाहर जाने पर एन से यंग को तीन गेम पॉइंट मिल गए जिसे उन्होंने आसानी से भुना लिया। भारतीय खिलाड़ी की दूसरे गेम में शुरूआत बेहद ही खराब रही। एन ने बिना समय गंवाये 6-0 की बढ़त बना ली। सिंधू ने हालांकि इसके बाद अच्छी वापसी कर स्कोर को 6-8 किया लेकिन ऐन ने ब्रेक तक स्कोर 11-7 कर चार अंकों की बढ़त बना ली। सिंधू ने ब्रेक के बाद आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश कर स्कोर को 11-14 और फिर 30 शॉट की लंबी रैली जीतकर अंतर 12-14 तक घटा दिया। भारतीय खिलाड़ी को निर्णायक क्षणों में कुछ गलतियां करना महंगा पड़ा जिसका फायदा उठा कर ऐन ने 18-13 की बड़ी बढ़त कायम कर ली।

कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार बेहतरीन प्लेसमेंट से सिंधू को परेशान करते हुए सात मैच पॉइंट हासिल किए। सिंधू को शॉट कोर्ट से बाहर जाते ही उन्होंने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर 48 मिनट तक चले इस मुकाबले को अपने नाम कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

कुंबले ने वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन में निरंतरता की सराहना की

मुल्लांपुर। भारतीय स्पिन दिग्गज अनिल कुंबले ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी और निरंतरता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि केवल छक्कों की ताकत नहीं, बल्कि प्रदर्शन में निरंतरता ही इस युवा खिलाड़ी को खास बनाती है।

सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में 65 छक्के जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के 2012 में बनाए गए 59 छक्कों के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स के इस युवा खिलाड़ी ने 15 पारियों में 680 रन बनाकर ऑरेंज कैप (आईपीएल सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी को दी जाने वाली सूची में शीर्ष स्थान) भी अपने नाम कर ली है। इसी के साथ उन्होंने एक टी20 सीरीज में किशोर खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। कुंबले ने कहा, वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप धारक हैं, और यह उपलब्धि सिर्फ एक बार या कुछ ही टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने से नहीं मिलती। उन्होंने पिछले दो महीनों में लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, और यह इस युवा खिलाड़ी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने कहा, वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन यह सिर्फ मैदान पर जाकर कुछ छक्के जड़ने की बात नहीं है। कुंबले ने कहा कि सूर्यवंशी के उभार से उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर भी दबाव बढ़ा है। जायसवाल ने इस सत्र में 15 मैचों में 426 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 32.77 और स्ट्राइक रेट 153.24 रहा है। कुंबले ने कहा, जायसवाल को गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन वह निश्चित रूप से दबाव में हैं। कुछ साल पहले सारी चर्चा उन्हीं पर थी, लेकिन अब 15 साल का एक खिलाड़ी पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी उनकी साझेदारी शानदार रही थी। उन्होंने आठ ओवरों में करीब 120 रन बनाए, लेकिन इनमें से ज्यादातर रन सूर्यवंशी ने ही बनाए थे। जायसवाल को इस बात की निराशा होगी कि बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर भी वह तेजी से रन बनाने में विफल रहे।

एक दिन भी अभ्यास नहीं करूं तो लगता है कि जिंदगी धीमी पड़ गयी है: वैभव सूर्यवंशी

मुल्लांपुर। बाल प्रतिभा से किशोर सनसनी बनने के अपने सफर के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने नेट्स में शायद लाखों गेंदें खेली होंगी लेकिन फिर भी उन्हें एक दिन का ब्रेक लेना भी पसंद नहीं है क्योंकि अगर वह एक दिन भी अभ्यास नहीं करते तो उन्हें जिंदगी धीमी लगने लगती है। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले इस 15 साल के लड़के की लगन की काफी तारीफें हुई है और इसका बहुत सारा श्रेय उनके पिता संजीव को जाता है जो उन्हें हफ्ते में पांच दिन समस्तीपुर से पटना ट्रेनिंग के लिए ले जाते थे। सूर्यवंशी ने बताया, यह सब मेरे पिता की वजह से है। बचपन से ही उन्होंने मुझसे इतना ज्यादा अभ्यास करवाया है कि अगर मैं एक दिन भी अभ्यास नहीं करूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरी जिंदगी थोड़ी धीमी पड़ गई हो। इसलिए मुझे बहुत लंबे ब्रेक की जरूरत नहीं पड़ती। एक दिन का ब्रेक ही काफी होता है।

ट्रेनिंग को लेकर उनका जुनून इतना ज्यादा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले व्यवस्थित अभ्यास पर ध्यान देने के लिए उन्होंने अपनी 10वीं क्लास की बोर्ड परीक्षाएं भी छोड़ दी थीं। सूर्यवंशी ने कहा कि मुझे लगा कि मुझे अभ्यास करना चाहिए क्योंकि आईपीएल नजदीक आ रहा था और मैं वनडे क्रिकेट (अंडर-19 विश्व कप) खेलकर वापस आया था। प्रारूप में भी बदलाव हुआ था इसलिए मुझे अपने खेल के कुछ पहलुओं पर काम करने की जरूरत थी। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने हाल में कहा था कि वह चाहते हैं कि सूर्यवंशी के अंदर का बचपन जैसा भोलापन हमेशा बना रहे। जब आप उनसे उनके आराम करने के तरीके के बारे में बात करते हैं तो उनके अंदर का बच्चा जाग उठता है। उन्होंने कार्टून देखने को अपना पसंदीदा मनोरंजन का जरिया बताया। उन्होंने कहा, दो-तीन साल पहले जब मैं घर पर रहता था और वहीं मैच खेलता या अभ्यास करता था तो जब भी घर पर मुझे फ्री टाइम मिलता था, मैं कार्टून देखता था। मुझे इसमें बहुत मजा आता था। सूर्यवंशी ने कहा, आज भी, जब भी मुझे लगता है कि मुझे थोड़ा आराम या शांति चाहिए तो मैं कार्टून देखता हूं। मैं अपने कमरे में आराम से बैठकर अपनी पसंद के कार्टून देखता हूं। इससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल के इस सत्र में 680 रन और रिकॉर्ड 65 छक्के लगाकर सूर्यवंशी 1988 में सचिन तेंदुलकर के आने के बाद से भारतीय क्रिकेट में सबसे बड़ी सुर्खियां बटोरने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही दोनों के बल्लेबाजी करने की शैली अलग-अलग हों, लेकिन तेंदुलकर की ही तरह सूर्यवंशी भी अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाते हैं। उनके पिता संजीव ने उनमें टीम खिलाड़ी होने का जज्बा भरा है और सूर्यवंशी के लिए यह बात सबसे ज्यादा मायने रखती है। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरे पिता मुझसे कहते आए हैं कि अगर तुम शतक, दोहरा शतक या तिहरा शतक भी बना लो, लेकिन तुम्हारी वजह से टीम नहीं जीते तो उन रनों की कोई अहमियत नहीं होती। ये रन सिर्फ तुम्हारे निजी रिकॉर्ड के लिए हो सकते हैं लेकिन उनसे टीम को कोई फायदा नहीं होगा। सूर्यवंशी ने कहा, इसलिए अगर मैं शतक के बजाय 80 रन बनाऊं और मेरी टीम जीत जाए और अगर शतक बनाने के बाद भी हम नहीं जीत पाएं, तो मेरे लिए उन 100 रन के मुकाबले वे 80 रन ज्यादा मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, मेरी टीम टूर्नामेंट में जितनी ज्यादा देर तक बनी रहेगी और हम प्लेऑफ और फाइनल में जितना आगे तक जाएंगे, मुझे शतक बनाने और जो भी रिकॉर्ड मैं तोड़ना चाहता हूं, उन्हें हासिल करने के उतने ही ज्यादा मौके मिलेंगे। इसलिए, इससे मुझे निजी तौर पर भी फायदा होता है और टीम को भी।

भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि : गोयल

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर उत्साहजनक प्रगति, अंतरिम समझौता करीब

न्यूयॉर्क। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार वार्ता पर उत्साहजनक जानकारी देते हुए आश्वासन दिया कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता जल्द होने वाला है। अमेरिकी-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसएफ) ने यह जानकारी दी।

गोयल ने बृहस्पतिवार को आयोजित बंद कमरे की गोलमेज बैठक में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति शृंखला साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यूएसआईएसपीएफ के सहयोग से इस बैठक का आयोजन किया जिसमें प्रमुख उद्योग एवं व्यापार जगत के 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। गोयल ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, सुधार-आधारित कारोबारी माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों को रेखांकित किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी, साझा समृद्धि के लिए भारत-अमेरिका व्यापार, निवेश, नवाचार एवं आपूर्ति शृंखला साझेदारी को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि गोयल ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं पर उत्साहजनक जानकारी साझा करते हुए उद्योग को आश्वस्त किया कि अंतरिम समझौता जल्द होने वाला है। उन्होंने जोर दिया कि निवेशकों का

विश्वास, कारोबार की स्थिरता और मजबूत नियामकीय माहौल भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। गोयल की बातचीत से द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। अमेरिका का एक दल एक से चार जून के बीच भारत की यात्रा पर आएगा। इस दौरान अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप दिया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों एवं सीमा शुल्क सुगमता जैसे मुद्दों पर वार्ता आगे बढ़ाई जाएगी। यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि वार्ता दल के अगले सप्ताह भारत जाने से पहले, वह दोनों सरकारों को सफल और सार्थक बातचीत की शुभकामनाएं देता है। गोयल ने उद्योग जगत के कई प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। मॉर्गन स्टैनली के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेड पिक के साथ बैठक में उन्होंने भारत में दीर्घकालिक निवेश और संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने वारबर्ग पिंकस के चेयरमैन चिप केय के साथ वैश्विक निवेश परिदृश्य और भारत के उभरते आर्थिक अवसरों पर विचार-विमर्श किया। गोयल ने डिजिटल वाणिज्य, डिजिटल सुरक्षा और नयी पीढ़ी की भुगतान प्रणालियों में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया। इससे पहले 25 से 27 मई के दौरान गोयल के नेतृत्व में 150 से अधिक सदस्यों का व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल कनाडा गया था जहां मंत्री ने निवेश आकर्षित करने, सहयोग बढ़ाने और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को गति देने के प्रयास किए।

राज्य कम बारिश के अनुमान से निपटने के लिए तैयार रहें: कृषि मंत्री चौहान

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्य सरकारों से कहा कि वे अल नीनो के खतरे और इस साल मॉनसून के सामान्य से कम रहने के अनुमान के साथ अन्य चुनौतीपूर्ण मौसम स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान जताया है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक योजनाएं बना रहा है। आने वाले खरीफ (गर्मी में बोई जाने वाली फसल) मौसम के दौरान मांग को पूरा करने के लिए बीज और उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। यह मौसम जून में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगमन के साथ शुरू होगा। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन - खरीफ अभियान 2026 के समापन दिवस पर संवाददाताओं से कहा, हम अल-नीनो की घटना पर नजर रख रहे हैं। अभी हम पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं, लेकिन अगर ऐसी कोई स्थिति पैदा होती है और अगर मॉनसून में कोई देरी होती है या बारिश में कोई अंतराल आता है, तो हम उससे निपटने की तैयारी कर रहे हैं। अल नीनो एक मौसम प्रतिरूप है जो पूर्वी प्रशांत महासागर में सतह के पानी के असामान्य रूप से गर्म होने के कारण बनता है। यह वैश्विक मौसम को बाधित करता है और आमतौर पर भारत में कमजोर मॉनसून और सूखे का कारण बनता है। चौहान ने कहा कि उनका मंत्रालय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक सरकारी बयान के अनुसार, उन्होंने राज्यों से भी आग्रह किया कि वे जिला स्तर पर कम बारिश या अन्य चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें। हम तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फसल की सफलता के लिए बीज सबसे महत्वपूर्ण लागत वस्तु हैं। सरकार के पास बीजों की पर्याप्त उपलब्धता है। कुल 173 लाख क्विंटल बीज की मांग के मुकाबले, 192 लाख क्विंटल का भंडार उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से कहा कि वे इन बीजों को उठाएँ और किसानों तक समय पर पहुँचाएँ। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा 1.74 लाख क्विंटल का बफर स्टॉक बनाए रखा जाएगा।

संक्षेप

यूक्रेन पर दागा गया रूसी ड्रोन रोमानिया में आवासीय इमारत से टकराया, दो लोग घायल

कीव। यूक्रेन पर बृहस्पतिवार रात भर किए गए लगातार हमलों के दौरान एक रूसी ड्रोन पूर्वी रोमानिया की एक आवासीय इमारत से टकराया, जिससे दो लोग घायल हो गए। रोमानिया के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रोमानिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश की हवाई सीमा में रडार पर दिखाई दिया यह ड्रोन गलाती शहर की एक इमारत की छत से टकरा गया, जिसके बाद वहां आग लग गई। घटना में दो लोगों को मामूली चोटें आईं और कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। डेन्यूब नदी के किनारे बसा गलाती शहर मोल्दोवा और यूक्रेन की सीमाओं के पूर्व में स्थित है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। इस घटना के बाद रोमानिया की सेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमान और एक हेलीकॉप्टर तैनात किया। प्रभावित इलाकों के निवासियों को चेतावनी संदेश भी भेजे गए। इस घटनाक्रम पर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सदस्य रोमानिया ने संगठन से अपनी सेना को जल्द से जल्द ड्रोन-रोधी क्षमताएं उपलब्ध कराने की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने इस घटना को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया।

प्रधानमंत्री को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की गड़बड़ी पर चुप्पी और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जाना यह दर्शाता है कि उन्हें केवल अपनी सरकार के अस्तित्व की चिंता है, लाखों छात्रों के भविष्य की नहीं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह पहले दिन से ही सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) और सीओईएमपीटी को अनुबंध दिए जाने के मामले में स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं, क्योंकि देश के युवाओं को सच जानने का अधिकार है। गांधी ने मीडिया की खबरों को साझा किया और लोगों से उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ने का आह्वान किया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, सीबीएसई ने ओएसएम निविदाएं तीन बार आमंत्रित कीं। पहली बार एक भी बोली नहीं लगी। दूसरी बार कोई भी बोलीदाता पात्र नहीं पाया गया। और अंततः, तकनीकी मानकों को तब तक कमतर किया गया जब तक कि सीओईएमपीटी उन्हें पार नहीं कर गई। स्कैनिंग रेजोल्यूशन कम कर दिया गया। रोबोटिक स्कैनर की अनिवार्यता हटा दी गई।

देश में 500 रुपये के नोट का बढ़ा चलन, नकली नोटों के बढ़े मामले

मुंबई। देश में 500 रुपये के नोटों का चलन वित्त वर्ष 2025-26 में 11.2 प्रतिशत बढ़ गया और मुद्रा प्रणाली में इनकी सर्वाधिक हिस्सेदारी बरकरार रही। हालांकि इस मूल्य वर्ग में नकली नोटों के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2026 के अंत तक 500 रुपये के नोटों की संख्या बढ़कर 7,05,482 लाख हो गई, जो एक साल पहले 6,34,458 लाख थी। मूल्य के लिहाज से इन नोटों का कुल चलन 35.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 31.72 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद कुल नोटों की संख्या में 500 रुपये के नोटों की हिस्सेदारी 41.2 प्रतिशत रही, जो सबसे अधिक है। वहीं, मूल्य के आधार पर इनकी हिस्सेदारी 86 प्रतिशत से भी ज्यादा रही। हालांकि, इसी अवधि में 500 रुपये के नकली नोटों का पता चलने के मामलों में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। कुल मिलाकर, बैंकिंग प्रणाली में पकड़े गए नकली नोटों की संख्या 2025-26 में 5.7

प्रतिशत बढ़कर 2,29,746 हो गई, जो एक साल पहले 2,17,396 थी। इनमें 500 रुपये के नकली नोट सबसे अधिक रहे, जिनकी संख्या बढ़कर 1,41,907 हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 रुपये के नकली नोटों में भी तेज वृद्धि देखी गई, जबकि 100, 50 और 200 रुपये के नकली नोटों में गिरावट दर्ज की गई। 2000 रुपये के नोटों के चलन से बाहर होने के कारण इस मूल्य वर्ग में नकली नोटों के मामले भी काफी कम हो गए। आरबीआई के अनुसार, 2025-26 के दौरान चलन में मौजूद नोट की मात्रा एवं मूल्य दोनों में क्रमशः 10.5 प्रतिशत एवं 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह अर्थव्यवस्था में नकदी की मजबूत मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2000 रुपये के नोटों को वापस लेने के लिए मई 2023 में शुरू की गई इस वित्त वर्ष में भी जारी रही। मार्च 2026 तक इस मूल्य वर्ग के कुल 98.45 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके थे। सिक्कों के मामले में भी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सिक्कों की कुल संख्या में 4.5 प्रतिशत और मूल्य में 11.4 प्रतिशत की बढ़त रही। एक, दो और पांच रुपये के सिक्के कुल संख्या का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा रहे। आरबीआई ने बताया कि 2025-26 में नोटों की छपाई के लिए मांग एक साल पहले की तुलना में कम रही, जिससे छपाई पर होने वाला खर्च एक साल पहले के 6,379 करोड़ रुपये से घटकर 4,875 करोड़ रुपये रह गया। उच्च मूल्य वर्ग के नोटों की छपाई मांग में कमी आई, जबकि 10 रुपये के नोटों की छपाई में बढ़ोतरी हुई।

नेतन्याहू ने भारत के जबरदस्त प्रेम का उल्लेख किया

जॉर्डन घाटी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत को एक बहुत बड़ी शक्ति बताते हुए कहा है कि दुनिया के अन्य हिस्सों में यहूदी राष्ट्र की वैधता पर सवाल उठाए जाने की कोशिशों के बावजूद भारत में इजराइल के लिए जबरदस्त प्रेम है।

नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को जॉर्डन घाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भारत का उल्लेख इजराइल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के एक अहम उदाहरण के रूप में किया। वह इजराइल के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीतिक साझेदारियां बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा कर रहे थे। नेतन्याहू ने ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति नाजुक बनी हुई है। पश्चिम एशिया में इजराइल कई मोर्चों पर

सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है और अपने पारंपरिक सहयोगियों से परे अन्य साझेदारों के साथ संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। सरकारी प्रेस कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो में नेतन्याहू ने कहा, हम अपने गठबंधनों का विस्तार कर रहे हैं और आप जिस बारे में बात कर रहे हैं, वह इन गठबंधनों को एक बड़े दायरे तक ले जाने की बात है। यह बड़ा दायरा वास्तव में भारत नाम की एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ हमारे विशिष्ट संबंधों से जुड़ा है। उन्होंने इजराइल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का उल्लेख करते हुए कहा, मैं यह कहूंगा कि दुनिया के कई हिस्सों में हमारी वैधता पर सवाल उठाए जाते हैं लेकिन भारत में नहीं। भारत में इजराइल के लिए जबरदस्त प्रेम है, वाकई जबरदस्त। मुझे लगता है कि मेरे सबसे अधिक फॉलोअर भारत से हैं। नेतन्याहू पहले भी कई बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों और भारत-इजराइल संबंधों की मजबूती को रेखांकित कर चुके हैं। पहले की टिप्पणियों में उन्होंने भारत को बेहद शक्तिशाली बताया था और कई क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया था।

भारत-कनाडा ने आर्थिक साझेदारी मजबूत करने के लिए शुरू किया व्यापार एवं निवेश मंच

नयी दिल्ली। भारत और कनाडा ने व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापार एवं निवेश मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के व्यवसायों को एक साथ लाना है। शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने भारत और कनाडा के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी सहमति जताई है। इसमें लोगों के बीच संपर्क, व्यापारिक सुगमता और प्रत्यक्ष वाणिज्यिक संबंध शामिल हैं जिन्हें व्यापार एवं निवेश के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कारक माना गया है। यह बयान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की तीन दिवसीय (25-27 मई) आधिकारिक यात्रा के समापन के बाद जारी किया गया।

इस दौरान उन्होंने व्यापार जगत के कई दिग्गजों के साथ बैठकें कीं और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। बयान के अनुसार, मंत्रियों ने कनाडा-भारत व्यापार एवं निवेश मंच की शुरुआत की, जो कनाडा और भारत के व्यापारिक नेताओं को एक साथ लाने तथा नई वाणिज्यिक साझेदारियों को बढ़ावा देने का एक प्रमुख मंच है। दोनों पक्षों ने एक महत्वाकांक्षी एवं परस्पर लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इस वर्ष के अंत तक वार्ता पूरी करने के साझा लक्ष्य की पुष्टि की। यह समझौता बाजार तक पहुंच बढ़ाने, आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत बनाने और द्विपक्षीय आर्थिक वृद्धि को सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। मंत्री मनींदर सिद्धू ने पुष्टि की कि कनाडा इस वर्ष के अंत में टीम कनाडा ट्रेड मिशन का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा।

इंटरटेनमेंट...

जन नायकन पर बॉबी देओल ने किया बड़ा खुलासा

तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय उर्फ थलापति विजय की फिल्म ह्यजन नायकनह्ल में बॉबी देओल विलेन के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल रिलीज होने वाली थी पर टल गई। अब बॉबी ने इस पर नई अपडेट दी है।

इस साल जनवरी में रिलीज होने जा रही फिल्म जन नायकन कई विवादों के बाद रिलीज नहीं हो पाई। फिल्म के लीड एक्टर थलापति विजय अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। उनके फैंस अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो जाए। इसी बीच फिल्म में विलेन का रोल करने वाले बॉबी देओल ने अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होने जा रही है। बॉबी ने बताया कि फिल्म 'जन नायकन' कब रिलीज होगी? बॉबी ने कहा, ह्यइह फिल्म चुनाव से पहले विजय की आखिरी

फिल्म होने वाली थी, लेकिन समझ नहीं आया कि कैसे इसकी रिलीज में देरी हो गई? फिर यह लीक भी हो गई, जिसका हम सभी को बहुत दुख हुआ। अब तो यह फिल्म कब रिलीज होगी इसकी कोई जानकारी मुझे अब तक मिली नहीं है। हो सकता है कि यह अगले महीने विजय के जन्मदिन पर रिलीज हो जाए। वहीं जब बॉबी से पूछा गया कि सेट पर विजय के साथ उनकी बॉन्डिंग कैसी थी? तो एक्टर ने कहा, ह्यमैं उनको इतनी अच्छी तरह से जानता नहीं। सेट पर बहुत कम बात होती थी। वो बहुत चुप रहते हैं पर मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने वो हासिल किया, जो वो चाह रहे थे। जिस तरह वो चुनाव में जीते हैं, यह अपने आपमें बहुत बड़ी उपलब्धि है। थलापित विजय इस साल 22 जून को अपना 52वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। ऐसी खबरें हैं कि यह फिल्म उनके जन्मदिन से कुछ दिन पहले 19 जून को रिलीज हो सकती है, पर इस बारे में अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। अब बॉबी का यह बयान फिल्म के रिलीज होने की खबर पुख्ता करता है। एच विनोथ द्वारा निर्देशित ह्यजन नायकन२ को अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। यह फिल्म 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन सीबीएफसी से समय पर सर्टिफिकेट न मिलने के कारण इसे टाल दिया गया।

फिल्म की रिलीज के समय सेंसर बोर्ड ने अचानक इसे हरी झंडी देने से इनकार कर दिया। सेंसर पैनल के अधिकांश सदस्य इसे 'वअ' सर्टिफिकेट देने के पक्ष में थे, लेकिन बोर्ड के एक सदस्य ने फिल्म में कथित रूप से धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने और भारतीय सेना के गलत चित्रण को लेकर आपत्ति जताई, जिससे फिल्म की रिलीज रोक दी गई।

बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रहीं साउथ की मूवीज

मुम्बई। साउथ की फिल्में 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही हैं। फिल्हाल बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली यही दोनों फिल्में हैं। दोनों फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं। 'करुप्पु' की रिलीज का आज 15वां दिन है। वहीं 'दृश्यम 3' की रिलीज का आज नौवां दिन है। जानते हैं दोनों फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है? मोहनलाल की अदाकारी वाली फिल्म 'दृश्यम 3' रिलीज से पहले ही सुर्खियों में थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की। 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' की बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों से टक्कर हो रही है। इसके बावजूद दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही हैं।

बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा

मुम्बई। अक्षरा सिंह इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में 'वेलकम 3' से अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह का गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर रातों-रात धूम मचा दी। लेकिन आज न जाने अक्षरा को क्या हो गया कि वह अचानक से इतनी भावुक हो गईं कि रोने लगीं। उनके इस वीडियो को देखकर उनके फैंस को भी उनकी चिंता सता रही है। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा अपनी मां से फोन पर बात करते-करते रो पड़ती हैं। दअसल, अक्षरा की मां ने

उन्हें कहा, 'थैंक्स यूनिवर्स, थैंक्स मेरी बहादुर बच्ची।' अक्षरा अपनी मां की इन बातों को सुनकर इतनी भावुक हो गईं कि वह अपने आंसू रोक ही नहीं पा रही थीं।

चांद मेरा दिल और पति पत्नी और वो दो की टक्कर

मुम्बई। बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कोई भी फिल्म दर्शकों को खास प्रभावित नहीं कर पा रही है। एक ओर जहां अनन्या पांडे की ह्यचांद मेरा दिलह्ल बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर आयुष्मान खुराना की ह्यपति पत्नी और वो दोह्ल भी दर्शकों को कुछ खास प्रभावित नहीं कर पा रही है। अब फिल्म की शुक्रवार की भी कमाई सामने आ गई है। जानते हैं कैसा रहा इन दोनों ही फिल्मों का प्रदर्शन?

अनन्या पांडे और लक्ष्य की रोमांटिक-लव स्टोरी फिल्म चांद मेरा दिल बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ते से ज्यादा का समय पूरा कर चुकी है। लेकिन फिल्म की रफ्तार अभी भी धीमी बनी हुई है। अब शुक्रवार को अपने 8वें दिन चांद मेरा दिल ने 68 लाख रुपए की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन आठ दिनों में 20.13 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। आयुष्मान खुराना की तीन हीरोइनों वाली फिल्म पति पत्नी और वो दो भी बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्ते पूरे कर चुकी है। लेकिन फिल्म उस हिसाब से बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 15वें दिन तीसरे शुक्रवार को पति पत्नी और वो दो सिर्फ 60 लाख रुपए ही जुटा पाई। इस तरह से फिल्म का कुल कलेक्शन अब 42.55 करोड़ रुपए ही हो पाया है। पति पत्नी और वो दो ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरूआत 4 करोड़ रुपए के साथ की थी।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com